सुप्रभात

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

* नगर संस्करण । पेज : 12

रांची, सोमवार 24.07.2023 श्रावण (मलमास), शुक्ल पक्ष, षष्ठी, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 14 khabarmantra.net

SURJABASHA

न्यूज डायरी

खूंटी में किसान की गोली मारकर हत्या

रांची, खूंटी। मारंगहादा के एक किसान की अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। किसान का नाम चमरा मुंडा है। घटना शनिवार देर शाम लगभग आठ बजे की बतायी जा रही है। यह घटना खूंटी जिले के मारंगहादा थाना क्षेत्र के काड़े तुबिद की है। चमरा मुंडा खेत में पानी पटाकर अपने घर लौट रहे थे उसी समय सड़क पर अज्ञात हथियारबंद अपराधियों ने ताबड़तोड़ गोली मार कर उसी हत्या कर दी। उसे छह गोली लगी है। मौके पर से पुलिस ने एक मिस फायर बुलेट और तीन खोखा बरामद किया है। खबर मिलती ही पुलिस पहुंची और चमरा को सदर अस्पताल भेजा गया।

सात्विक-चिराग बने कोरिया ओपन चैंपियन

योओसु। सात्विक और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने रविवार को इंडोनेशिया के शीर्ष वरीयता प्राप्त फजर अल्फियान और रियान आर्दियंतो को हराकर कोरिया ओपन 2023 का खिताब जीत लिया।

बोरबेल में गिरे मासूम को बचा लिया गया

पटना। नालंदा में एक बोरबेल में गिरे 4 साल का मासूम शिवम मांझी को बचा लिया गया। पिछले आठ घंटे से गहरे बोरवेल में फंसा शिवम सुरक्षित निकाल लिया गया। उसे सुरक्षित निकालने के लिए रेस्क्यू टीम लगातार काम कर रही थी। पावापुरी हॉस्पिटल के डॉक्टरों की टीम उसकी जांच कर रही है।

भालू के हमले से महिला की मौत

रांची। राहे प्रखंड के कापीडीह गांव में भालू के हमले से एक महिला की मौत हो गयी। परिजनों ने बताया कि शनिवार की दोपहर बुद्धि देवी (73) बकरी चराने जंगल की ओर गयी थी। देर रात पीडीह जंगल में शव पड़ा मिला।

पिता को डंसा तो सांप को पकड़ कर अस्पताल पहुंचा

मेदिनीनगर। पिता को सर्पदंश से बचाने के लिए एक पुत्र ने कोबरा सांप को को बोरे में बंदकर अस्पताल पहुंच गया। इमरजेंसी में डॉक्टर से बोला कि इसी सांप ने उसके पिता को डंसा है। जिसे देखकर सभी हैरत में पड़ गए एवं डर गये।

ट्विटर की चिड़िया को उड़ाने की तैयारी

वाशिंगटन। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर का लोगो चीड़िया बहुत जल्द उड़ जायेगी और नये लोगो में एक्स शामिल हो सकता है। ट्विटर के मालिक एलन मस्क ने रविवार को ट्वीट करके कहा कि इस सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का लोगो बदल जायेगा। श्री मस्क ने कहा,जल्द ही हम ट्विटर ब्रांड और धीरे-धीरे सभी पक्षियों को अलविदा कह देंगे।

हॉस्टल में घुसा सांप डंसने से तीन की मौत

भुवनेश्वर। ओड़िशा के क्योंझर जिले के एक कोचिंग सेंटर के हॉस्टल में जहरीले सांप के काटने से दो लड़कियों समेत तीन छात्रों की मौत हो गयी। तीनों नाबालिग बताये जा रहे हैं।उ नकी उम्र 10 से 12 साल है। पुलिस ने रविवार को मामले की जानकारी देते हुए कहा कि तीनों छात्र फर्श पर बेसुध अवस्था में पड़े थे। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित किया। मृतकों की पहचान राजा नायक (12), शेहश्री नायक (11) और एलीना नायक (12) के रूप में हुई है।

गहना आभूषण

सोना (बिक्री)	56,300 रु./10 ग्राम
चांदी	75,000 रु./प्रति किलो

मौसम की मार से हाहाकार, कहीं बाढ़ तो कहीं सूखे के हालात

एक ओर बाढ़ से तबाही, दूसरी ओर कम बारिश से किसान परेशान

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश में इस बार मानसून ने अजीब हालात पैदा कर दी है। देश के राज्य भारी बरसात और बाढ़ से तबाह हैं, तो कई राज्य में बारिश की कमी से खेते में लगे घान के बिचढ़े सूखने लगे हैं। राजधानी दिल ली, महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर व पंजाब जैसे राज्य बारिश और बाढ़ से तबाह हैं। वहीं दूसरी ओर झारखंड, बिहार समेत कई राज्य मानसून की बेरुखी से परेशान हैं। इन राज्यों के किसान इस भय से सहमें हुए हैं कि इस बार भी उनकी

फसल सूख कर बर्बाद हो रही है।

भारी बारिश का अलर्ट : दिल्ली, महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तराखंड जैसे राज्य भारी बारिश का सामना कर रहे हैं। कई इलाकों में बाढ़ की स्थिति गंभीर है। हजारों लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया है। साथ ही भारी बरसात और भूस्खलन से जुड़ी घटनाओं में मौतों की भी सूचना है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) के मुताबिक, सोमवार को पालघर, रायगढ़, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जिलों में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। इसे लेकर विभाग की ओर से ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

महाराष्ट्र के यवतमाल जिले में बारिश से संबंधित घटनाओं में 3 लोगों की मौत हुई है। गुजरात के जूनागढ़ जिले में मूसलाधार बारिश के रविवार को थोड़ी राहत मिली। रविवार को देवभूमि द्वारका, राजकोट, भावनगर और वलसाड जिलों में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश हुई। रविवार को भी दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार है।

फिर सूखे जैसे हालात की ओर झारखंड

झारखंड में काफी कम बारिश होने की वजह से राज्य सूखे जैसे हालात की तरफ बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी हालात पर चिंता व्यक्त कर चुके हैं। मॉनसून का मौसम चरम पर होने के बावजूद राज्य में लगभग 85 प्रतिशत कृषि भूमि परती है। धान के बिचड़े सूखने लगे हैं। विशेषज्ञों ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में मॉनसून के शुरुआती महीनों में देरी से आने या फिर कम बारिश होने की वजह से किसान अगस्त के मध्य तक फसल की बुवाई करते हैं, लेकिन इससे अच्छी फसल नहीं होती है। कम बारिश के चलते पलामू, धनबाद, गिरिडीह, पूर्वी सिंहभूम के किसान काफी परेशान हैं। खेतों में पानी नहीं होने से धान की रोपाई नहीं हो रही है। झारखंड के केवल तीन जिले साहिबगंज, गोड्डा और सिमडेगा में अब तक सामान्य बारिश हुई है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि अगर अब भी अच्छी बारिश होती है तो हालात में सुधार होने की उम्मीद है। मोटा-मोटी बिहार, बंगाल और ओड़िशा की भी यही स्थिति है।

मानवता शर्मसार, लावारिस हालत में फिर मिला नवजात

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। कोयलांचल में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आयी है। मानवता के साथ-साथ ममता की भी गला घोंटने का घिनौना कार्य किया गया है। इससे पहले भी वहां कूड़े के ढेर में नवजात का शव बरामद किया जा चुका था। रविवार को उस समय सनसनी फैल गयी जब सुबह कतरास थाना क्षेत्र के कतरास रेलवे ग्राउंड के समीप रेलवे अस्पताल के पास नवजात शिशु (लड़का) लावारिस अवस्था में पड़ा मिला। नवजात शिशु के मिलने के बाद

कोयलांचल में गत दिनों में कूड़े में मिला था नवजात का शव

लोगों भी मौके पर इकट्ठा हो गये। एक महिला, उस नवजात शिशु को अपने पास रख कर उसकी देखभाल कर रही है। इलाके के लोगों में चर्चा ये भी है कि यह किसी कुंवारी मां का नवजात है। प्रसव के बाद लोक लाज एवं सामाजिक ताने-बाने के कारण इस नवजात को यहां लाकर छोड़ा गया है। रविवार सुबह मैदान में स्थानीय बच्चे क्रिकेट खेल रहे थे। अचानक बच्चों की नजर उस नवजात पर पड़ी। बच्चों की भीड़ देख मौके पर बड़े बुजुर्ग भी मौके पर जुट गये। तत्काल वहां के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। कतरास पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है। फिलहाल पास की रहने वाली एक महिला उस नवजात को उठाकर अपने साथ ले गयी है। लावारिस हालत में नवजात बरामद की घटना को लेकर स्थानीय लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

दूसरा टेस्ट : भारत को बड़ी बढ़त

पोर्ट ऑफ स्पेन। भारत-वेस्टइंडीज के बीच चल रहे दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन भारत ने मेजवान टीम को 255 रन पर समेट दिया। भारत ने पहली पारी में 438 रन बनाये थे। तीसरे दिन पांच विकेट गंवाकर 229 रन बनाने में सफल रही थी। चौथे दिन सुबह के सत्र में भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने कातिलाना गेंदबाजी की और पांच विकेट चटकाकर विंडीज को 255 रन पर ही रोक दिया। दूसरी पारी में भारत की ओर से रोहित शर्मा ने विकेट के चारों ओर शाट लगाये और अपना अर्धशतक पूरा किया। वह 57 रन बनाकर ग्रैबियल की गेंद पर आऊट हो गये।

पाक ने जीता इमर्जिंग एशिया कप

कोलंबो। भारत ए और पाकिस्तान ए के बीच कोलंबो स्थित आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेले गए इमर्जिंग एशिया कप 2023 के फाइनल में पाकिस्तान ए ने भारत ए को 128 रन से हराकर खिताब अपने नाम किया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने निर्धारित 50 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 352 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। भारत ए की पारी को 40 ओवरों में मात्र 224 रन पर समेटकर 128 रनों से जीत हासिल की।

सेना में गोरखा सैनिकों की कमी पूरी करेंगे आदिवासी

भारत-नेपाल में तनातनी से अब आदिवासी युवाओं की भर्ती की योजना

नयी दिल्ली (हि.स.)। नयी सैन्य भर्ती प्रक्रिया अग्निपथ स्कीम को लेकर भारत और नेपाल के बीच तनातनी बढ़ने के बाद गोरखा रेजिमेंट को सैनिकों की कमी का सामना करना पड़ रहा है। भारतीय सेना में नेपाली नागरिकों की भर्ती रुकने के कारण इस मुद्दे को हल करने के लिए सेना भारत के भीतर से समान गुणों वाले आदिवासियों की भर्ती करने की योजना बना रही है। इस कदम का उद्देश्य भारतीय सेना में गोरखा राइफल्स की ताकत और विरासत को बनाये रखना है। आदिवासी लड़के भी शारीरिक रूप से फिट और मानसिक रूप से मजबूत होते हैं। उन्हें भी गोरखा जवानों की तरह भारतीय सेना कड़ा प्रशिक्षण दे कर पेशेवर रूप से सक्षम सैनिकों में बदलने की योजना पर मंथन चल रहा है।

भारतीय सेना में 7 गोरखा रेजिमेंट हैं, जहां आमतौर पर 60 फीसदी सीटें नेपालियों के लिए आरक्षित होती हैं। सेना में नेपाली गोरखाओं की वार्षिक भर्ती धीरे-धीरे घटकर लगभग 1,500 हो गयी है, जो पहले प्रतिवर्ष 4,000 थी। भारतीय सेना में 1300 नेपाली युवाओं की भर्ती की जानी थी, इसलिए भारत ने अग्निपथ स्कीम के तहत मित्र देश नेपाल को भी सैनिकों की

भर्ती के आमंत्रित किया था ताकि गोरखाओं की संख्या में इजाफा किया जा सके। पर नयी सैन्य भर्ती प्रक्रिया 'अग्निपथ' स्कीम को लेकर भारत और नेपाल के बीच तनातनी बढ़ गयी। नेपाल ने अग्निपथ योजना के तहत भर्तियां रोक दी, जिसके लिए रैलियां शुरू होनी थीं।

पहाड़ी युद्ध में गोरखा जवान पारंगत : गोरखा रेजिमेंट के जवान भारत में ज्यादातर पहाड़ी इलाकों पर तैनात रहते हैं, क्योंकि इनके बारे में कहा जाता है कि पहाड़ों पर उनसे बेहतर लड़ाई कोई और नहीं लड़ सकता है। भारतीय सेना की सात गोरखा राइफल्स रेजिमेंट में इस समय लगभग 30 हजार नेपाली नागरिक हैं। नेपाल में 1.3 लाख से अधिक पूर्व सैनिक भी हैं, जो भारतीय सेना की ओर से अपनी पेंशन प्राप्त करते हैं।

क्यों बढ़ी भारत की चिंता

भारत की यह चिंता इसलिए भी बढ़ गयी है, क्योंकि नेपाली गोरखा अब रूसी सेना की ओर रुख करने लगे हैं। नागरिकता नियमों में हालिया बदलाव के बाद रूस नेपाली नागरिकों को नागरिकता भी प्रदान कर रहा है। इसी तरह चीन भी अब नेपाल में भर्ती अभियान चलाकर खुद भी गोरखा रेजिमेंट बनाने के सपने देखने लगा है। भारतीय गोरखा जवानों ने चीन से 1962 की जंग में, फिर 1965 और 1971 में पाकिस्तान से युद्ध में दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब दिया है। चीन से 2020 में तनातनी शुरू होने से पहले भारत की गोरखा रेजिमेंट के 1642 सैनिक छुट्टियों पर अपने-अपने घर गये थे, लेकिन पूर्वी लद्दाख में चीन से मोर्चा खुलने के बाद नेपाली सैनिक छुट्टी से वापस लौट आये। यह भी एक वजह है कि चीन को भारत के गोरखा जवान खटकने लगे हैं। इसीलिए चीन ने एनजीओ चाइना स्टडी सेंटर को 12 लाख रुपये में ठेका देकर नेपाल में सर्वे कराया है।

जीवन को स्वस्थ बनाने में योग की बड़ी भूमिका

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। एक आम इंसान के लिए अच्छी सेहत ही सबकुछ है। इसके बिना सबकुछ बेकार हो जाता है। हमें अपने आप को संतुष्ट रखने की जरूरत है और इसमें दवा नहीं योग सबसे महत्वपूर्ण है। जितनी अधिक हम दवा लेंगे उतना दुष्प्रभाव होगा। हम खुश होंगे तो परिवार का हर एक सदस्य खुश रहेगा। उक्त बातें रविवार को आईएमए के सभागार में योग वाणी सेमिनार के दौरान राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कही। उन्होंने कहा कि हमारे देश में बहुत से लोग मधुमेह और उच्च रक्तचाप से पीड़ित है, जो अन्य बीमारियों को भी जन्म देती है। बदलती जीवनशैली के कारण युवाओं में भी विभिन्न व्याधियां देखने को मिल रही हैं। ऐसे में योग की महत्वपूर्ण भूमिका है, यह जीवन में अत्यंत लाभकारी है। हमें भागदौड़ भरी जिंदगी में से कुछ समय खुद के लिए निकालना जरूरी है।

दुनिय को योग भारत की अमूल्य भेंट : उन्होंने कहा कि हमारे देश में योग सदियों से किया जाता रहा है। इसकी जड़ें हमारी भारतीय विरासत में

गहरी हैं और यह अब वैश्विक बन गयी है। दुनिया भर में लाखों लोग इसे अपना रहे हैं। योग पूरे विश्व को भारत का एक अमूल्य उपहार है। सेमिनार के आयोजन में इंडियन योग एसोसिएशन (झारखंड राज्य समिति), इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (रांची शाखा), झारखंड न्यूरोसाइंस सोसाइटी और रॉकफील्ड हेल्थ केयर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

योग सिर्फ शारीरिक आसन या व्यायाम नहीं : राज्यपाल

राज्यपाल ने कहा कि योग केवल शारीरिक आसन या व्यायाम नहीं है। यह एक समग्र जीवनशैली है, जो हमें स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करता है। तनाव को कम करता है और विचारों में स्पष्टता लाता है। इसे भावी पीढ़ियों तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की पहल से संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रुप में मनाने का निर्णय लिया गया तथा इससे पूरे विश्व में योग के प्रति जागरूकता में वृद्धि हुई। समारोह को पीएम मोदी के योग सलाहकार व स्वामी विवेकानंद योग अनुसंधान समस्थाना विवि के वाइस चांसलर पद्मश्री डॉ एचआर नागेंद्र स्वामी ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा, हर दिन 40 मिनट योग करने में समय दें।

डॉ अनुज कुमार ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभायी।

झासा ने सरकार को दी हड़ताल की धमकी

26 को सीएस से मिलने के बाद बनेगी रणनीति

10-11 अगस्त को काला बिल्ला लगाकर करेंगे काम

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ (झासा) के अधिकारियों ने सरकार को हड़ताल पर जाने की धमकी दी है। कहा है कि अपनी मांगों को लेकर 26 जुलाई को राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह से मिलेंगे। इसके बाद अगर बात नहीं बनी तो आंदोलन की घोषणा होगी। इसका आगाज 10-11 अगस्त को काला बिल्ला लगाकर काम करेंगे। रविवार को झासा केंद्रीय इकाई की मोराबादी में हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। इसकी अध्यक्षता संघ की अध्यक्ष रंजीता हेम्ब्रम ने की। बैठक के पूर्व

झारखंड के सभी 24 जिलों की जिला इकाई की सहमति ली गयी थी। यही कारण था कि आज की बैठक में फेसले लेने में झासा की प्रदेश कार्यकारिणी कठिनाई नहीं हुई।

15 सूत्री मांगों पर विचार करे सरकार : कार्यकारिणी की बैठक में एक बार पुनः पूर्व के 15 सूत्री मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसमें मुख्य रूप से झारखंड प्रशासनिक सेवा को प्रीमियर सेवा घोषित करना, विभागीय प्रोन्नति समिति की बैठक नियमित रूप से आयोजित करना, प्रोन्नत पदाधिकारियों को नए पदों पर पदस्थापित करने के बजाए पदों को उत्क्रमित करने की प्रक्रिया पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाया जाना, नवनियुक्त एवं पदस्थापन की प्रतीक्षा में बैठे पदाधिकारियों का अविलंब पदस्थापन करना।

(शेष पेज 11 पर)

विदेशी राफेल में देसी 'अस्त्र', दुश्मनों के छुड़ायेंगे छक्के

एजेंसी

नयी दिल्ली । भारतीय वायु सेना ने फ्रांसीसी फर्म, डसॉल्ट एविएशन से राफेल लड़ाकू विमान में भारत में बने हथियारों को इस्तेमाल करने लायक परिवर्तन करने के लिए कहा है। यह एक ऐसा कदम होगा जो रक्षा क्षेत्र में 'मेक इन इंडिया' के लिए एक बड़ी सफलता हो सकता है। इससे भारत में बने हथियारों के लिए वैश्विक बाजार भी खोल सकता है। भारतीय वायु सेना ने फ्रांसीसी फर्म से कहा है कि राफेल लड़ाकू विमान में इस तरह के बदलाव किये जायें कि उनमें स्वदेशी 'अस्त्र' मिसाइल का

भारतीय वायुसेना की तैयारी

इस्तेमाल किया जा सके। यह स्वदेशी मिसाइल हवा से हवा में मार करती है। इस नयी तकनीक से भारतीय सेना अपने दुश्मनों के छक्के छुड़ा सकती है। राफेल का उपयोग भारत, फ्रांस, मिस्त्र, कतर सहित कई देशों द्वारा किया जाता है। इसके अलावा ग्रीस, क्रोएशिया, संयुक्त अरब अमीरात और इंडोनेशिया सहित कई अन्य देशों ने भी इन विमानों के लिए ऑर्डर दिये हैं। रक्षा अधिकारियों ने बताया कि आइएएफ ने मूल उपकरण निर्माता डसॉल्ट एविएशन से स्मार्ट एंटी एयरफील्ड वेपन (एसएएडब्ल्यू) और अस्त्र एयर-टू-एयर मिसाइल जैसे भारतीय निर्मित हथियारों को राफेल के साथ एकीकृत करने के लिए कहा है। यह परिवर्तन उन विमानों में भी लागू होगा जो 2020 से आईएएफ के साथ सेवा में हैं।

भविष्य की सोच : उन्होंने कहा कि डीआरडीओ में विकसित इन मिसाइलों और बमों के साथ, निकट भविष्य में वायुसेना की निजी क्षेत्र की कंपनियों की बनायी लंबी दूरी के ग्लाइड बमों सहित कई स्वदेशी रूप से डिजाइन किये गये हथियारों को विमान के साथ एकीकृत करने की भी योजना है। उद्योग सूत्रों ने कहा कि भारतीय हथियार प्रणालियों की क्षमता और कीमत को देखते हुए, राफेल में एकीकृत होने के बाद उनके लिए एक बड़ा बाजार खुल सकता है।

(शेष पेज 11 पर)

क्या है अपने 'अस्त्र' की खूबी

अस्त्र हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल है जो 100 किलोमीटर की दूरी तक लक्ष्य पर हमला करने में सक्षम हैं। बहुत ही जल्द अस्त्र मार्क 2 भी तैयार होने वाला है जो 160 किलोमीटर तक वार करने में सक्षम होगा। इसके आगे डीआरडीओ इसकी क्षमता को 300 किलोमीटर की मारक क्षमता तक बढ़ाने की तैयारी कर रहा है।

भाजमो की पहली आम सभा में बोले सरयू राय

ज्वलंत मुद्दों पर विपक्ष का संघर्ष रहा कमजोर

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। विधायक सरयू राय ने कहा है कि विपक्ष जोरदार तरीके से मुद्दों को उठाने में नाकाम रहा है। श्री राय रविवार को भारतीय जनतंत्र मोर्चा (भाजमो) के प्रथम आम सभा में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। यह आयोजन धुर्वा स्थित गाला बैंक्वेट हॉल में किया गया था। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सरयू राय ने कहा कि लोकसभा चुनाव को ले कर देशभर में चर्चा शुरू हो गयी है। हमलोगों की लोकसभा चुनाव में वही भूमिका रहेगी जो देश के विकास को आगे ले जाने में होती है। उन्होंने कहा कि फीडबैक लें कि कौन ऐसा उम्मीदवार है जो हमारा प्रत्याशी बन सकने के योग्य है।

(शेष पेज 11 पर)

योग मित्र बन 'काया' में संतोष प्रदान कर रहीं है संतोषी

कुबेर सिंह

रांची। कहा जाता है कि योग के दूसरे अंग का दूसरा उपांग है संतोष। संतोष से शांति मिलती है। शांति से मन और शरीर निरोगी बनते हैं। काया का निरोगी और मन का मनमौजी होना जरूरी है, तभी संसार या सन्यास को साधा जा सकता है। आज की तनाव भरी जिंदगी में योग मित्र बन काया में संतोष प्रदान करने का काम संतोषी कर रही हैं।

मूल रूप से घाघरा गुमला की रहनेवाली संतोषी रांची में रांची यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ योगा में अस्टिटेंट प्रोफेसर संतोषी साहू लोगों के जीवन से तनाव भगा रही हैं। पूर्व में आयुष विभाग से जुड़ी रहने के बाद संतोषी नेशनल योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन में बतौर जज की भूमिका निभा रही है।

योगा गुरू अवार्ड से सम्मानित संतोषी केदार कंठ ट्रैक की चोटी फतह करते हुए 19, 500 फीट पर तिरंगा फहराने का रिकॉर्ड बनाया। शिखर पर पहुंच कर संतोषी ने सबसे पहले 11 राउंड सूर्य नमस्कार किया। इसके बाद अपनी सफलता का जश्न तिरंगा फहराकर मनाया। इससे पहले भी वह 2011 में हनुमान टिब्बा पर्वत श्रृखंला पर भी ट्रैकिंग करने का रिकॉर्ड है।

वर्तमान में संतोषी साहू रिदमिक योग यानि कि डांसिग योगा के माध्यम से आज के युवाओं की पसंद बनने लगी है। बकौल संतोषी युवा वर्ग डांस यानि नृत्य की मुद्राओं के साथ भाव भंगिमाओं के बीच अलग- अलग असानों के साथ अपनी क्रिएटिविटी दिखा रहा है। संगीत के साथ योग का आनंद युवा उठा रहे हैं। संतोषी के मुताबिक, ट्रेडिशनल योग हमारी संस्कृति है। वैसा ही रिदमिक योग भी हमारी संस्कृति से निकल कर आया है। आज के युवा योग क्रियाओं को रोचक बनाने के लिए रिदमिक योग कर रहे हैं। मराठी योगा कॉस्टयूम का सृजन करनेवाली रिदमिक योग टीचर सुषमा कठिन योग चित्रपतंगासन, मृग मुखासन, विपरीत वाल्यखिल्यासन, प्रजाक्ता आसन अराम से कर लिए जाते हैं।

जवाहर नवोदय विद्यालय से प्रारंभिक स्कूली शिक्षा ग्रहण करने के बाद सुषमा 11वीं एशिया कप योगा कंपीटीटीशन 2018 में गोल्ड मेडलिस्ट रह चुकी है। इन्होंने रामगढ़ में चल रहे वात्सल्य चिल्ड्रेन होम में योग की शिक्षा देकर कई बाल बंदियों को सही रास्ते पर ले आई। ये बाल बंदी मुख्यधारा से भटक कर चाइल्ड होम में गुजारा कर रहे थे। संतोषी का एक ही सपना है लोगों के तन और मन से योग धारण कर उन्हें निरोग बनाना।

लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन का मकसद नौजवानों को जमीनी स्तर पर लीडर के रूप में विकसित करना है : राजेश ठाकुर

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता रविवार को कांग्रेस भवन में लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन अभियान के तहत खूंटी एवं लोहरदगा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र केंद्रित बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन लोकसभा को-ऑर्डिनेटरों, विधानसभा को-ऑर्डिनेटरों, संबंधित जिलाध्यक्षों, एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश चेयरमैन, अग्रणी संगठन (सेवादल, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयुआई) के प्रदेश अध्यक्ष उपस्थित थे।

बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर लीडरशीप डेवलपमेंट मिशन के सभी जिम्मेवार पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इस मिशन का उद्देश्य दोनों लोकसभा क्षेत्रों के अंतर्गत सभी विधानसभा क्षेत्रों में आदिवासी, दलित, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक समुदाय के पार्टी नेताओं एवं कार्यकताओं को सक्रिय बनाते हुए नये पीढ़ी के नौजवानों को जमीनी स्तर पर लीडर के रूप में विकसित करना है, जिससे इन समुदायों के बीच कांग्रेस पार्टी की पहुंच अंतिम व्यक्ति तक हो सके। उन्होंने ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के निदेर्शानुसार खूंटी एवं लोहरदगा क्षेत्र अंतर्गत सभी विधानसभा क्षेत्रों में एलडीम विधानसभा कोर्डिनेशन टीम एवं उन विधानसभा क्षेत्रों के अंतर्गत सभी प्रखंडों में 10 दिनों के अंदर एलडीम ब्लॉक कोर्डिनेशन टीम का गठन सुनिश्ति करना है।

बैठक में प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह कार्यालय प्रभारी अमुल्य नीरज खलखो, लोकसभा एलडीएम कोर्डिनेटर भीम कुमार कुमार, परवीन्द्र सिंह, एलडीएम नेशनल कोर्डिनेटर वशिष्ट लाल पासवान, जिलाध्यक्ष- खूंटी-रवि मिश्रा, लोहरदगा सुखेर भगत, गुमला चैतु उरांव, सेवादल अध्यक्ष नेली नाथन, ओबीसी कांग्रेस चेयरमैन अभिलाष साहू, अल्पसंख्य कांग्रेस चेयरमैन मंजूर अंसारी, एससी कांग्रेस अध्यक्ष केदार पासवान, एनएसयुआई अध्यक्ष आमीर हासमी, रंधीर रंजन, विधानसभा एलडीएम कोर्डिनेटर-ज्योतिष यादव, विभाष चन्द्र रंजन, देवजीत देवघरिया, संतोष गुप्ता, साजन कुमार, प्रदीप केशरी, पवन गौतम, नैसार अहमद शामिल थे।

बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान सह संग्रहालय में 9 को मनेगा झारखंड आदिवासी महोत्सव

मुख्यमंत्री के सचिव ने भगवान बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान का लिया जायजा, दिये कई निर्देश

महोत्सव के दौरान कल्चरल कार्यक्रम के साथ कई सेलिब्रिटीज के होंगे दीदार

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान सह संग्रहालय में 9 अगस्त तो झारखंड आदिवासी महोत्सव का आगाज होगा। विश्व आदिवासी दिवस पर आयोजित किए जाने वाला दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम झारखंड आदिवासी महोत्सव-2023 के अयोजन को लेकर सरकार रेस हो गयी है। रविवार को छुट्टी के दिन सीएम के सचिव विनय कुमार चौबे जेल चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान सह संग्रहालय पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

अधिकारियों को दिये कई निर्देश : झारखंड आदिवासी महोत्सव-2023 की तैयारी को लेकर मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे ने, डीसी राहुल कुमार सिन्हा एवं अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। प्रदर्शनी, फूड कोर्ट, पार्किंग, वीआईपी लाउंज, लाइट एंड साउंड शो, फिल्म फेस्टिवल, सेमिनार आदि के लिए उपयुक्त स्थल के लिए निरीक्षण करते हुए विनय कुमार चौबे ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान आदिवासी कल्याण आयुक्त लोकेश मिश्रा, अपर सचिव अजय नाथ झा, टीआरआई निदेशक रणेन्द्र कुमार, जुडको के डिप्टी डायरेक्टर उत्कर्ष मिश्र समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

बीते साल से हो रहा है बड़ा आायोजन : आपको बता दें कि झारखंड के समृद्ध जनजातीय जीवन दर्शन की खूबसूरती को देश-दुनिया में अलग पहचान दिलाने के लिए पिछले वर्ष विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर पहली बार झारखंड आदिवासी महोत्सव का आयोजन हुआ था। इस वर्ष झारखंड आदिवासी महोत्सव को और भी वृहद स्तर पर भव्य तरीके से मनाया जाएगा।

झारखंड आदिवासी महोत्सव पर होंगे कई कार्यक्रम : झारखंड आदिवासी महोत्सव 2023 के दौरान कई आकर्षक और रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इनमें ट्राईबल रिसर्च इंस्टीट्यूट के द्वारा सेमिनार, पैनल डिस्कशन, ट्राईबल फिल्म फेस्टिवल, ट्राइबल फूड्स फेस्टिवल और पेंटिंग एग्जीबिशन का आयोजन किया जाएगा. इसमें देशभर के ख्याति प्राप्त आदिवासी साहित्यकार, विशेषज्ञ, इतिहासकार आदि शामिल होंगे।

वहीं, कल्चरल प्रोग्राम के तहत गीत, नृत्य, इंस्ट्रुमेंटल परफॉर्मेंस, नेशनल और इंटरनेशनल बैंड के कार्यक्रम होंगे। इन कार्यक्रमों में विभिन्न राज्यों के जनजातीय कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा यूथ आईकॉन भी आमंत्रित किए जाएंगे। महोत्सव में हॉकी, फुटबॉल, एथलेटिक और तीरंदाजी की प्रतियोगिताएं भी होंगी। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नकद पुरस्कार राशि देकर पुरस्कृत किया जाएगा।

कई सेलिब्रिटीज भी होंगे शामिल : महोत्सव में ट्राइबल सेलिब्रिटीज भी आमंत्रित किए जाएंगे। इनमें फेमिना मिस इंडिया रिया तिर्की, क्वीन ऑफ इंटरनेशनल टूरिज्म एंजल मेरिना तिर्की, अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर मेरीकॉम, पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी एवं हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की और अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज कोमालिका बारी को आमंत्रित किया जाएगा।

सीयूजे में पीजी में नामांकन के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 31 जुलाई से होगा शुरू

सीयूईटी पीजी के स्कोर से देश के 197 यूनिवर्सिटी के पीजी कोर्स में ले सकेंगे दाखिला

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड में पीजी विषयों में नामांकन के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 31 जुलाई से शुरू होगा। इसके तहत 27 पीजी कोर्स के 726 सीटों पर नामांकन लिया जाएगा। इसमें सीयूईटी के स्कोर के आधार पर संस्थान द्वारा मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी। इसके बाद काउंसिलिंग की प्रक्रिया शुरू होगी। बताते चलें सीयूईटी पीजी के स्कोर के तहत देशभर के 197 यूनिवर्सिटी के पीजी कोर्स में नामांकन ले सकेंगे। इसमें 39 सेंट्रल यूनिवर्सिटी, 45 स्टेट गवर्नमेंट यूनिवर्सिटी, 10 गवर्नमेंट इंस्टीट्यूट और 103 अन्य प्राइवेट व डीम्ड यूनिवर्सिटी शामिल है। सीयूईटी पीजी की परीक्षा इस साल दो फेज में आयोजित की गई थी। पहला फेज 5 जून से 17 जून तक और दूसरा फेज 22 जून से जुलाई के बीच आयोजित हुई थी, जिसमें झारखंड से 36,251 छात्रों ने विभिन्न विषयों के लिए परीक्षा में शामिल हुए थे।

आरयू और डीएसपीएमयू में अभी करना होगा इंतजार

रांची यूनिवर्सिटी, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी सहित अन्य स्टेट यूनिवर्सिटी के पीजी कोर्सों में नामांकन के लिए छात्रों को अभी इंतजार करना होगा। क्योंकि अभी तक किसी यूनिवर्सिटी में फाइनल सेमेस्टर का रिजल्ट जारी नहीं हो पाया है। वहीं, कई यूनिवर्सिटी में अभी तक यूजी फाइनल सेमेस्टर की परीक्षा भी आयोजित नहीं हो पाई है। ऐसे में नामांकन प्रक्रिया में देरी तो होगी ही, साथ ही नए सत्र के शुरू होने में भी देरी होगी। संत जेवियर्स कॉलेज रांची के 12 पीजी कोर्स में नामांकन के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है। इसमें आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित है, जिसमें ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इसमें सभी विषयों को मिलाकर लगभग 600 सीटें हैं।

मिशन 2024 : झामुमो-कांग्रेस 6-6 एवं लेफ्ट-राजद 1-1 सीट पर लड़ सकते हैं

सत्येन्द्र

रांची। मिशन 2024 की तैयारी को लेकर झारखंड का सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल दल अपनी-अपनी तैयारी में जुट गये है। राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया नाम से बनी गठबंधन में सीट शेयरिंग को लेकर कोई फर्मूला तो तय नहीं हुआ है। इसके बावजूद झारखंड के महागठबंधन सरकार में शामिल झामूमो, कांग्रेस, राजद और वामपंक्षी दलों ने वर्ष 2024 में प्रस्तावित लोकसभा चुनाव को लेकर सीट शेयरिंग का फर्मूला तय कर लिया है। इसके तहत झारखंड मुक्ति मोर्चा ने झारखंड में सीट शेयरिंग का अपना फॉमूर्ला स्पष्ट कर दिया है। सूत्रों की माने तो पिछले दिनों पटना और बेगलुरू में आयोजित विपक्षी दलों की बैठक में झामुमो ने झारखंड में झामुमो-कांग्रेस को कुल 12 सीटें और राजद एवं लेफ्ट को 1-1 सीट देने का प्रस्ताव को विचार के लिए आगे कर दिया है। इस प्रस्ताव पर विपक्षी दलों की मुंबई में प्रस्तावित अगामी बैठक में अंतिम मुहर लगने की उम्मीद जताई जा रही है। यह भी कहा गया है कि सीट शेयरिंग पर लोकसभा चुनाव से लगभग छह माह पूर्व ही फैसला कर लिया जाना चाहिए ताकि राजनीतिक दल अपने-अपने प्रत्याशी मैदान में उतार सकें। इससे चुनाव लड़ने में थोड़ी आसानी होगी। झामुमो के इस प्रस्ताव पर करीब-करीब सभी दलों ने सहमति जताई है। इसलिए संभावना है कि अगामी बैठक में इस पर सहमति बन जाए।

जहां जो मजबूत, वहां वही लड़ेगा : इधर झामुमो सूत्रों का कहना है कि पटना और बेंगलुरू की बैठक में झामुमो की ओर से झारखंड में सीट शेयरिंग का फमूर्ला रख दिया गया है। इसके तहत 12 सीटें झामुमो और कांग्रेस अपने पास रखेंगे। बाद में झामुमो और कांग्रेस अपनी-अपनी मौजूदा स्थिति के मुताबिक अपनी-अपनी सीटें बांट लेंगे। जो जहां मजबूत होगा, वहां उसी दल का उम्मीदवार उतारा जायेगा। झामुमो ने झारखंड में सात सीटों पर दावेदारी की तैयारी शुरू कर दी है। सूत्रों का कहना है कि अगर सीट शेयिरंग में झामुमो की चली तो कांग्रेस को झारखंड की खूंटी, लोहरदगा और चाईबासा सीट छोड़नी पड़ सकती हैं। क्योंकि झामुमो इस बार सात सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी में है। झामुमो ने गत लोकसभा चुनाव में दुमका, राजमहल, गिरिडीह और जमशेदपुर सीट पर प्रत्याशी उतारे थे। इनमें केवल राजमहल में ही पार्टी को जीत मिली थी। चाईबासा पर झामुमो अपना स्वाभाविक दावा जताता है। चाईबासा संसदीय क्षेत्र में छह विधानसभा सीटों पर झामुमो का कब्जा है। इसी तरह लोहदरगा संसदीय सीट की तीन विधानसभा सीटों पर झामुमो का कब्जा है। खूंटी पर भी आदिवासी बहुल सीट होने के कारण झामुमो अपना दावा पेश करेगा।

झामुमो नेता सुप्रियो भप्ताचार्य ने कहा है कि न केवल झारखंड बल्कि पूरे देश में इस बात पर सहमति बन रही है कि जो जहां मजबूत है वहां अधिक सीट उस दल को मिले। झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा बड़ा दल है, हमारे अधिक विधायक हैं। इसलिए इस हिसाब से झामुमो का अधिक सीटों पर दावा बनता है। मुझे लगता है कि सीट शेयरिंग कोई इश्यू नहीं रहेगा। इस पर सहमति बन जायेगी।

वहीं कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सह महासचिव राकेश सिन्हा का कहना है कि सीट शेयरिंग का आधार तो पिछला चुनाव ही होगा। बदली हुई परिस्थिति में इसका फॉमूर्ला क्या होगा। यह केंद्रीय नेता ही तय करेंगे। हमारे केंद्रीय नेता जो तय करेंगे, वह प्रदेश कांग्रेस के लिए मान्य होगा। मगर इतना तय है कि हम सब मजबूती से लड़ेंगे और 2024 में देश की सत्ता से भाजपा को बेदखल करेंगे।

लाखों बच्चे और हजारों शिक्षक और कर्मी हो जायेंगे बेरोजगार

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने कहा है कि जिस प्रकार शिक्षा सचिव यूडआइस एवं मान्यता को लेकर निजी विद्यालयों को एक प्रकार से बन्द करने की धमकी दे रहे हैं, वह काफी चिंताजनक है। शिक्षा सचिव के फरमान के बाद राज्य में संचालित 40 हजार से अधिक छोटे छोटे निजी विद्यालय बन्द हो जाऐंगे। लाखों बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा। हजारों शिक्षक, कर्मचारी के रोजगार समाप्त हो जाऐंगे। पिछली भाजपा रघुवर दास सरकार ने शिक्षा के अधिकार कानून में संशोधन कर विधालयों को बन्द करने की साज़िश रची थी। 5 हजार से अधिक सरकारी स्कूलों को बन्द करके बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का षड्यंत्र रचा गया था। वर्तमान सरकार के अधिकारी रघुवर दास सरकार से दो कदम आगे बढ़कर पूरी शिक्षा व्यवस्था को ध्वस्त करने पर आमादा हैं, जो काफी खतरनाक हो सकता है। शिक्षा सचिव एवं विभागीय अधिकारी किनके इशारे पर शिक्षा विरोधी फैसले ले रही है सरकार को स्पष्ट करना चाहिए।

चतरा में आज होगा सरकार के फैसले पर चर्चा

पासवा सोमवार को चतरा में महासम्मेलन आयोजित कर सरकार के इस फैसले को लेकर चर्चा करेगी। पासवा के इस महासम्मेलन में राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद शामिल होंगे और निजी विद्यालयों के प्रिंसिपल एवं डायरेक्टर भी मौजूद रहेंगे। बैठक में सरकार के इस फैसले को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा सकते हैं। पूरे राज्य में आग लग चुकी है। पासवा ने यूडआयस एवं मान्यता को लेकर शिक्षा सचिव, मुख्यमंत्री तक को निजी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों, अभिभावकों की चिंता से अवगत कराया जा चुका है। इसके बावजूद लगातार परेशानी कम होने के बजाय समस्यायें उलझती जा रही हैं जो अच्छे संकेत नहीं है।

भाजपा ने सड़क से सदन तक संघर्ष करने का किया है ऐलान

स्थानीय व नियोजन नीति को लेकर मॉनसून सत्र में फिर होगा झकझूमर

उदय चौहान

रांची। झारखंड में स्थानीय व नियोजन नीति को लेकर 23 वर्षों में भी स्पष्ट नीति नहीं बन पायी है। यही कारण है कि स्थानीय व नियोजन नीति को लेकर उहापोह की स्थिति बनी हुई है। हालांकि, राज्य सरकार ने 26 हजार शिक्षकों की नियुक्ति की घोषणा कर दी है। इसी के बाद भाजपा ने राज्य सरकार से स्थानीय व नियोजन नीति को स्पष्ट करने की मांग की है। आसन्न मॉनसून सत्र में इस मुद्दे को लेकर राजनीतिक झकझूमर संभव है। उल्लेखनीय है कि बीते साल मॉनसून सत्र में भी नियोजन नीति को लेकर सदन के अंदर सत्ता पक्ष और विपक्ष का जमकर हंगामा हुआ था। भाजपा ने कहा था कि राज्य सरकार ने कोर्ट में अपनी बातों को मजबूती से नहीं रखा, जिसके कारण खतियान आधारित स्थानीय नीति को हाइकोर्ट ने रद्द कर दिया। स्थानीय नीति को लेकर दोनों पक्ष सत्ता सदन के भीतर गरम होते रहे हैं।

28 जुलाई से शुरू होने वाले मॉनसून सत्र को लेकर दोनों पक्षों ने रणनीति बनानी शुरू कर दी है। एक ओर सत्ता पक्ष ने विपक्ष के हर सवाल का जवाब देने की बात कही है। वहीं, विपक्ष ने स्थानीय, नियोजन नीति व अन्य ज्वलंत मुद्दों को लेकर सदन में सरकार को घेरने की रणनीति बनायी है। ऐसे में दोनों पक्षों से राजनीतिक झकझूमर की उम्मीद की जानी चाहिये। हालांकि, स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने मीडिया से कहा है कि सदन चलाने में दोनों पक्षों से सहयोग अपेक्षित है। मॉनसून सत्र में कम कार्य दिवस होने के बावजूद उसका सदुपयोग किया जायेगा। बावजूद इसके दोनों पक्षों के मूड से सदन गरम होने की आशंका है। विपक्ष के हंगामें के कारण सदन ठप भी हो सकता है।

उल्लेखनीय है कि सीएम हेमंत सोरेन ने बीते दिनों नियुक्ति प्रक्रिया तेज करने की बात कही थी। इसी के बाद 26 हजार शिक्षकों की नियुक्ति करने का विज्ञापन निकाला गया है। लेकिन, यह नियुक्ति किस नियोजन नीति के तहत किया जायेगा, इसे लेकर विपक्ष को संशय है। प्रमुख विपक्षी दल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया है कि सीएम सिर्फ वाहवाही लेने के लिये शिक्षक नियुक्ति का विज्ञापन निकाला है। फिलहाल, राज्य में कोई भी नियोजन नीति स्पष्ट नहीं है। ऐसे में सत्ताधारी दलों को अविलंब स्थानीय व नियोजन नीति स्पष्ट करनी चाहिये। उधर, सीएम ने कहा कि पिछली सरकार ने पांच साल में नियुक्ति का मामला उलझा दिया है। वह चाहे शिक्षक नियुक्ति का हो या फिर सहायक पुलिसकर्मियों का मामला हो। पूर्व की सरकार को बाहर के लोगों को लाना था। सामान्य लोगों को पूरी तरह से उलझाकर रख दिया। जो हो ! स्थानीय व नियोजन नीति का मामला एक बार फिर गरमा गया है।

खबर एक नजर में

इंटर्नशिप कर रही नर्सों की छात्रवृत्ति के लिए 43.72 लाख रुपये का आवंटन

रांची। वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य योजना अंतर्गत इंटर्नशिप कर रही नर्सों के छात्रवृत्ति मद में 43 लाख 72 हजार रुपये का आवंटन किया गया है। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह राशि के नियंत्री पदाधिकारी होंगे, जबकि राशि के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी सदर अस्पताल रांची को छोड़कर संबंधित संस्थान के अधीक्षक और सदर अस्पताल रांची के लिए सिविल सर्जन रांची होंगे।

सभी आरक्षित सीटों पर कमल खिलाने का लें संकल्प : बाबूलाल मरांडी

रांची। भाजपा एसटी मोर्चा की बैठक में बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि सभी आरक्षित सीटों पर कमल खिलाने के लिये कार्यकर्ता संकल्प लें। यह बैठक रविवार को पार्टी मुख्यालय में किया गया था। इसकी अध्यक्षता शिव शंकर उरांव ने किया। उन्होंने कहा कि जनजाति मोर्चा सभी आरक्षित सीट पर कमल खिलाने का संकल्प ले। उन्होंने कार्यकर्ता को टास्क देते हुये कहा कि मोर्चा अपने संगठन को मजबूत करे। झारखंड के सभी जनजाति आरक्षित सीट पर कमल खिलाना आवश्यक है। उन्होने कहा कि पूरे झारखंड में जनजाति समाज 8 लोकसभा एवं 40 विधानसभा क्षेत्र में निवास करते है। मोर्चा कार्यकर्ता इन सभी क्षेत्रों में तेजी से काम करें। देश एवं राज्य में भाजपा सरकार बनाने संकल्प दोहराना होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आदिवासियों पर हो रहे शोषण, अत्याचार, बलात्कार जैसे मुद्दों को दरकिनार कर रही है। उन्होंने कहा कि मुद्दों को भटकाने के लिये भाजपा शाषित प्रदेशों को बदनाम करने का प्रयास कर रही है। इस बार चुनाव में गठबंधन सरकार को उखाड़ फेंकना है। मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद समीर उरांव ने आगामी कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अगस्त से दिसंबर महीने पूरे झारखंड में सघन कार्यक्रम चलाया जायेगा।

एफएसएल रिपोर्ट नहीं मिलने से 522 पीड़ितों को नहीं मिल रहा न्याय

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राज्य के विभिन्न जिलों के पीड़ितों को एफएसएल रिपोर्ट नहीं मिलने से न्याय से वंचित रह जा रहे हैं। एक रिकॉर्ड के मुताबिक, अबतक 522 आपराधिक मामले में पीड़ित सरकार और पुलिस प्रशासन से न्याय की आस में मुर्दाघरों, कब्रों में पड़े हुए हैं। झारखंड पुलिस मुख्यालय की रिपोर्ट के मुताबिक, कोर्ट से वारंट नहीं मिलने की वजह से 504 और एफएसएल रिपोर्ट की वजह से 18 आपराधिक मामलों का निष्पादन नहीं हो पाया है। वारंट नहीं के मिलने के कारण धनबाद में सबसे अधिक 79 और चतरा में सबसे कम एक मामले लंबित पड़े हैं। वहीं एफएसएल रिपोर्ट की वजह से धनबाद में ही सबसे अधिक पांच मामले में लंबित पड़े हैं।

वारंट नहीं मिलने से इन जिलों में निम्न आपराधिक मामले लंबित

जिला	कितने मामले लंबित
धनबाद	79
हजारीबाग	75
गिरिडीह	61
साहेबगंज	37
जमशेदपुर	36
दुमका	29
रामगढ़	26
चाईबासा	18
रांची	17
गढ़वा	17
जामताड़ा	16
लातेहार	15
गोड्डा	15
लोहरदगा	13
सरायकेला	13
गुमला	09

एफएसएल रिपोर्ट के कारण इन जिलों में इतने आपराधिक मामले लंबित

जिला	कितने मामले लंबित	जिला	कितने मामले लंबित
धनबाद	05	गुमला	01
रांची	02	लोहरदगा	01
जमशेदपुर	02	गढ़वा	01
लातेहार	02	हजारीबाग	01
चतरा	02		
खूंटी	01	कुल	18

जिला	कितने मामले लंबित	जिला	कितने मामले लंबित
बोकारो	07	खूंटी	02
देवघर	05	चतरा	01
पाकुड	05	रेल जमशेदपुर	01
कोडरमा	04		
पलामू	03	कुल	504

स्पीड न्यूज

पहली बार शिव महापुराण कथा का आयोजन

जमशेदपुर। श्री सत्यनारायण मारवाड़ी ठाकुरबाड़ी ट्रस्ट एवं पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मेलन के संयुक्त तत्वाधान में श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा का आयोजन दिनांक 31 जुलाई से 6 अगस्त 2023 तक महालक्ष्मी मंदिर साकची में किया जा रहा है। कथा वाचन श्रीधाम वृंदावन के आचार्य श्री राजेंद्र जी महाराज के मुखारविंद से होगी। आयोजन समिति की एक बैठक संपन्न हुई जिसमें कथा के सफलतापूर्वक आयोजन के लिये जिम्मेदारियों का वितरण किया गया। प्रतिदिन पूजा की व्यवस्था उषा चौधरी, संगीता मित्तल अनु, अंजू चेतानी, मनीष खन्ना एवं प्रतिदिन पूजन सामग्री व्यवस्था बजरंग अग्रवाल (रेखा बुटीक), अंकित मोदी, निर्मल पटवारी, प्रमोद जालूका करेंगे। माईक लाइट टेंट डेकोरेशन गौरव अग्रवाल (बाबू), विष्णु धानुका एवं सजावट साज सज्जा- अमित अग्रवाल मोनू, राहुल चौधरी देखेंगे। महाराज जी एवं उनके सहायकों की आवास व्यवस्था एवं सेवा की जिम्मेदारी- संजय अग्रवाल (चंद्रबली), विमल रिंगसिया ने स्वीकार की है। प्रतिदिन सूखा प्रसाद लाने एवं वितरित करने की जिम्मेदारी मुरारी लाल अग्रवाल, बजरंग अग्रवाल, राजकुमार मावंड़िया की होगी। प्रतिदिन आरती का थाल सजाने एवं पुष्पांजली की व्यवस्था बिंदिया नरेडी, खुशबू काउंटिया, सुधा पटवारी करेंगी। यजमानों व अतिथियों के लिये दुपट्टा मंगवाने एवं ओढ़ाने की जिम्मेदारी अशोक गुप्ता एवं अमित संघी की होगी। आज की बैठक की अध्यक्षता श्री सत्यनारायण मारवाड़ी ठाकुरबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष कमल अग्रवाल ने की, संचालन संदीप मुरारका एवं धन्यवाद ज्ञापन अभिषेक अग्रवाल गोल्डी ने किया। बैठक में अशोक चौधरी, संतोष अग्रवाल, ओम प्रकाश रिंगसिया, सांवरमल, अशोक गुप्ता, ममता अग्रवाल सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

विश्वकर्मा सांस्कृतिक भवन में पेंशन जागरुकता कार्यक्रम संपन्न

जमशेदपुर। रविवार को जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज के सांस्कृतिक भवन बाराद्वारी में सरकार द्वारा संचालित वृद्धा पेंशन विधवा पेंशन विकलांग भत्ता के लिए जागरूकता अभियान सह आवेदन सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की शुरूआत भगवान विश्वकर्मा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध समाजसेवी आनंद बिहारी दुबे जी थे। यह शिविर अपने तय समय सुबह 11:00 बजे शुरू होकर 2:00 बजे तक चला जिसमें 55 लोगों का आवेदन जमा लिया गया। इस शिविर के मुख्य कार्यकर्ता के रूप में मनीफीट क्षेत्र के अशोक कुमार शर्मा, रानी राव तथा श्रीमान हरिहर प्रसाद जी ने अपना सहयोग दिया साथ ही जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज के केंद्रीय कार्यकारिणी, महिला कार्यकारिणी, युवा कार्यकारिणी के लोगों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम के अंत में समाज के अध्यक्ष रामविलास शर्मा जी द्वारा सभी कार्यकर्ताओं को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया।

कांग्रेस ने टेल्को कालोनी में मणिपुर की घटना के खिलाफ निकाला कैंडल मार्च

जमशेदपुर। टेल्को प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में टेल्को डी. रोड इंजन पार्क से आजाद मार्केट होते हुए न्यु मार्केट हनुमान मंदिर तक कैंडल मार्च सह विरोध मार्च कार्यक्रम का आयोजन प्रखण्ड अध्यक्ष राजेश कुमार के अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे एवं विशिष्ट अतिथिगण में चन्द्रभान सिंह, रियाजुद्दीन खान एवं वरीय नेताओं ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया।

मानगो की पलाक्षी सिन्हा ने जयपुर में जीता मिस टिन इंडिया नार्थ-2023 का ताज

रैम्प पर आत्मविश्वास प्रदर्शित करती पलाक्षी

सत्येन्द्र कुमार

जमशेदपुर। जमशेदपुर मांगो निवासी छात्रा पलाशी सिन्हा ने सौंदर्य प्रतियोगिता 2023 में विजेता बनकर झारखंड और बिहार का नाम रोशन किया है पलाशी सिन्हा को मिस टिन इंडिया नार्थ-2023 और मिस टिन इंडिया नार्थ टैलेंटेड-2023 का क्राउन जीतने में सफल हुई है। गत 16 जुलाई को जयपुर के फाइव स्टार होटल क्लार्क में देशभर से चुने गए 48 प्रतिभागी किशोरियों में से 7 प्रतिभागियों को क्रॉउन विनर घोषित किया गया जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। पलाक्षी सिन्हा अपने आकर्षक व्यक्तित्व से होटल की खचाखच भरे हॉल में अपने आत्मविश्वास और निर्णय लेने की क्षमता से दर्शकों का मन मोह लिया। पलाक्षी सिन्हा मानगो वाटिका ग्रीन सिटी निवासी है। उनके पिता संजय कुमार सिन्हा मैकेनिकल इंजीनियर है जबकि माता प्रीति सिन्हा हाउसवाइफ है। पलाक्षी ने बताया कि वह आगे चलकर फैशन जर्नलिस्ट्स बनना चाहती है और आगे की पढ़ाई नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी से करना चाहती है। प्रतियोगिता में भाग लेने के बारे में पूछे जाने पर पलाक्षी सिन्हा ने बताया कि वह इंस्टाग्राम पर सर्च कर रही थी तो इस प्रतियोगिता के बारे में जानकारी मिली और मजाक - मजाक में अप्लाई भी कर दिया किंतु मैंने अपने आत्मविश्वास से प्रतियोगिता में जीत हासिल की है। डीएवी बिष्टुपुर की प्लस टू की छात्रा को उसकी मां प्रीति सिन्हा से काफी प्रेरणा मिलती है और वह पढ़ाई में मेधावी तो है ही शहर की प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना भी है। पलाक्षी सिन्हा खेल, पढ़ाई और नृत्य में कई पुरस्कार जीत चुकी है। इससे पूर्व उनका एली क्लब इंडिया द्वारा 2021 में आयोजित संदर्भ प्रतियोगिता में टॉप 7 में चयन हुआ था। पलाक्षी सिन्हा की उपलब्धि पर पलाक्षी के छोटे नानाजी एवं झारखंड में बैंक कर्मचारियों के वरिष्ठ नेता आरबी सहाय, वरिष्ठ पत्रकार नलिन कुमार, नंदिनी जॉली,ओम प्रकाश अश्क, मधुकर आनंद, कारपोरेट जगत के वरिष्ठ पदाधिकारी राजेश रंजन,बरौली थर्मल के पूर्व जीएम अविनाश कुमार, डीएवी बिष्टुपुर की प्राचार्या प्रज्ञा सिंह ने काफी खुशी जताई है और उम्मीद जताई है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए देश का नाम रोशन करेगी ।

बता दे इवेंट मैनेजमेंट कंपनी स्टार एंटरटेनमेंट द्वारा प्रतिवर्ष उक्त प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है जिसमें छोटे छोटे शहरों के लड़कियों को प्लेटफार्म प्रदान किया जाता है ताकि उनका हुनर निखर कर सामने आए।

भूमिहार महिला समाज ने कदमा में आयोजित किया सावन महोत्सव

जमशेदपुर। भूमिहार महिला समाज, झारखण्ड की ओर से रविवार को ब्रह्मर्षि भवन, कदमा में हरीतिमा सावन-महोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डॉक्टर अनीता शर्मा, शोभा सिंह, पुष्पा पाण्डे, भूमिहार महिला समाज, झारखण्ड कार्यकारिणी की सदस्याएं और भूमिहार समाज की महिलाएं उपस्थित रहीं। इस सावन महोत्सव कार्यक्रम की शुरूआत दीप-प्रज्वलन और स्वामी सहजानन्द सरस्वती जी प्रतिमा पर माल्यार्पण से की गयी। समाज की महिलाओं ने रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमे नृत्य, संगीत, खेल-कूद सहित कई मनोरंजक गतिविधियों में समाज की सभी महिलाओं ने शिरकत किया और विजेता प्रतिभागियों को पुरष्कृत भी किया गया। कार्यक्रम का समापन स्वरूचि भोजन, मीडिया सदस्यों का सम्मान और धन्यवाद ज्ञापन के द्वारा किया गया।

डीसी विजया जाधव ने औचक निरीक्षण कर दिये आवश्यक निर्देश, चिकित्सा सेवाओं में सुधार पर व्यक्त की संतुष्टि

संडे को भी पूरी क्षमता से काम करेगा एमजीएम अस्पताल

अधीक्षक से कहा,संडे को भी तैनात रखें आउटसोर्स कर्मी

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। कोल्हान प्रमंडल के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल एमजीएम में स्वास्थ्य सुविधाओं एवं आधारभूत संरचना निर्माण के कार्यों का जायजा लेने के उद्देश्य से उपायुक्त विजया जाधव द्वारा रविवार को औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उप विकास आयुक्त मनीष कुमार एवं अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम पीयूष सिन्हा भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि आउटसोर्स कर्मी ड्यूटी में नहीं हैं, मौके पर ही अस्पताल अधीक्षक को रविवार के दिन भी आउटसोर्स कर्मियों को ड्यूटी पर बुलाने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा आवश्यक सेवा है साथ ही एमजीएम में कोल्हान प्रमंडल के तीनों जिलों के मरीजों का लोड रहता है ऐसे में अस्पताल फुल स्ट्रेंथ में ही रविवार को भी संचालित हो ताकि मरीजों का सही तरीके से इलाज हो सके। स्टोर कीपर भी रविवार के कारण ड्यूटी में नहीं थी, उपायुक्त द्वारा किसी अन्य को भी रविवार का चार्ज देते हुए स्टोर खुला रखने का निर्देश दिया गया। आयुष्मान कार्ड का पंजीकरण करने वाले कर्मी को भी अनिवार्य रूप से रविवार के दिन भी आयुष्मान कार्ड का पंजीकरण करने का निर्देश दिया गया।

इमरजेंसी में भर्ती मरीजों एवं तीमारदारों से की बातचीत

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने इमरजेंसी में पहुंचकर मरीजों से उनका कुशलक्षेम जाना तथा अस्पताल प्रबंधन द्वारा दी जा रही सुविधाओं से वे संतुष्ट हैं या नही इसको लेकर मरीज एवं उनके तीमारदारों से बातचीत की। भोजन की गुणवत्ता, साफ सफाई, नियमित अंतराल पर बेडसीट बदलना हो या डॉक्टर के विजिट के सम्बन्ध में पूछताछ की। अस्पताल परिसर में कई स्थानों पर गंदगी भी दिखी, जिस पर उन्होंने साफ-सफाई पर भी ध्यान देने का निर्देश दिया।

कंडम सामानों को हटाने का दिया निर्देश : उपायुक्त द्वारा एमजीएम अस्पताल परिसर में किये जा रहे आधारभूत संरचना निर्माण कार्य का भी जायजा लिया गया, कार्यकारी एजेंसी के प्रतिनिधि ने कुछ समस्याओं से अवगत कराया जिसपर उचित कार्रवाई को लेकर उन्होंने आश्वस्त किया। परिसर में कई भवन जर्जर घोषित किए गए हैं जिसे जल्द गिराने का भी निर्देश दिया गया। साथ ही अस्पताल में कबाड़ हो चुके फर्नीचर के सामान, स्ट्रेचर, उपकरण आदि को लेकर कमिटी गठित करते हुए नीलामी कराने का निर्देश दिया गया।

एमजीएम अस्पताल का राज्य का मॉडल अस्पताल बनाने का सपना

निरीक्षण के पश्चात प्रेस से बातचीत में उपायुक्त ने कहा कि एमजीएम अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार को लेकर जिला प्रशासन द्वारा गठित टीम प्रत्येक दिन दो बार अस्पताल का निरीक्षण कर उपायुक्त कार्यालय को रिपोर्ट करती है, फिलहाल रिपोर्टिंग के जो मानक हैं उसमें बहुत सुधार दिख रहे हैं, उन्होंने इसे माइक्रोलेवल पर कुछ और मानक को जोड़ते हुए निरीक्षण कार्य को आगे भी किये जाने की बात कही। साथ ही व्यवस्थाओं में सुधार को लेकर कहा कि यह एक सतत प्रक्रिया है जिसमें समय समय पर उचित कदम अभी उठाये जा रहे हैं आगे भी एमजीएम में दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर करने का प्रयास जिला प्रशासन द्वारा किया जाएगा।

एसबीआई एससी/एसटी की आंचलिक समिति ने देर रात तक काम कराने का किया विरोध

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। रविवार प्रात: 11बजे भारतीय स्टेट बैंक अनुसूचित जाति/जनजाति की आंचलिक समिति रांची की सभा भारतीय स्टेट बैंक जमशेदपुर शाखा की कैंटीन में की गई । इस सभा में भारतीय स्टेट बैंक अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण संघ के पटना मंडल के महासचिव एवं अध्यक्ष नेशनल फेडरेशन देवेन्द्र कुमार, समीर सुरीन अध्यक्ष सेवा पटना मंडल मनोज कुमार, उपाध्यक्ष सेवा पटना मंडल सत्यदेव रंजन, एस प्रेम कुमार चौधरी डी जी एस हेड क्वार्टर विभा सहगल, राजन कुजुर, अनुपम तिरु, राजनंदन प्रसाद, रविशंकर प्रसाद, जैस्मीन तिग्गा, मंजु कुमारी, नीलम बारला, प्रहलाद लागुरी, विनोद रजक, रांची से विनय लकड़ा, राजीव रंजन, कमलेश राम, दुखहरण, सिमोन, प्रदीप टोप्पो,ने अपनी बातें रखीं। वक्ताओं ने कहा कि प्रबंधन के द्वारा भेदभाव, देर रात तक काम करने का दबाव, व्हाट्सएप पर देर रात संदेश भेजकर दबाव, बिना किसी कार्यालय आदेश के काम करने का निर्देश संबंधित गंभीर विषयों पर चर्चा कर उच्च प्रबंधन तक मामले को भेजने का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर आठ सर्किल के उप मुख्य सचिव बनने पर रींटु कुमार रजक का शानदार स्वागत किया गया रजक ने सारी जिम्मेदारियां को निभाने का वचन दिया।

साकची हाई स्कूल में रक्तदान, लोगों का हुआ हेल्थ चेकअप

प्लेटिनम जुबिली वर्ष मना रहा है धालभूम रोड स्थित स्कूल

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। साकची उच्च विद्यालय प्लेटिनम जुबिली आयोजन कॉमिटि, प्रतीक संघर्ष फाउण्डेशन एवं जमशेदपुर ब्लड बैंक के संयुक्त तत्ववाधान में रविवार को साकची उच्च विद्यालय के प्रागंण में एक रक्तदान शिविर, निःशुल्क स्वस्थ्य जांच, आंखों की जांच के अतिरिक्त विभिन्न तरह के स्वस्थ्य संबंधी जांच की गई। शिविर में कुल 97 यूनिट रक्त संग्रह किया गया जबकि 150 से अधिक छात्र-छात्राओं और सामान्य नागरिकों की स्वास्थ्य जांच की गई। आयोजन कॉमिटि के अध्यक्ष विकास मुखर्जी ने रक्तदान शिविर, स्वस्थ्य जांच एवं आंखों की जांच शिविर का शुभारंभ द्वीप प्रज्वलन के साथ किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान से न केवल व्यक्तियों का जान बचाया जा सकता है बल्कि इससे भाईचारे की भावना जागृत होती है। रक्त से न जाति, धर्म की पहचान कराती हैं। विकास मुखर्जी ने कहा कि स्कूल की 75 वीं वर्षगांठ का मुख्य लक्ष्य है मानव सेवा। विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव सुजीत राय ने इस महान काम के लिए सभी को तहे दिल से उत्साहित एवं प्रेरित किया। संयोजक देवदास विश्वास ने सभी कर्मठ सदस्यो एवं सभी रक्तदाता को रक्तदान कर लोगों की जान बचाने का कार्य को एक सराहनीय कदम बताया। उपाध्यक्ष शिवव्रत कर एवं कार्यकारिणी समिति समिति के अजय चक्रवर्ती विशेष रुप से उपस्थित थे। स्वास्थ्य जांच शिविर में स्कूल के पूर्ववर्ती छात्र जो अब शहर के चर्चित चिकित्सक हैं उन्होंने स्कूल के छात्र-छात्राओं एवं शिविर में आये आम नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच की।

ललन झा एंड टीम आजसू में हुई शामिल

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। रविवार को आजसू पार्टी द्वारा ट्राफिक कलोनी बागबेड़ा जमशेदपुर में मिलन समारोह का आयोजन किया गया ,जिसमे आजसू पार्टी के जिला संगठन सचिव ललन झा जी के अगुआई में अभिषेक यादव, अमन सिंह, विकास चंद्रवंशी, सूरज रजक और विकास यादव के नेतृत्व में आजसू पार्टी का दामन थामा जो पूर्व में झामुमो पार्टी में आस्था रखते थे सभी ने एक साथ झामुमो छोड़ कर पार्टी के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए पार्टी के नीति सिद्धांतो से अवगत कराते हुए पार्टी संविधान की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कन्हैया सिंह ने बताया की झारखंड के युवा जाग चुके है और राज्य के मुखिया के जुमलो से परेशान होकर आजसू के तरफ अपना रुझान बढ़ाया है और पार्टी सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो और पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त करते हुए उनके विचारो से अवगत होते हुए पार्टी के विचार धारा के साथ जुड़ने का संकल्प लिया है। कार्यक्रम में बतौर अतिथि रामचंद्र सहिस ने बताया की राज्य की दिशा और गति देने के लिए युवाओं को आगे आना होगा और इस राज्य के समुचित विकास और युवाओं के रोजगार के साथ साथ क्षेत्र की मूल भूत सुविधा के साथ आपको संघर्ष करना होगा और आपके संघर्ष से जब क्षेत्र का विकास होगा।

खिलाड़ियों के चोटिल होने पर समय पर इलाज कराना जरुरी : डॉ सुनील कुमार

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। जमशेदपुर आथोर्पेडिक क्लब के तत्वाधान में रविवार को घुटने दूरबीन पक्षीत से घुटने के लिफ्ट सर्जरी से सम्बंधित एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसके राज्य भर के 50 से अधिक अस्थि रोग विशेषज्ञ शामिल हुए। साकेत अस्पताल, मानगो में एक लाइन सर्जरी की गई। इसका प्रसारण शहर मे एक होटल का किया गया। कार्यशाला में चिकित्सको ने लिगामेट सर्जरी के अत्याधुनिक तकनीकों पर चर्चा की। नए चिकित्सकों के लिए मॉडल पर सर्जरी के अभ्यास प्रक्रिया का भी आयोजन किया गया। जमशेदपुर आर्थोपेडिक क्लब तथा आयोजन समिति के सचिव डॉ सुनील कुमार ने बताया कि झारखण्ड एक खेल प्रधान राज्य है। ऐसे में खिलाडियो को चोट लगने पर जानकारी के आभाव में समय पर इलाज नही करवा पाते हैं। इससे उनका करियर प्रभावित होता है। कार्यशाला का लक्ष्य चिकित्सको एवं खिलाड़ियों के बीच जागरुकता बढ़ाता है। अध्यक्ष डॉ मनोज रजक ने जमशेदपुर के खेल प्रेमी शहर होने के कारण ऐसे कार्यशाला को आवश्यक और उपयोगी बताया, कार्यक्रम का संचालन डॉ जयंत लायक ने किया। सेमिनार में कोलकता के लिए किसका प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ राजीव रमण ने लिगामेंट सर्जरी की तकनीक पर अपना वक्तव्य दिया। कार्यक्रम में रांची से डा आयन, डॉ निर्मल, डॉ रोहित लाल धनबाद से डॉ मंजीत सिंह तथा सनम्बर के अपनेक विकिन्सक शामिल हुए जमशेदपुर से डा अरविंद, एक समीर, डा ज्ञात प्रकाश जायसवाल, हर्ष तथा डा जयंत आदि ने भाग लिया।

महिलाओं को उत्कृष्टता के पथ पर अग्रसर करने में भूमिका निभाती रहेगी आरएसबी ट्रांसमिशन

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। ऑटोमोटिव उद्योग में एक अग्रणी नाम है आरएसबी ट्रांसमिशन। कंपनी द्वारा शुरू की गई एक पहल नामक अभियान का वार्षिक समारोह गत 22 जुलाई को मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। यह लैंगिक समानता और समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम और एक परिवर्तनकारी पहल है जिसका उद्देश्य महिला कर्मचारियों और समुदाय की महिलाओं को सशक्त बनाना है। 8 जुलाई 2020 को शुरू हुई यह पहल एक समावेशी और सशक्त कार्य वातावरण बनाने के लिए आरएसबी ट्रांसमिशन की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। आरएसबी समूह में ह्यूमन रिसोर्स की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर सुश्री निर्मला बेहरा के प्रेरक नेतृत्व में, एक पहल के हिस्से के रूप में आयोजित प्रभावशाली सेशंस की एक श्रृंखला आयोजित की गई। ये सत्र पहल के चार स्तंभों, अर्थात सामुदायिक सेवा, सुरक्षा, शिक्षा और विकास, और स्वास्थ्य और स्वच्छता पर केंद्रित थे। इसका लक्ष्य न केवल महिलाओं को सशक्त बनाना है बल्कि उनके विकास के लिए एक सुरक्षित और अधिक पोषण वाला वातावरण बनाना भी है। आरएसबी समूह के अध्यक्ष आर.के. बेहरा के दूरदर्शी सोच की उपज, एक पहल जीवन के सभी पहलुओं में महिलाओं को सशक्त बनाने और उनके उत्थान के लिए उनकी दृष्टि और प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व करता है। बेहरा का दृढ़ समर्थन और प्रोत्साहन पहल की सफलता के पीछे एक प्रेरक शक्ति के रूप में काम करता है। इस महत्वपूर्ण अवसर के दौरान, आरएसबी समूह के वाइस चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर एस के बेहरा ने एक पहल पर अपने बहुमूल्य विचार साझा किए। उनकी अंतर्दृष्टि ने ऐसे माहौल को बढ़ावा देने के लिए कंपनी के समर्पण को रेखांकित किया जहां महिलाएं उत्कृष्टता प्राप्त कर सकें और अपनी पूरी क्षमता तक पहुंच सकें। आरएसबी ट्रांसमिशन अपने कार्यबल में महिला कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने में सराहनीय प्रगति कर रहा है और आर के बेहरा और एस के बेहरा की प्रेरणादायक जोड़ी इस प्रयास में मार्गदर्शक बनी हुई है। महिलाओं को सशक्त बनाने के अलावा, आरएसबी ट्रांसमिशन पेशेवर और व्यक्तिगत रूप से समग्र विकास को बढ़ावा देने में विश्वास करता है। कंपनी का दृष्टिकोण प्रतिभा का सम्मान करने, विशिष्टता को पहचानने और प्रत्येक व्यक्ति के भीतर अनंत क्षमता को स्वीकार करने के मूल मूल्यों पर आधारित है। इसके अतिरिक्त, यह पहल एक अच्छा इंसान होने के महत्व पर जोर देती है, कार्यस्थल से परे तक फैले मूल्यों का प्रचार करती है।एक पहल के साथ, आरएसबी ट्रांसमिशन एक ऐसा वातावरण बनाने के लिए प्रतिबद्ध है जहां विविधता और समावेशिता का जश्न मनाया जाता है, और प्रत्येक व्यक्ति को फलने-फूलने के अवसर प्रदान किए जाते हैं।

आरएसबी ट्रांसमिशन के बारे में

आरएसबी ट्रांसमिशन ऑटोमोटिव उद्योग में एक अग्रणी खिलाड़ी है, जो इनोवेटिव ड्राइवलाइन और चेसिस तकनीक में विशेषज्ञता रखता है। गुणवत्ता और उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता के साथ, आरएसबी ट्रांसमिशन का लक्ष्य गतिशीलता को फिर से परिभाषित करना और ऐसे समाधान प्रदान करना है जो एक गतिशील वैश्विक बाजार को पूरा करते हैं। नवाचार के प्रति कंपनी के जुनून ने, ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण के साथ मिलकर, एक उद्योग नेता के रूप में अपनी स्थिति मजबूत की है।

खबर एक नजर में

नारायण आइटीआई ने चंद्रशेखर आजाद और बाल गंगाधर तिलक की जयंती मनायी

जमशेदपुर। रविवार को नारायण प्राईवेट आईटीआई संस्थान में स्वतंत्र सेनानी वीर चंद्रशेखर आजाद एवं बाल गंगाधर तिलक की जयंती मनाई गई। इस शुभ अवसर में संस्थान के संस्थापक डॉ जटाशंकर पांडे एवं संस्थान के सभी अनुदेशक के द्वारा चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक डॉ जटाशंकर पांडे ने उनके व्यक्तिगत जीवनी का परिचय कराते हुए उन्होंने कहा कि आजाद प्रखर देशभक्त थे। प्राय: सभी क्रान्तिकारी उन दिनों रूस की क्रान्तिकारी कहानियों से अत्यधिक प्रभावित थे आजाद भी थे लेकिन वे खुद पढ़ने के बजाय दूसरों से सुनने में ज्यादा आनन्दित होते थे। मुख्य रूप से फिटर के अनुदेशक भगत लाल तेली, शांतिराम महतो, पवन कुमार महतो, अजय कुमार मंडल, गौरव कुमार महतो आदि मौजूद थे।

एआइडीएसओ ने चंद्रशेखर आजाद की जयंती मनायी

जमशेदपुर। रविवार को ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट ऑर्गेनाइजेशन पूर्वी सिंहभूम जिला कमिटी की बैठक जिला कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष समर महतो, प्रदेश उपाध्यक्ष रिंकी बंसीरियार, अजय राय, प्रदेश कोषाध्यक्ष युधिष्ठिर कुमार की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। सर्वप्रथम आजादी आंदोलन के गैर समझौतावादी धारा के महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद का जन्मदिवस के अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष समर महतो ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। युधिष्ठिर कुमार ने उनकी जीवनी पर बारिकी से अपनी बातों को रखा और शहीदों के जीवन से सिख लेने की अपील की और महान क्रांतिकारी एवं इस युग के महान मार्क्सवादी चिंतनकार कॉमरेड शिवदास घोष की जन्म शताब्दी के मौके पर कोलकाता में हो रहे विशाल समावेश को सफल बनाने की रणनीति तय की गई। जिसमे पूरे जिले से लगभग 1000 छात्र छात्राएं शामिल होंगे। साथ ही कोल्हान विश्वविद्यालय के विभिन्न समस्या पर चर्चा किया गया और निर्णय लिया गया कि जिला के सभी कॉलेज में कॉलेज कमिटी का गठन किया जाएगा। बैठक में जिला सचिव सोनीसेन गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष प्रदीप यादव, जिला कार्यालय सचिव शुभम कुमार झा, सुबोध महाली, किशोर पॉल, सबिता सोरेन, बबिता सोरेन, अपूर्वा श्रीवास्तव, सहित जिला कमिटी के साथी उपस्थित थे।

जेजीएल टूर्नामेंट 2023 सीजन छह का विजेता बना ग्रीन ग्लेडियेटर्स

जमशेदपुर। जमशेदपुर गोल्फ लीग (जेजीएल) टूर्नामें ट 2023 सीजन छह का रविवार को ग्रीन ग्लेडियेटर्स विजेता बना। एपिक वॉरियर्स की टीम उपविजेता बनी। विजेता टीम के सदस्यों में केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा सहित एलन सिंह, संजय झा, निपम मेहता, रणवीर सिन्हा, सुनील मारवाह, विकास अग्रवाल, शुभंकर भूमिका, कृष्ण शर्मा, काली ऋतु कपिला, शक्ति शर्मा, प्रदीप अडेसरा, प्रशांत मौर्य शामिल हैं। पिछले तीन माह से चल रहे जेजीएल टूर्नामेंट में केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने भी चार मैच खेले थे। विजेता ग्रीन ग्लेडियेटर्स कि कप्तान डॉक्टर संजय पांडा और उनकी टीमों ने काफी मेहनत किया। मालूम हो कि टूर्नामेंट का प्रारूप आईपीएल के बराबर है। इसमें चौदह टीमों ने भाग लिया और राउंड-रॉबिन मैचों के बाद, चार शीर्ष टीमें क्रमश: एपिक वॉरियर्स, बर्डीज बटालियन, टाइगर्स नाइट्स और ग्रीन ग्लेडियेटर्स ने पहले क्वालीफायर और एलिमिनेटर मैचों के लिए प्रतिस्पर्धा की। गोलमुरी और बेल्डीह गोल्फ कोर्स में एपिक वॉरियर्स और ग्रीन ग्लेडियेटर्स के बीच फाइनल खेला गया। ग्रीन ग्लेडियेटर्स ने शनिवार और रविवार को रोमांचक गोल्फ खेला और 23 जुलाई 2023 को जेजीएल सीजन छह जीत लिया।

मुरली पब्लिक स्कूल में मना अभिभावक दिवस

जमशेदपुर। रविवार को मुरली पब्लिक स्कूल के प्रांगण में प्रधानाचार्य डॉ नूतन रानी की अध्यक्षता में अभिभावक दिवस का आयोजन किया गया। इस समारोह में समाजसेवी मच्छिंद्र निषाद, तारा नंद कामत तथा सुभाष प्रमाणिक जैसे अतिथियों ने जीवन में अभिभावक के महत्व के बारे में बच्चों को बताया। इस समारोह में स्कूल के बच्चों ने विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों जिसमें नृत्य, भाषण, कविता, तथा नाटक की प्रस्तुति दी। समारोह को बड़ी संख्या में अभिभावकों ने शामिल होकर बच्चों का हौसला बढ़ाया तथा समारोह को सफल बनाया। प्रधानाचार्य महोदया ने बच्चों को उनके जीवन में माता पिता के महत्व तथा शिक्षा के महत्व के बारे में बताया। समारोह को सफल बनाने में शशि कला देवी सुशीला कुमारी, टीना देवी, मालती साहू, छवि कुमारी, मोमिता पात्रा, प्रदीप सरकार तथा प्रियंका कुमारी का योगदान रहा। साथ ही इस संस्थान की झारखंड सरकार से मान्यता प्राप्त आ पारा मेडिकल कॉलेज हैं जिसका नाम मुरली पारा मेडिकल एंड रिसर्च कॉलेज है जोकि गालूडीह, घाटशिला धालभूमगढ़, बहरागोड़ा एवं पोटका, पटमदा एवं बोड़ाम प्रखंड स्तर पर इकलौता कॉलेज है। इस कॉलेज में 3 कोर्स की पढ़ाई होती है जिसमें डिप्लोमा इन ऑपरेशन थिएटर, सर्टिफिकेट इन ड्रेसर तथा डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन जैसे कोर्स शामिल है। अभिभावकों में से एक अभिभावक प्रदीप मंडल ने बहुत ही सुंदर विचार सभी अभिभावकों एवं बच्चों के सामने प्रस्तुत किए।

गोविंदपुर में सखी संग समूह का सावन मिलन समारोह संपन्न

जमशेदपुर। छोटा गोविंदपुर में 'सखी संग' समूह ने सावन मिलन मनाया जिसमें प्रतियोगिताओं का आयोजन किया था। इस अवसर पर म्यूजिकल चेयर, डांस प्रतियोगिता, संगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें रीना, बिन्नी एवं संगीता ने प्रतियोगिता जीता। उन्हें उपहार देकर सम्मानित किया गया। सावन मिलन में प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण पर चर्चा हुई साथ ही साथ साफ- सफाई पर भी बल दिया गया। समूह के सभी सदस्यों

स्पीड न्यूज

सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक हृदयानंद मिश्रा का निधन, शोक व्यक्त

फाइल फोटो हृदयानंद मिश्रा

पड़वा पलामू। पड़वा पलामू। पड़वा प्रखण्ड क्षेत्र के बनखेता उत्क्रमित मध्य विद्यालय से सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक सह लोहड़ा निवासी हृदयानंद मिश्रा का निधन शनिवार को को हो गया। स्व हृदयानंद मिश्रा कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। शनिवार की शाम उन्होंने अंतिम सांस ली। सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक के निधनं पर एचएमकेपी के अध्यक्ष प्रमोद सोनी, पड़वा प्रखण्ड के उपप्रमुख धर्मवीर सिंह उर्फ मंटु सिंह, लोहड़ा पंचायत की मुखिया सुमित्रा देवी, पंसस संगीता देवी,लालमोहन सिंह आदि के नाम शामिल हैं।

मकरंद सेवा समिति ने केतात में किया पौधारोपण, संरक्षण का भी लिया संकल्प

विश्रामपुर (पलामू)। विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत केतात गांव मे बाबा मकरंद सेवा समिति द्वारा रविवार को पौधारोपण अभियान चलाया गया। इसके तहत शमशान घाट, पोखरा व मंदिर प्रांगण में एक सौ से भी ज्यादा इमारती, औषधीय व छायादार वृक्ष का पौधा लगाया गया। समिति ने पौधों के संरक्षण का भी संकल्प लिया। समिति के अध्यक्ष अभिषेक कुमार चौबे ने बताया कि पिपल,बरगद,बर,आवला,रुद्राक्ष आदि का पौधा लगाया गया है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संतुलन हेतु पौधारोपण बेहद जरूरी है। मौके पर समिति के सचिव रवि भुषण चौबे, कोषाध्यक्ष नितिन मिश्रा, शिक्षक राजेश चौबे, युवा नेता नवीन चौबे, प्रवीन चौबे, प्रवीर चौबे, अवध किशोर चौबे, मनीष चौबे, मुकेश चौबे, विजय चौबे, सुशील कुमार चौबे उर्फ टिकैत चौबे, महेन्द्र चौबे, बंबू चौबे, चन्दन तिवारी, हितेश चौबे, राम ब्यास चौबे, मनोज चौबे, रितेश चौबे, सांतनु चौबे, बालमुकुंद चौबे, दिलीप चौबे, सत्यप्रकाश चौबे, अखिलेश चौबे, रविशंकर चौबे,राजू चौबे सहित समिति के सभी सदस्य और ग्रामीण मौजूद थे।

किसानों ने अच्छी वर्षा के लिए भगवान इंद्र का किया विशेष पूजा-अर्चना

विश्रामपुर (पलामू)। सैकड़ों वर्षो से चली आ रही धार्मिक परम्परा के अनुसार रविवार को विश्रामपुर के भुड़ली पहाड़ की चोटी पर भगवान इंद्र की विशेष पूजा-अर्चना किसानों द्वारा किया गया। इस विशेष पूजा-अर्चना में दर्जन भर गांव के किसान शामिल थे। स्थानीय लोगों में धार्मिक मान्यता है कि भगवान इंद्र के इस विशेष पूजा-अर्चना के बाद क्षेत्र में अच्छी बारिश होती है। इस विशेष धार्मिक अनुष्ठान के एक दिन पहले किसान भुड़ली पहाड़ पर जाकर भगवान इंद्र सहित कई देवी-देवताओं को जयघोष के बीच आमंत्रित करते हैं। उसके दूसरे दिन अहले सुबह से भगवान इंद्र की विशेष पूजा-अर्चना होती है। रविवार को कर्मकांडी पुरोहित अच्यूता नंद पांडेय के द्वारा भगवान इंद्र की विशेष पूजा व अनुष्ठान संपन्न कराया गया। पूजा संपन्न होने के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। सामाजिक सेवा समिति के अध्यक्ष संजय पांडेय ने बताया कि भगवान इंद्र की यह विशेष पूजा-अर्चना प्रत्येक सावन माह में होता है। यह परंपरा काफी वर्षो से चला आ रहा है। मौके पर विजय पांडेय, राजू पाण्डेय, रामजी ठाकुर, सुनील राम, चंदन चोबे सहित कई किसान व ग्रामीण मौजूद थे।

मणिपुर की घटना को लेकर राजद ने निकाला कैंडल मार्च

हुसैनाबाद पलामू। मणिपुर की आदिवासी महिलाओं के साथ हुई दरिन्दगी के खिलाफ देश भर में गुस्सा आब हुसैनाबाद में देखने को मिला। राजद के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ताओं ने शहर के गांधी चौक पर एकत्रित हुए। वहां से लोगों ने अपने हाथों में कैंडल लेकर शहर के मुख्य बाजार, अंबेडकर चौक होते हुए जेपी चौक पहुंचे,जुलूस का नेतृत्व राजद युवा मोर्चा के प्रदेश महासचिव रवि कुमार, वरिष्ठ नेता राज अली, नगर अध्यक्ष सह राजद नेता शशि कुमार, प्रखंड अध्यक्ष सुदेश्वर राम कर रहे थे। मौके राजद नेता शशि कुमार ने कहा कि मणिपुर की घटना दिल दहला देने वाली है, जो देश के लिए काफी शर्मनाक है। मौके पर रवि यादव ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ का नारा देते है, लेकिन देश में इतनी बड़ी घटना होने के बाद प्रधानमंत्री व गृहमंत्री कुर्सी से चिपके हुए है। इस मौके पर राजद के वरिष्ठ नेता, विनय सिंह यादव, मोहिउद्दीन अंसारी, भारत पासवान, विमलेश पासवान, चंदन बैठा, अशोक यादव, रामलखन सिंह यादव, पवन चौधरी, सुरेंद्र चौधरी समेत सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

सरकार व प्रशासन की घोर विफलता है मणिपुर की घटना : शेर अली

हुसैनाबाद पलामू। मणिपुर में हुई घटना पूरे देश को शर्मशार किया है। उक्त बातें बसपा के पूर्व प्रत्याशी वा वरिष्ठ नेता शेर अली ने कही। उन्होंने कहा कि मणिपुर की घटना सरकार व प्रशासन की घोर विफलता दशार्ती है। उन्होंने कहा की मणिपुर में जिन दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने व अश्लील हरकत की गई है वह देश की मानवता को शर्मशार करने के लिए काफी है। मणिपुर में पिछले दो माह से खूनी खेल चल रहा था अगर देश के प्रधानमंत्री व गृह मंत्री के साथ मणिपुर की सरकार व प्रशासन शूरू में ठोस एक्शन लेते तो यह घटना नहीं होती।

देव वृक्ष पारिजात लगाना परम सौभाग्य की बात: किशोर

मेदिनीनगर। भाजपा के वरिष्ठ नेता और सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता किशोर कुमार पांडेय ने कहा कि देव वृक्ष बसना हनुमान मंदिर में लगाना मेरे लिए परम सौभाग्य की बात है। नावा बाजार प्रखंड अंतर्गत बसना व राजहरा रेलवे स्टेशन के समीप स्थित यह मन्दिर अति प्राचीन है। पांडेय ने कहा कि बहुत दिनों से मेरी इच्छा थी कि बसना हनुमान मंदिर में पारिजात के पौधे को लगाऊं जो आज संपन्न हुआ। पांडेय ने सभी लोगों से अपने घरों व आसपास के मंदिरों में इस पौधें को लगाने का आग्रह किया।

मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक

हरिहरगंज पलामू। स्थानीय थाना परिसर में मुहर्रम पर्व को लेकर रविवार को शांति समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता छतरपुर एसडीपीओ अजय कुमार ने की तथा संचालन पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने किया। बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने सर्वसम्मति से मुहर्रम का पर्व आपसी भाईचार के साथ मनाने का निर्णय लिया। वहीं बीडीओ जयप्रकाश नारायण ने कहा कि जुलूस में डीजे का उपयोग नहीं करें। इस अवसर पर सीओ वासुदेव राय, डॉ तौहीद अहमद, एसआई रंजीत कुमार, निरंजन कुमार, पोलिकार कुजूर, संजय कुमार सिंह, कुंदन कुमार, भोला गुप्ता, राजेश राम, अतहर हुसैन, कपेश्वर सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम, इरफान शाहिद, सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, अजय सिंह, मो.असलम, अरुणजय ठाकुर, बुधन सिंह यादव, प्रमोद रवि, उमेश साव, पम्मी लाल, महादेव यादव, कृष्णा सिंह, अनिल राम, पंसस शैलेंद्र, लक्ष्मी विश्वकर्मा, अशोक जायसवाल, भीमसेन शर्मा, अमित सिंह, संजय यादव, विनय जायसवाल, सत्येंद्र पासवान, संतोष प्रजापति, मुन्ना विश्वकर्मा, महताब शाहिल, इसरार आलम, शिवपूजन मेहता सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

देश में झारखंड लेबर स्टेट के रूप में पहचान बनाई है : सुदेश महतो

आजसू का प्रमंडलीय कार्यकर्ता सम्मेलन पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति भवन में संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। झारखंड के इतिहास में सरकारी मुलाजिम सरकार के एजेंट बनकर वन, खनिज संपदाओं को लूटने लूटवाने में लगे हैं। राज्य की जनता का हाल बेहाल हो चुका है। गरीब, आदिवासी, दलित, पिछड़े वर्ग के जमीनों को लूटने का षडयंत्र चल रहा है। जिस कारण राज्य की जनता त्राहिमाम कर रही है।

इतना ही नहीं हेमंत सोरेन के कार्यकाल में झारखंड के प्रत्येक जिला, प्रखंड व पंचायतों में लूट, हत्या, चोरी डकैती, दुष्कर्म एवं उग्रवाद की घटनाओं में तेजी से इजाफा हुई है। जिस कारण राज्य की जनता अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही है। सरकार की नीति बनती है लेकिन वह नीति सचिवालयों में पड़ी की पड़ी ही रह जाती है। उक्त बातें आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह राज्य के पूर्व उप मुख्य मंत्री सुदेश महतो ने डालटनगंज के पंडित दीनदयाल उपाध्याय भवन में प्रमंडलीय कार्यकर्ता सम्मेलन में कही। उन्होंने कहा कि पलामू में आधारभूत संरचना के कमी के कारण एवं अल्प वृष्टि के कारण प्रत्येक वर्ष सुखाड़ की स्थिति उत्पन्न होती है। इस पर सरकार की कोई योजना नहीं बनती है। पलामू में संगठित परिवार नहीं होने के कारण बच्चा जन्म लेने के बाद किशोरावस्था में पलायन करने पर मजबूर होता है। राजनेताओं, प्रशासनिक पदाधिकारियों की भूमिका को सरकार ने बदल दिया है। सारे प्रशासनिक पदाधिकारी का आचरण भी सरकार ने बदल दिया है। बीडीओ समेत जिला अधिकारी गांवों में नहीं जाते हैं। सारे अधिकारी लूटने का काम करते हैं।

इन लूटेरों का कप्तान इन्हें सहयोग प्रदान कर रहे हैं। झारखंड में 70 प्रतिशत वन खनिज संपदाएं मौजूद हैं। इसके बावजूद भी यहां के लोग रोजगार के अभाव में पलायन करने पर मजबूर हो रहे हैं। जिस कारण देश में झारखंड अपनी पहचान लेबर स्टेट के रूप में बनाई है। यह हेमंत सोरेन सरकार की देन है कि झारखंड आज पूरे देश में शर्मसार हो रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पर जो मुकदमा दर्ज है उसे लड़ने के लिए सरकारी फंड का दुरूपयोग करते हुए मुकदमा लड़ा जा रहा है इससे बड़ी बिडंबना राज्य के लिए क्या हो सकती है। आजसू के केंद्रीय उपाध्यक्ष डा देवशरण भगत ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि यह सरकार जन मुद्दों से भटक कर स्वार्थ पूर्ति के लिए काम कर रही है। झारखंड में शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार के हाल खास्ता हो चुके हैं। हेमंत सोरेन की सरकार आनेवाले पीढ़ियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने में लगी हुई है। केंद्रीय उपाध्यक्ष सह हुसैनाबाद के पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार झूठ के नाव पर चढ़कर घूम घूमकर राज्य को लूटने का काम कर रही है। यह सरकार जल, जंगल व जमीन पर झारखंडियों का अधिकार हो यह नारा देकर सत्तासीन हुई थी। सम्मेलन को केंद्रीय उपाध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव, केंद्रीय सचिव हसन अंसारी, गढ़वा जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा व लातेहार जिलाध्यक्ष अमित पांडेय ने संबोधित किया। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन पलामू जिलाध्यक्ष दिलीप चौधरी व धन्यवाद ज्ञापन केंद्रीय सचिव सतीश कुमार ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रौशन लाल चौधरी, बिकेश शुक्ला, इम्तेयाज अहमद नजमी, तुलसी शुक्ला, बबलू गुप्ता, लाल गुड्डूनाथ शाहदेव समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

शहर में कई संभावनाएं : महापौर

अरुणा शंकर ने रांची रोड हुंडई शोरूम के बगल में न्यू इरा इंटीरियर और एक्सटीरियर शोरूम का उदघाटन किया

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने रांची रोड हुंडई शोरूम के बगल में न्यू इरा इंटीरियर और एक्सटीरियर शोरूम का उदघाटन किया। मौके पर प्रथम महापौर अरूणा शंकर ने कहा कि शो रूम से घर और ऑफिस के सजावट का हर बेहतरीन समान उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कहीं हमारा शहर बदल रहा है जहां पहले लोग रांची पर डिपेंडेंट थे। आज हर बेहतर चीज अपने शहर में मिल रहा और इसका श्रेय हमारे शहर के युवा व्यवसायियों एवं उद्यमियों को जाता है। प्रथम महापौर ने यह भी कहा कि आज हमारे शहर के युवा अपने शहर मैं ही एक विजन के साथ बेहतरीन शोरूम बना रहे हैं। वही लोगों को शानदार रोजगार भी मुहैया करा रहे हैं जो शहर के लिए शुभ संकेत है। इस बदलते शहर में कई संभावनाएं हैं जिसे तलाशने एवं तराशने की आवश्यकता है। मैं इस बढ़ते एवं बदलते शहर में बैंकों की भूमिका को अहम मानती हूं जहां पहले बैंकर्स लोन देने में कतराते थे।

आज बैंकर्स आपके दरवाजे पर आकर लोन देने को उत्सुक रहते हैं जो एक बदलाव की निशानी है। इस अवसर पर संस्था के मालिक अरविंद गुप्ता, कृष्णा प्रसाद, राजीव प्रसाद, प्रथम उप महापौर मंगल सिंह, फिरोज उद्दीन अंसारी समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

देवों के देव हैं भगवान शिव : आलोक चौरसिया

सतबरवा पलामू। शिव गुरु परिवार की ओर से शनिवार को ट्रेनिंग कॉलेज के मैदान में प्रखंड स्तरीय शिव गुरु परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डालटनगंज भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने पूजा अर्चना कर की। मौके पर उन्होंने कहा कि देवों के देव हैं भगवान शिव। जो भी इनका सच्चे मन से गुणगान करता है उनका कल्याण करते हैं। डॉ मेहता ने कहा कि भगवान शिव को गुरु बनाने की जरूरत है। गुरु के बिना ज्ञान की प्राप्ति नहीं होती है। भगवान शिव आज भी गुरु हैं। उन्हीं के कृपा से ही आज मैं पाकी विधानसभा क्षेत्र का नेतृत्व कर रहा हूं। इस दौरान शिव गुरु बहन और भाइयों ने भगवान शिव की चर्चा की और भजन कीर्तन किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, मो शमीम, अमलेश चौरसिया, चंचल यादव, आशिष सिन्हा, सिकंदर भुइयां समेत कई लोग मौजूद थे।

तरहसी पुलिस के साथ अभद्र व्यवहार करने पर दो गिरफ्तार



खबर मन्त्र संवाददाता

तरहसी पलामू। तरहसी पुलिस के साथ दुर्व्यवहार करना दो लोगों को महंगा पड़ा। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। समाचार के अनुसार तरहसी थाना प्रभारी जेपी पासवान ने बताया कि 22 जुलाई को शाम सात बजे बेदानी मोड़ पर गुरहा निवासी अबु दरदा खान पिता सतार खान और तरहसी के जावेद अली पिता शमसुल होदा दोनों सार्वजनिक जगह पर सिगरेट पी रहे थे। दोनों को सिगरेट पीने से मना करने पर ये लोग मुझे गाली गलौज करते हुए अभद्र व्यवहार किया। साथ ही दोनों ने वर्दी फाड़ दिया। तरहसी पुलिस दोनों को गिरफ्तार तरहसी थाना लाया। पुलिस ने दोनों पर मामला दर्ज कर जेल भेज दिया है।

सांसद प्रतिनिधि की अगुआई में कांवरियों का जत्था देवघर रवाना

विश्रामपुर (पलामू)। विश्रामपुर नगर परिषद के वार्ड तीन से कांवरियों का जत्था सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय के नेतृत्व में आज देवघर के लिए रवाना हुआ। इससे पहले कांवरियों ने कुल देवता, ग्राम देवता, रेहला महावीर मंदिर और प्राचीन देवस्थल बाबा योगीबीर धाम पर जाकर विशेष पूजा अर्चना किया। अनुज पांडेय ने कहा कि बाबा धाम में भगवान भोले से क्षेत्र के हरियाली खुशहाली का दुआ मांगेंगे। बाबाधाम जाने वालों में पप्पू दुबे, राजीव पांडेय, दीपक पांडेय, चिंटू पांडेय, रामपुकार पांडेय, वेदव्यास पांडेय, अगस्त पांडेय,अरुण तिवारी, बंटी दुबे, पियूष दुबे, बिक्की दुबे, हेमलता दुबे, मंजू पांडेय, मिंटू कुमार, चिंटू कुमार सहित कई लोगों का नाम शामिल है।

पत्रकार संजय सिंह उमेश के पिता की मौत से हैं आहत : विधायक कमलेश सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। हुसैनाबाद के विधायक कमलेश सिंह दैनिक रांची एक्सप्रेस के पलामू ब्यूरो चीफ एवं पलामू के वरिष्ठ पत्रकार संजय सिंह उमेश के घर पर पहुंचकर उनके पिताजी के मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया। सिंह ने पूरे परिवार को सांत्वना दिया। कमलेश सिंह ने एनसीपी की ओर से भी शोक व्यक्त की। सिंह ने कहा कि पत्रकार संजय सिंह के पिता विश्वनाथ सरकारी सेवा में होते हुए एक समाजसेवी के रूप में भी अपनी भूमिका अदा किया। संजय सिंह की पिता की मौत आहत है। उनके पिताजी की मौत से उन्हें भी गहरा सदमा लगा है। विधायक ने पत्रकार के परिवार के अन्य सदस्य को भी हौसला दिया और मृत आत्मा के प्रति श्रद्धांजलि श्रद्धांजलि व्यक्त की। कमलेश सिंह ने कहा कि पत्रकार संजय उनके शुरूआत के दिनों के सहयोगी रहे हैं और आज भी हैं। उन्होंने कहा कि संजय सिंह उमेश उनके राजनीतिक साथी भी रहे हैं। इस दौरान मृतक के छोटे पुत्र हेड मास्टर अजय कुमार सिंह, कांग्रेसी नेता अनंत कुमार सिंह, पत्रकार मुरारी प्रसाद समेत परिवार के कई अन्य सदस्य उपस्थित थे।

मोहम्मदगंज : चोरी की योजना बनाते 5 गिरफ्तार

मोहम्मदगंज पलामू। थाना प्रभारी अक्षय कुमार के नेतृत्व में मोहम्मदगंज पुलिस ने सूचना के आधार पर थानान्तर्गत कादल कुर्मी मोहम्मदगंज मुख्य पथ में भीम चूल्हा स्थल के पास, चोरी की योजना बनाते 5 अपराधियो को शनिवार की रात्रि गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया है। पूछताछ के दौरान सभी ने थानान्तर्गत कादलकुर्मी गांव स्थित पंचायत सचिवालय में बीते 19 जून को चोरी की घटना में शामिल होने की बात स्वीकार किया है। अक्षय कुमार ने बताया कि 22 जुलाई की रात्रि भीम चूल्हा स्थल से संदेहास्पद 5 लोगो को पकड़ा गया है। उनकी निशानदेही पर चोरी हुए 5 पंखा, 1 मोटर व वाईफाई मशीन को जब्त कर लिया गया है। पुलिस लगातार उक्त चोरी की घटना के उदभेदन में लगी हुई थी। थाना प्रभारी ने बताया कि अरविंद कुमार रवि, बिट्टू कुमार,धनंजय कुमार पासवान, अंकेश कुमार रवि, निकाश कुमार सभी अभियुक्त गढ़वा जिला के मझिआंव थानान्तर्गत मोरबे गांव के रहनेवाले है। सभी गिरफ्तार अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है। इस अभियान में अक्षय कुमार के अलावा एसआई बिपिन ठाकुर सहित पुलिसकर्मी शामिल थे।

ग्राम दिपौवा में विकास को लेकर मुखिया ने की बैठक

पाटन पलामू। नावा जयपुर थाना अंतर्गत ग्राम दिपौवा में विकास योजनाओं को लेकर मुखिया ने बैठक की। बैठक में पाटन की जर्जर सड़क, पेयजल, कृषि, चेक डैम व बिजली की मांगों को रखा गया। बैठक में पांच पंचायत के मुखिया शामिल थे। बैठक में कहा गया कि पंचायतों का अभी तक अपेक्षित विकास नहीं हुआ है। इसे लेकर ग्रामीणों ने चुनाव में वोट नहीं देने की बात कही। ग्रामीणों ने पलामू सांसद बीडी राम व पाटन छतरपुर विधायक पुष्पा देवी मांग किया है कि नावा जयपुर के अंतर्गत जो भी मांगें रखी गयी है उसे जल्द पूर्ण किया जाये।

सुदेश महतो के समक्ष राकेश सिंह के नेतृत्व में कई युवाओं ने थामा आजसू का दामन

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो रविवार को पलामू प्रमंडलीय कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लिये। जहां पर महतो ने युवाओं को उत्साह बढ़ाते हुए समाज में फैले भ्रष्टाचार को समाप्त करने का आह्वान किया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति भवन में बैरिया निवासी राकेश सिंह के नेतृत्व में दर्जनाधिक युवाओं ने आजसू का दामन थामा। पार्टी में शामिल होनेवाले लोगों को सुदेश महतो ने माला पहनाकर स्वागत किया और उनके हौसला को पीठ थप थपाकर बढ़ाया। पार्टी में शामिल होने के बाद राकेश सिंह ने कहा कि झारखंड के एक मात्र एकलौता राजनीतिक पार्टी आजसू है जिसमें युवाओं का विकास संभव है। इस मौके पर पार्टी में शामिल होनेवाले लोगों को संबोधित करते हुए महतो ने कहा कि पलामू में नेतृत्व करने की क्षमता पर्याप्त रूप से भरा पड़ा है। इस मौके पर प्रवीण तिवारी, मुकेश सिंह, मुकेश तिवारी, शीतल सिंह, सुभम सिंह, मनु गोस्वामी, पप्पु राम, आजाद सिंह, राजू दूबे, बिक्की, बिनित, जितेंद्र चंद्रवंशी, विवेकानंद पांडेय समेत काफी संख्या में युवाओं ने पार्टी का सदस्यता ग्रहण किया।

उप महापौर ने हाउसिंग कॉलोनी व आसपास क्षेत्रों में किया पौधारोपण

मेदिनीनगर। भीषण गर्मी में जल संकट से उत्पन्न समस्याओं व पर्यावरण संतुलन के मद्देनजर रविवार को नगर निगम के प्रथम उपमहापौर मंगल सिंह और उनकी टीम द्वारा वृक्षारोपण एवं जल संचयन हेतु संकल्प अभियान कार्यक्रम चलाया गया। नगर निगम मेदिनीनगर हॉऊसिंग कॉलोनी व उसके आस पास के क्षेत्रों में वार्ड के लोगों के बीच पौधा वितरण किया गया। मौके पर मंगल सिंह ने कहा कि लोग अपने अपने घरों में एक-एक पौधा अवश्य लगाएं, आने वाले समय में यही पौधे वृक्ष बनेंगे जिससे वर्षा का जल स्रोत बना रहेगा। नगर निगम मेदिनीनगर में गर्मी के दिनों में जो जल की समस्या उत्पन्न हुई इस प्रकार की विकराल समस्या नहीं आएगी। मौके अमित कुमार उर्फ रिंकू जी, निलय कुमार, किशोर सिन्हा, सुरेंद्र विश्वकर्मा, चंदन कुमार, अनिमेष कुमार, रोहित शर्मा, विकास सिंह, दीपक सिंह, दीपक सिन्हा, मनदीप प्रजापति राहुल कुमार, बबलू गिरी, राबिरंजन, रंजीत, शशि कुमार, सरजु, वीरेंद्र, मुकेश, संजय, पवन कुमार, नरेश कुमार, सहित काफी संख्या में वार्ड के लोग शामिल थे।

मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी का गठन, इम्तेयाज बने सदर

विश्रामपुर (पलामू)। विश्रामपुर नगर परिषद के वार्ड 19 कोसियार कदम चौके के पास ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता हेसामुद्दीन अंसारी व संचालन अख्तर अंसारी तथा आलमगीर अंसारी ने किया। बैठक में इसबार मुहर्रम जुलूस को पूरे धूम-धाम व भव्य रूप से निकालने का फैसला लिया गया। मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी का भी गठन किया गया। सर्वसम्मति से इम्तेयाज अंसारी को कमेटी का सदर बनाया गया। जबकि खुर्सीद अंसारी को सेकेट्री, उस्मान अंसारी को खजांची व गुलाम रसूल अंसारी को सरपरस्त का पदभार सौंपा गया।

खराब ट्रांसफार्मर बदलने पर प्रमुख को बधाई

पाटन पलामू। पाटन प्रखंड के प्रमुख शोभा देवी के प्रयास से उताकी पंचायत के बैदाकला ग्राम के हरिजन टोला में जले हुए ट्रांसफार्मर बदला गया। ट्रांसफार्मर बदले जाने से टोला में बिजली जलने लगा। टोले के लोगों को बिजली मिलने से उनमें हर्ष देखा गया। प्रमुख शोभा देवी को बधाई देनेवालों में कृष्ण राम, फुलेश्वर राम, बीरेंद्र राम, सोनू राम, बिनय राम, शक्ति गुप्ता समेत कई लोग शामिल है।

हुसैनाबाद कुंड पर घाघरा, बटाने, अमकर और जीरो आरडी जैसी अर्धनिर्मित सिंचाई परियोजना को पूरा करने की मांग

कर्नल संजय के नेतृत्व में भारत सरकार के जल शक्ति मंत्री से मिलेगा 21 सदस्यीय दल

खबर मन्त्र संवाददाता

हुसैनाबाद (पलामू)। हुसैनाबाद विस क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न अर्धनिर्मित सिंचाई परियोजना जो बर्षों से लंबित पड़े हैं उसे पुरा करवाने हेतु भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कर्नल संजय कुमार सिंह के नेतृत्व एक 21 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल दिनांक 24 जुलाई दिन सोमवार को गरीब रथ ट्रेन से दिल्ली के लिए रवाना होकर जल शक्ति मंत्री भारत सरकार गजेंद्र सिंह शेखावत को मांग पत्र सौंपेंगे। साथ ही सिंचाई परियोजना स्वीकृत कराने की मांग रखेंगे। विदित हो कि कर्नल संजय सिंह के द्वारा जल शक्ति मंत्री से मिलने का समय मांगा था। मंत्रालय के तरफ से 26 जुलाई का समय दिया गया है। इसके पूर्व कर्नल संजय सिंह अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ वर्षों लंबित इन सभी सिंचाई परियोजना का स्थल निरीक्षण किया। उसी क्रम में कुंडपर घाघरा सिंचाई योजना स्थल निरीक्षण करते हुए संजय सिंह ने पत्रकारों को बताया कि ऐसे कई सिंचाई परियोजना जो वर्षों से लंबित है जिसे पूर्ण हो जाना चाहिए था। लेकिन यहां के जनप्रतिनिधियों एवं सरकार के उदासीन रवैया के कारण ये सभी योजनाएं अधर लटका हुआ है। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के पूरा होने से हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में हरित क्रांति तथा भूजल स्तर भी ऊपर आता जिससे पेयजल की समस्या खत्म होती। नॉर्थ कोयल नहर जीरो आरडी योजना वर्ष 2008 में ही इसी विधानसभा के मोहम्मदगंज से नॉर्थ कोयल नहर के जीरो आर डी से एक और लिफ्ट कैनाल निकालने का टेंडर निकाला गया था जो सूखे पड़े कररबार कैनाल परियोजना को पुनर्जीवित कर देता परन्तु यह योजना आजतक फाइलों में ही दबा हुआ है। हरिहरगंज बटाने नदी सिंचाई परियोजना अस्सी के दशक में बने इस सिंचाई परियोजना में डूबे किसानों की भूमि की पूरी मुवाबजा राशि नहीं मिलने के कारण विस्थापित परिवार डैम का फाटक बंद नहीं होने दे रहे हैं जिसके चलते सारा पानी बेकार बह जा रहा है। उपरोक्त योजनाओं को गति देने के लिए प्रतिनिधिमंडल जल शक्ति मंत्री से मुलाकात करेंगी। प्रतिनिधिमंडल में भुनेश प्रसाद सिंह, लालधन ठाकुर, महेन्द्र रजवार, विन्देश्वरी यादव, बुटन यादव, अजय सिंह, मनोज शर्मा, लालबहादुर सिंह, राजीव रंजन मेहता, डबल सिंह, सत्यनारायण यादव, अमित सिंह, धिरेन्द्र बैठा समेत अन्य स्थानीय किसान शामिल थे।

झारखंड कम्बाइंड प्री मेडिकल परीक्षा का आया रिजल्ट, विशाल बना सेकंड टॉपर

विशाल की सफलता से नगरवासियों में हर्ष बधाई देने की मची होड़

खबर मन्त्र संवाददाता

छतरपुर पलामू। झारखंड कम्बाइंड प्री मेडिकल का परीक्षा परिणाम आ गया है। छतरपुर के विशाल कुमार सेकंड टॉपर बनें हैं। विशाल छतरपुर निवासी लखन साव के पुत्र हैं। विशाल ने प्रारंभिक शिक्षा मेदिनीनगर स्थित बिमला पांडेय मेमोरियल स्कूल से की है उसके बाद कोटा से मेडिकल की तैयारी की थी। उनके बड़े भाई नीरज रिम्स में रेडियोलॉजिस्ट हैं। विशाल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता और बड़े भाई नीरज को दिया है। उनका सपना है कि वे भविष्य में स्वास्थ के क्षेत्र में छतरपुर के लिए बेहतर कर पाएं। उनके इस उपलब्धि के लिए छतरपुर विकास मंच के अध्यक्ष अरविन्द गुप्ता चुनमुन ने बधाई देते हुए कहा कि राज्य स्तर पर सेकंड टॉपर बनना एक बड़ी उपलब्धि है। विशाल ने छतरपुर का मान सम्मान बढ़ाया है और उन्होंने उम्मीद भी जताया कि इसका फायदा छतरपुर को जरूर मिलेगा। विशाल की सफलता पर अरविंद गुप्ता, सुनील, ऋषभ, रितेश, जितेंद्र, आयुष, संतोष, सुरेंद्र, मृणाल, दीपू, छोटू, राजेन्द्र, मुन्ना, कुंदन, अजित, सोनू आदि लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

स्पीड न्यूज

बाबूलाल मरांडी से मिलीं अनुपमा देवी

ओरमांझी। झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से ओरमांझी के प्रखंड प्रमुख अनुपमा देवी मिलने पहुंची। प्रमुख ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर बाबूलाल मरांडी को बधाई दी। इस संबंध में अनुपमा देवी ने बताई कि औपचारिक मुलाकात थी। पूछने पर ओरमांझी प्रखंड में चल रहे केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी भी दी।

बेड़ोः मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक आज

बेड़ो। मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण व सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर बेड़ो थाना परिसर में सोमवार को अपराह्न तीन बजे से शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है। थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्ब्रम ने थाना क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्ध जनों व शांति समिति के सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

बाजार टाड़ में मोहर्रम कमेटी का गठन

कांके। बाजार टाड़ मोहर्रम कमेटी कांके के गठन सदर हाजी मो सलाउद्दीन एवं बॉबी खान की सदारत में हुई। इसमें बाजार ताड़ मोहर्रम कमेटी का गठन किया गया। नई कमेटी में हाजी मो सलाउद्दीन बॉबी खान गुड्डू सईद मोहम्मद मो निजाम मो आरिफ मो माहिर बारिक कुरेशी अख्तर हुसैन सरपंच अमित तिर्की मुखिया को संरक्षक बनाया गया। वही खलीफा गुलजार आलम बबलू को बनाया गया। वही कमेटी के अध्यक्ष मो इमरोज मोना उपाध्यक्ष अब्दुल अमन सार्जन सचिव मो रौशन उपसचिव मो जाहिद कोषाध्यक्ष मो रेयाज टिकन सहकोषाध्यक्ष मो माही बिट्टू होंगे। वही कार्यकारिणी में कई लोगों का चयन किया गया है। बैठक में 29 जुलाई को मोहर्रम मनाने इमामबाड़ा की मरम्मत, साफ सफाई, रंग रोगन विद्युत सज्जा और जुलूस की तैयारी को लेकर चर्चा की गई।

बीएमएस के स्थापना दिवस पर 31 यूनिट रक्तदान

खलारी। सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ के क्षेत्रीय कार्यालय डकरा में बीएमएस स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें कार्यकर्ताओं ने 31 यूनिट रक्तदान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मिथिलेश कुमार सिंह, मनीष कुमार, विनोद विश्वकर्मा, राम प्रवेश नायक, पिन्कू सिंह, रविन्द्र प्रताप सिंह, दीपक मंडल, राम सेवक प्रसाद, सहदेव महतो, उदय शंकर सिंह, मुकेश कुमार शामिल थे।

एससी-एसटी, ओबीसी एकता मंच ने किया पुतला दहन

खलारी। एससी-एसटी, ओबीसी एकता मंच डकरा एवं रिपब्लिकन पार्टी के द्वारा पीएम मोदी व मुख्यमंत्री एन बिरेन का विरोध प्रदर्शन कर पुतला दहन किया गया। मौके पर अनीता एक्का, इंद्रा तुरी देवी, देवपाल मुंडा, नरेश करमाली, कन्हाई पासी, सोनी तिग्गा, कुंदन चौहान, जगरनाथ महतो, अनिल पासवान आदि मौजूद थे।

पिपरवार में बीएमएस ने मनाया 68वां स्थापना दिवस

पिपरवार। बचरा सीसीएल/सीकेएस क्षेत्रीय कार्यालय में बीएमएस का 68 वां स्थापना दिवस मनाया। अध्यक्षता सीसीएल/सीकेएस पिपरवार के क्षेत्रीय अध्यक्ष संजीव चंद्रा एवं संचालन क्षेत्रीय सचिव दिलीप कुमार गोस्वामी ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ झंडोत्तोलन एवं बीएमएस के संस्थापक सदस्य स्वर्गीय दत्तोपंत ठेंगड़ी एवं भारत माता के चित्रों पर माल्यार्पण कर किया गया।

पर्यावरण शोध : रितेश करेंगे आर्कटिक अनुसंधान

नगड़ी के रितेश कुमार ने संघर्ष की बदौलत हासिल की मुकाम, एसीएस ने दी बधाई

शेख मुजिबुल

रातू। राजधानी रांची के नगड़ी स्थित एक छोटे से गांव साहेर सेमरटोली से पर्यावरण विज्ञान के क्षेत्र में प्रमुख शोधकर्ता बनने तक की रितेश कुमार की प्रेरक यात्रा उनके अटूट समर्पण और जुनून का प्रमाण है। उनका जन्म कृषक परिवार में हुआ है। माता का नाम लाली देवी है। जलिंदर महतो उनके पिता हैं। शिक्षित न होने के बावजूद ज्ञान और दृढ़ता के मूल्यों को स्थापित किया। रितेश कुमार कई बाधाओं को पार किया है। उसकी प्रारंभिक शिक्षा डॉ बीआर अम्बेडकर मेमोरियल हाई स्कूल से हुई। बड़े भाई, पार्थ सारथी, जिन्होंने एक अभिभावक की भूमिका निभाई। उनके सहयोग से रितेश ने माध्यमिक शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और पर्यावरण अनुसंधान के माध्यम से दुनिया में बदलाव लाने की इच्छा जताई। इस सफलता के लिये एसीएस की नगड़ी इकाई ने उन्हें बधाई दी है।

गोवा में हैं कार्यरत

रितेश कुमार गोवा में राष्ट्रीय ध्रुवीय महासागर अनुसंधान केंद्र एनसीपीओआर में पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के प्रतिष्ठित रिसर्च फेलो योजना के तहत जूनियर रिसर्च फेलो के रूप में कार्यरत हैं। डॉ रोहित श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में आर्कटिक पर्यावरण को समझने और उसकी सुरक्षा के प्रति रितेश का समर्पण फलाफूला है। डॉ श्रीवास्तव के ज्ञान ने रितेश की यात्रा के लिए प्रेरणा के अमूल्य स्रोत के रूप में काम किया है। उनका शोध आर्कटिक पर्यावरण में एरोसोल के प्रभाव पर केंद्रित हैए जो जलवायु परिवर्तन के प्रति अपनी संवेदनशीलता के कारण अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र है।

अंतदृष्टि अनावरण है उद्देश्य

शोध में सबसे आगे रितेश कुमार का लक्ष्य आर्कटिक की पर्यावरणीय चुनौतियों में महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि का अनावरण करना है। क्षेत्र के पारिस्थितिकी तंत्र की समझ में योगदान उनका उद्देश्य है। रितेश कुमार आर्कटिक रवाना होने की तैयारी में हैं। इससे न केवल पिस्का नगड़ी, बल्कि देश के सपनों और आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी।

केंद्रीय विश्वविद्यालय में कराया दाखिला

मारवाड़ी कॉलेज से इंटरमीडिएट के बाद, पर्यावरण विज्ञान के प्रति जिज्ञासा ने उन्हें झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय में दाखिला के लिये प्रेरित किया। उन्होंने बीएससी की पढ़ाई की। पर्यावरण विज्ञान में डिग्री लेकर चुनौतियों के स्थायी समाधान की आवश्यकता की गहरी समझ पायी। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में शिक्षा को आगे बढ़ायाए जहां पर्यावरण विज्ञान (पर्यावरण प्रौद्योगिकी) में विशेषज्ञता के साथ स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की। असाधारण शैक्षणिक उपलब्धियों को तब पहचान मिलीए जब उन्होंने पर्यावरण विज्ञान में प्रतिष्ठित आईसीएआर नेट के साथ-साथ एक बार नहीं, बल्कि दो बार पर्यावरण विज्ञान में यूजीसी नेट की परीक्षा पास की।

निजी स्कूल में फ्री दाखिला के लिए मांगे जा रहे 20 हजार रुपये

खबर मन्त्र संवाददाता

खलारी। गरीबी रेखा से नीचे वाले परिवार के बच्चों को निजी स्कूल में शिक्षा प्राप्त करने के लिए शिक्षा के अधिकार अधिनियम आरटीई एक्ट 2009 धारा 38 और 7 के तहत क्षेत्र के सभी गैर सहायता प्राप्त निजी स्कूल में दाखिला करने के लिए प्रखंड शिक्षा व्यवस्था में रुपये की मांग किया जा रहा है। रुपये की मांग को लेकर भुक्तभोगी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी राँची को पत्र के माध्यम से सीण्आरण्सी खलारी सीण्आरण्पीण के द्वारा निजि स्कूलो में नामांकन के लिए प्रत्येक गरीब परिवारों से 20000 रुपया की मांग किये जाने का पत्र जिला शिक्षा पदाधिकारी को भेजा गया। भुक्तभोगी दिनेश यादवएसतेंद्र कुमार ने आरोप लगाया कि निरू शुल्क एंव अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार प्रखंड के सात गरीब बच्चों का डीएवी खलारी व उर्स लाइन कान्वेंट स्कूल में नामांकन के लिए आवेदन 13ध्फरवरी 23 को किया था। लेकिन सीण्आरण्पीण खलारी ने प्रत्येक व्यक्तियों से व्यक्तिगत रूप से फोन करके ;8521790648 सेद्ध संपर्क कर अथवा घर जाकर नामांकन के लिए 20ए000ध. रुपया की मांग सरकारी पद के शिक्षक करते है। और जब इस विषय स्कूल में जाकर पूछते हैं तो स्कूल के द्वारा कहा जाता है कि इस संबंध में सीआरपी खलारी के द्वारा मनमानी किया जा रहा है।

रातू : ट्रेलर के धक्के से लूना सवार वृद्ध की मौत

कर्रा के थे मृतक अर्जुन उरांव, डेढ़ बजे की है घटना

खबर मन्त्र संवाददाता

रातू। थाना क्षेत्र के सिमलिया हाजी चौक में रविवार को दिन के डेढ़ बजे तिलता से दलादिली की ओर जा रहे ट्रेलर एमएच 13 सीयू 9845 ने रिंग रोड पार कर रहे टीवीएस लूना पर सवार 83 वर्षीय अर्जुन उरांव को अपनी चपेट में ले लिया। इससे वह जख्मी हो गये। गंभीर अवस्था में उन्हें रिम्स पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वह खूंटी जिले के कर्रा चंदापारा निवासी स्व लेदा उरांव के पुत्र थे। पुलिस टेलर और लूना को जब्त कर थाने ले आयी है। घटना के बाद चालक फरार हो गया। मृतक के पुत्र आनंद कुमार ने उसके खिलाफ रातू थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। सूत्रों के मुताबिक अर्जुन उरांव बेटी-दामाद के घर काठीटांड़ मेहमान आये थे। लौटने के दौरान हादसे में उनकी मौत हो गयी।

ओरमांझी : ओवरटेक कर रहा ट्रक पुल के नीचे गिरा

ओरमांझी। थाना क्षेत्र के सिकिदीरी ओरमांझी पथ पर डोमा नदी पुल के निचे रविवार को एक ट्रक गिर गया। शाम चार बजे के करीब हुई दुर्घटना के संबंध में बताया गया कि रांची से सोयाबीन बरी लेकर धनबाद जा रहा ट्रक संख्या जेएच 01ईयू- 6823 में सिकिदीरी गोला रोड में चला गया था। चलक ने बताया कि भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत एक्सप्रेस हाईवे निर्माण को लेकर गोला से पहले बड़े वाहनों को आगे जाने नहीं दिया जा रहा है। गोला के पहले लगे बेरियर से वाहन घुमा कर वापस ओरमांझी की ओर जा रहा था तभी चालक को झपकी आ जाने से वाहन दुर्घटना हो गई। वहीं बताया गया कि डोमा नदी पुल के पास एक वाहन से ओवर टेक करने के दौरान ट्रक असंतुलित हो पुलिया के नीचे गिर गया। सूचना मिलने के बाद पहुंची ओरमांझी थाना पुलिस ने दुर्घटना ग्रस्त वाहन को कब्जे में कर लिया है।

एपीईजी विद्यालय के निदेशक का निधन

रातू। प्रखंड के संडे मार्केट निवासी शिक्षाविद, समाज सेवी और एपीईजी आवासीय विद्यालय के निदेशक अरविंद झा का रविवार की दोपहर बाद निधन हो गया। 90 वर्षीय श्री झा ने घर पर ही करीब 1 बजे अंतिम सांस ली। वह 6 जून से बीमार चल रहे थे। उनकी अंत्येष्टि सुलतानगंज में की जायेगी। पुत्र नंदकिशोर झा पिता को मुखग्नि देंगे। दिवंगत झा अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं।

राकोमयू ने मगध पीओ से की कर्मचारियों की समस्या पर चर्चा

पिपरवार। राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन क्षेत्रीय संगठन पिपरवार के प्रतिनिधियों ने मगध परियोजना के परियोजना पदाधिकारी एन सतनारायण से किया औपचारिक मुलाकात। प्रतिनिधियों ने मजदूरों की समस्या को पुरजोर तरीके से प्रबंधन के सामने रखा कर उसे जल्द से जल्द निवारण करने पर जोर दिया। इस पर प्रबंधन के तरफ से सकारात्मक आश्वासन मिला और उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द सारी समस्याओं को हल करने का आश्वासन दिया। मौके पर क्षेत्रीय अध्यक्ष मो कासिम उर्फ मुन्ना, क्षेत्रीय सचिव विद्यापति सिंह, मिथिलेश शर्मा, मो कुर्बान एवं मगध परियोजना के क्षेत्रीय सचिव राहुल कुमार सिंह, मुकेश कुमार सहित आदि लोग उपस्थित थे।

एक नजर में

कांग्रेसियों ने फूंका मोदी-शाह का पुतला

ओरमांझी। मणिपुर में दो महिला को निर्वस्त्र कर सड़क पर घुमाने की घटना से नाराज कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा ओरमांझी में प्रधानमंत्री व गृहमंत्री का पुतला जलाया गया। शास्त्री चैक ओरमांझी स्थित पुतला जलाने में कांग्रेस कार्यकताओं के साथ शामिल झारखंड प्रदेश आदिवासी सरना पड़हा समाज व 22 पड़हा सदमा के कार्यकर्ता द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मणिपुर के मुख्यमंत्री का हटाने की मांग कर रहे थे।

मृतक के परिजन को मिली मुआवजे की राशि

राहे। ओपी क्षेत्र के कापीडीह गांव के शनिवार शाम को भालू के हमले से 73 वर्षीय बुद्धि देवी का मौत हुआ था। पुलिस शव को कब्जे में लेकर रविवार सुबह पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। इधर वन विभाग के प्रभारी वनपाल राजू महतो की टीम रविवार सुबह गांव पहुंचे। परिजनों से मुलाकात किये। विधायक प्रतिनिधि संजय सिद्धार्थ, जिप सदस्य बादल महतो, मुखिया गिरिबाला देवी, उप प्रमुख उमेश महतो, पंचायत समिति रीना देवी, संतोष मुंडा, रंग बहादुर महतो, मनोरंजन भोक्ता, मुकेश महतो की उपस्थिति में परिजनों को मुआवजा की अग्रिम राशि 50 हजार दिया गया। मौके पर राहे पुलिस के रामपुकार बैठा सहित पुलिस कर्मी उपस्थित थे।

सेरेंगहातू गांव में वारिश से घर गिरा

सोनाहातू। प्रखंड के सेरेंगहातू गांव में शनिवार रात वारिश होने से जितू महतो का घर गिर गया है। घटना की जानकारी मिलने पर रविवार को मुखिया विकास सिंह मुंडा गांव जाकर नुकसान की जानकारी लिये। मकान मालिक को क्षतिपूर्ति मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। अंचल और प्रखंड के कर्मचारी से बात कर मुआवजा देने की बात कही।

राशन कार्डधारियों को मिली धोती-साड़ी

बेड़ो। राज्य सरकार गांव के ग्रामीणों के जीवन यापन के लिए कई लाभकारी महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित कर रही है जिससे गांव के ग्रामीण आत्म निर्भर हो रहे हैं। उक्त बातें बेड़ो पश्चिमी पंचायत समिति सदस्य राखी भगत ने रविवार को पेड़ों स्थित सुरेश साहू के जन वितरण प्रणाली के दुकान में राशन कार्ड धारियों के बीच में सोना सरोवर योजना के तहत धोती साड़ी व लूंगी का वितरण करते हुए कही उन्होंने कहा कि सरकार गरीबों तक मुफ्त अनाज के साथ.साथ उनके रहन.सहन के लिए धोती साड़ी व लूंगी का भी वितरण कर रही है। मौके पर जन वितरण प्रणाली के दुकानदार सुरेंद्र साहू पंचायत समिति सदस्य राखी भगत मौजूद थे।

पिपरवार : एथलेटिक्स और फुटबॉल ट्रायल चयन प्रतियोगिता का उद्घाटन

पिपरवार। गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के द्वारा एथलेटिक्स एवं फुटबॉल का ट्रायल चयन प्रतियोगिता का रविवार को आयोजन 4 नंबर मैदान मे किया गया। इस ट्रायल चयन प्रतियोगिता मे 8 वर्ष से लेकर 20 वर्ष तक के बालक एवं बालिकाओ खिलाडी शामिल हुए। इस ट्रायल चयन प्रतियोगिता के मुख्य मुख्य अतिथि के रूप मे जिला परिषद सदस्य नेहा उरांव एवं विशिष्ट अतिथि के रूप मे बचरा मुखिया श्रीमति रीना देवी, राय पंचायत मुखिया श्रीमती शीला देवी, अमरदीप कौशल उपस्थित हुए।

शिविर में 105 लोगों के स्वास्थ्य की जांच

बेड़ो। बेड़ो प्रखंड़ कार्यालय के समीप स्थित अर्श अल्ट्रासाउंड में रविवार को निःशुल्क जांच शिविर व दवा का वितरण किया गया। जहां रांची के प्रसिद्ध न्यूरो सर्जन व मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ अरुण कुमार ने 105 रोगियों की जांच कर दवा का वितरण किया। शिविर में नसों का सूनापन, हाथ पैर में झनझनाहट, मस्तिष्क, रीढ़ व नसों से संबंधित कई रोगों की मशीन से जांच की गई। कुछ को जांच के बाद रांची रेफर किया गया।

साल भर से रिक्त है जिप सदस्य का पद

सोनाहातू। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2022 में सोनाहातू प्रखंड से दो जिला परिषद सदस्य पद के लिये निर्वाचन हुये थे। सोनाहातू पूर्वी से प्रह्लाद लोहरा तथा पश्चिमी से मंजू सिंह मुंडा निर्वाचित हुये थे। प्रह्लाद लोहरा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी वीणा मुंडा को लगभग एक हजार वोट से हराया था। परंतु तीन माह बाद सोनाहातू पूर्वी के जिला परिषद सदस्य प्रह्लाद लोहरा ने इस्तीफा दिया था 23 जुलाई 2022 को उसने राज निर्वाचन आयोग और रांची डीसी को अपना इस्तीफा दिया था । एक साल बीत जाने के बाद भी सोनाहातू पूर्वी के लिये जिला परिषद सदस्य पद का उपचुनाव नहीं हुआ। जिस कारण पूर्वी जिला परिषद सीट खाली पड़ा हुआ है। इस संबंध में सोनाहातू सीओ प्यारेलाल ने कहा कि सोनाहातू पूर्वी में जिला परिषद सदस्य का खाली सीट का सूचना रांची डीसी को दिया गया है। चुनाव कराना राज्य सरकार के अधीन है।

टुटीहारा से पोस्ताबेड़ा तक ढाई करोड़ में बनेगी सड़क

खबर मन्त्र संवाददाता

नामकुम। रविवार को विधायक राजेश कच्छप ने प्रखंड के राजाउलातू पंचायत के टुटीहारा इमली पेड़ से पोस्ताबेड़ा तक 2,7 किलोमिटर पथ निर्माण कार्य की आधारशीला रखी मौके पर विधायक श्री कच्छप ने कहा कि इस पथ को ग्रामीण कार्य विभाग से स्वीकृत करा कर कुल 2.43 करोड़ रुपए की लागत से बनवाया जाएगा। श्रभ्, कच्छप ने कहा कि यह बहुप्रतिक्षित सडक है, इसको उन्होंने अपने चुनाव के समय लोगों से वादा किया था कि इसे जरूर बनवऐगें आज ग्रामीणों की वर्षो पुरानी मांग पूरी हुई। इसके बन जाने ग्रामीणों को काफी सुविधा होगी। उन्होंने संवेदक को गुणवत्तापूर्ण पथ निर्माण करने की हिदायत दी तथा ग्रामीणों को उक्त पथ पर निगरानी रखने की बात कही।

जिला अभियंता ने सिल्ली में भवन निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

सिल्ली। जिला अभियंता गुप्तेश्वर राम व विधायक प्रतिनिधि जयपाल सिंह ने रविवार को सिल्ली क्षेत्र में विभिन्न भवन निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया। इस दौरान वे सिल्ली अम्बेडकर पार्क के समीप बन रहे कला भवन पहुंचे जहां उन्होंने प्रशासनिक भवन, छात्रावास, ऑडिटोरियम, शौचालय आदि का निरिक्षन किया। जिला अभियंता ने संवेदक रणधीर सिंह को अधूरे कार्यो को जल्द पूरा कर भवन का रंग रोगन करने तथा भवन परिसर को आकर्षक ढंग सजाने के लिए कई निर्देश दिए। जिला अभियंता ने क्षेत्र में जगह-जगह भ्रमण कर बंद पड़े निर्माण कार्यो का जायजा लिया। जिसमें लोटा में सांसद भवन, सिल्ली आईटीआई एवं देलबेड़ा में विश्राम गृह का जायजा लिया। जहां-जहां उनको लगा उन्होंने कनीय अभियंता प्रदीप कुमार को उचित निर्देश देते हुए बकाया कार्यो को सूचीबद्ध किया। वहीं उन्होंने कहा कि जरुरी प्रक्रिया के पश्चात बंद पड़े निर्माण कार्यो को जल्द शुरू किया जाएगा।

आरोप-प्रत्यारोप में दो पक्षों ने एक दूसरे पर दर्ज करायी प्राथमिकी

अनगड़ा। थाना क्षेत्र के वहेया मौजा स्थित खाता संख्या 67 प्लॉट संख्या 527 रकबा 89 डीसमील जमीन पर बने घर और चहारदीवारी को जेसीबी मशीन से ढाह देने तथा रंगदारी मांगने का आरोप लगाते हुए नामकुम के उप प्रमुख बीना देवी तथा उनके पति सहदेव महतो एंव अन्य दस बारह लोगों के विरुध धनंजय सिंह ने प्राथमिकी दर्ज करायी है। वही दूसरी ओर उप प्रमुख बीना देवी के पति सहदेव महतो ने धनंजय सिंह सहित पांच लोगों के विरुध उसकी जमीन को हड़पने घमकाने तथा रंगदारी मांगने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। अनगड़ा पुलिस ने दोनो मामलो को दर्ज कर अनुसंधान कर रही है। धनंजय सिंह का आरोप है कि उसकी माता दौलत देवी ने साल 2018 में उक्त खाता एवं प्लॉट की जमीन को खरीद कर तथा अपने नाम से दाखिल खारिज करवा कर चहारदीवारी और मकान बनवाया था । जिसको उप प्रमुख बीना देवी और उनके पति सहदेव महतो सहित अन्य दस बारह लोगों ने जेसीबी मशीन से ढाह दिया। दूसरी ओर सहदेव महतो का कहना है कि उपरोक्त जमीन सीएनटी जमीन है, जिसे दौलत देवी पति रामप्रवेश सिंह ने अवैध रूप से रजिस्ट्री कराकर चहार दीवार निर्माण करवाया था और उसपर गेट लगाने का प्रयास कर रहा था। इसपर धनंजय सिह का कहना है उसने सहदेव महतो की फुआ दशमी देवी के हिस्से की जमीन को क्रय कर निर्माण करवाया था। बताया गया कि उक्त जमीन खतियान रैयत फगुआ गंझू की जमीन थी, जिसको जमीनदार के पास खतियानी रैयत के द्वारा इस्तीफा देने के बाद उक्त जमीन को ललवा महतो ने जमीन्दार से हुकुमनामा कबूलियत से बन्दोवस्त करवाया था।

मनातू की महिलाओं के बीच कोर कार्बन चूल्हे का वितरण

रातू। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ग्रामीण जिला के मंत्री सह सांसद प्रतिनिधि, खिजरी विस क्षेत्र नामकुम के समाजसेवी अशोक नायक ने दरियादिली का परिचय दिया। उन्होंने रविवार को कांके के मनातू में महिलाओं के बीच कोर कार्बन चूल्हे का वितरण किया। 245 परिवार लाभान्वित हुये। ग्रामीणों ने श्री नायक के प्रति आभार जताया। इससे पूर्व पारंपरिक तरीके से उनका स्वागत किया गया। मौके पर पार्टी नेता रामकुमार दुबे, मुखिया पूनम देवी, सरपंच लीला देवी, पूर्व मुखिया सह सांसद प्रतिनिधि थानो मुंडा, रवि कुजूर, बिरेंद्र लकड़ा, अनिल महतो, मीना मिंज, पंकज कुमार, तुलसी गोप, आदित्य नायक, संजय ठाकुर, श्याम गुप्ता, रंजनी देवी, रीमा कुमारी, रोशनी कुमारी, ममता कुमारी, मुनी देवी, संगीता देवी, सीता कुमारी व आशा देवी मौजूद थे।

खेल से टीम भावना का होता है विकास

वीर बुधू भगत फुटबॉल टूर्नामेंट के विजेता खिलाड़ी पुरस्कृत

खबर मन्त्र संवाददाता

चान्हो। प्रखंड के सिलागाईं में शहीद वीर बुधु भगत युवा क्लब द्वारा आयोजित एक दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन रविवार को फाइनल मैच के साथ किया गया। इस टूर्नामेंट में सिलागाई, पोड़ाटोली, मांडर, गणेशपुर, बिड्रा, चिताकोनी, चिगरी, डोंबाटोली सहित कुल आठ टीमों ने भाग लिया। इस टूर्नामेंट के पुरष्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए समाज सेवी सह जिप सदस्य आशुतोष तिवारी जिन्होंने विजेता व उप विजेता टीमो को शील्ड, खस्सी व नगद देकर सम्मानित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से नवजवानों पर निश्चित ही जागरूकता आती है और इसका परिणाम है कि आज सुदूर गांव के प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन जिला व राज्य स्तरीय टीमों में चयन हो रहा है। जैसे फुटबॉल में संयुक्त होकर खेलने से जीत होती है वैसे ही जीवन में खेल में समाज को इस दूसरे से जुड़ाव रख कर रहने की जरूरत है। बाद में तिवारी ने सभी टीमो को एक एक फुटबॉल देने की घोषणा की। मौके पर फुलसुन्दर उरांव, सामु महली, राजू उरांव, अनिल गोप, अरबिंद सिंह, सधनु भगत, सूरज भगत, दिलप गोप, सकील अंसारी, सोहराई उरांव, सरोज उरांव, अनुज भगत, रोशन भगत, विशाल उरांव, अमन महली साहित अन्य मौजूद थे।

बारिश में पांच किमी घूमकर घर जाते हैं ग्रामीण

पुल नहीं होने से बारिश में टापू बन जाता है भांडरा गांव

- स्कूली बच्चों को होती है काफी परेशानी

खबर मन्त्र संवाददाता

सिल्ली। सिल्ली प्रखंड के किता धुंधाधारा उरांगड़ा नदी तट पर बसा भांडरा गांव के ग्रामीण वर्षा के दिनों में 5 किलोमीटर दूरी तय कर मुख्य सड़क तक पहुंचते हैं। बारिश के दिनों में नदी के बहाव तेज होने के कारण स्कूली बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण इंद्र लोहरा, अजीत लोहरा, बहादुर लोहरा, बिलासी देवी, करुणा देवी आदि का कहना है हम सभी मजदूरी करने बाहर जाते हैं ऐसी स्थिति में बच्चे कब कैसे नदी पार करेंगे इसको लेकर सब चिंतित रहते हैं, इसलिए हम लोगों ने स्कूल से बच्चों का नाम ही कटवा दिया। प्रारंभिक शिक्षा गांव के एक छोटे स्कूल पर हो जाती है। इस गांव में 12 घरों में लगभग 17 परिवार रहते हैं। गांव के आधे से अधिक लोग सुबह होते ही मजदूरी करने के लिए बाहर चले जाते हैं। वहीं देर शाम वर्षा के दिनों में नदी में अत्यधिक पानी होने के कारण उन्हें 5 किलोमीटर से अधिक दूरी तय कर घर जाना पड़ता है। कई लोग घर पहुंचने को लेकर जान जोखिम कर नदी पार कर जाते हैं। ग्रामीणों

के पुल निर्माण के लिए अब तक विभाग की ओर से कोई पहल नहीं किया गया है। संबंधित विभागीय कनीय अभियंता राजकुमार महतो से इस संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि पुल निर्माण की प्रतिक्रिया चल रही है। जल्द ही विभाग की ओर से टेंडर निकाला जाएगा।

क्रूरता पर सवाल

दरअसल, असली सवाल यह है कि मामले में 18 मई को प्राथमिकी दर्ज होने पर पुलिस ने कार्रवाई क्यों नहीं की? राज्य प्रशासन ने भी इस अमानवीय घटना को गंभीरता से लेते हुए दोषियों के खिलाफ एक्शन क्यों नहीं लिया। यह एक अमानवीय घटना थी। जिसमें न केवल अपहरण, नग्न परेड, गैंगरेप, हत्याएं हुई बल्कि अपराधियों का दुस्साहस देखिये कि पीड़ितों की पहचान उजागर करने वाला वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया गया। भले ही इसके बाद महिला संगठनों द्वारा विरोध मार्च निकालने की घोषणा पर कुछ जिलों में कर्फ्यू लगा दिया गया हो, लेकिन घटना की गंभीर प्रतिक्रिया से इनकार नहीं किया जा सकता। निस्संदेह, यौन हिंसा की घटना दिल दहला देने वाली है। वारदात बेहद शर्मनाक व निंदनीय भी है। किसी सभ्य समाज में जातीय कटुता के लिये महिलाओं को लक्षित करना एक घिनौनी हरकत ही कही जायेगी। ऐसे आपराधिक कृत्य करने वाले लोगों को किसी धर्म, जाति व समाज में कोई जगह नहीं दी जानी चाहिए। मणिपुर सरकार से सवाल पूछा जाना चाहिए कि ढाई माह की हिंसा में करीब डेढ़ सौ लोगों की मौत और साठ हजार लोगों के बेघर होने के बाद स्थिति को सामान्य बनाने के लिये उसने क्या प्रयास किये हैं? यही वजह है कि सुप्रीम कोर्ट को कहना पड़ा कि अगर सरकार कार्रवाई नहीं करती तो हम करेंगे। कोर्ट ने सख्त लहजे में कहा कि यदि थोड़े समय में जमीनी कार्रवाई न हुई तो कोर्ट एक्शन लेगा। चीफ जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़, जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने घटना को पूरी तरह अस्वीकार्य बताया। मुख्य न्यायाधीश ने वीडियो को आत्मा को झकझोर देने वाला बताते हुए कहा कि एक लोकतांत्रिक देश में इस तरह की घटना बर्दाश्त नहीं की जा सकती।

सैन्य बल में महिला

अब भारतीय सेना ने देश सेवा का सपना देख रही युवतियों-महिलाओं के लिए महिला सैन्य पुलिस में सैनिकों के रूप में भर्ती का अवसर मिलेगा। अभी तक शॉर्ट सर्विस कमीशन के जरिए सेना की मेडिकल, सिग्नल, एजुकेशन और इंजीनियरिंग कोर में भर्ती की जाने वाली महिलाओं को सीधे मोर्चे पर लड़ाकू भूमिका में भेजने से परहेज था। पूछा जाता था कि क्या महिलाएं दुश्मन से मोर्चा लेने के लिए सरहद पर जाने और सीमा पर वापस आते ताबूतों को देखने के लिए तैयार हैं (संदर्भ-पिछले वर्ष सेना प्रमुख बिपिन रावत का बयान)। महिलाओं की दृढ़ता पर सवाल उठाती आशंकाओं का ही प्रतिफल है कि थल सेना में महिलाओं की हिस्सेदारी सिर्फ 3.80 फीसद, वायु सेना में 13.09 फीसद और नौसेना में 6 फीसद है। करीब 14 लाख सशस्त्र बलों के 65 हजार अफसरों के कैडर में देखें तो थल सेना में 1500, वायु सेना में 1600 और नौसेना में मात्र 500 महिलाएं हैं। बेशक, सेना में महिलाओं को अब से दो की बजाय दस शाखाओं में परमानेंट कमीशन देने पर तो सहमति है, लेकिन उन्हें कमांड भूमिकाओं में अब भी नहीं लाया जाएगा। तात्पर्य यह कि महिलाओं को किसी यूनिट के नेतृत्व का मौका नहीं मिलेगा। कमांडिंग अफसर बनने की बजाय परमानेंट कमीशन मिलने के बावजूद कर्नल के पद तक ही पहुंच सकेंगी। वैसे हर साल सशस्त्र सुरक्षा बलों की तीनों शाखाओं में करीब 3300 महिलाओं की भर्ती होती है, लेकिन वे सीधे दुश्मन से नहीं भिड़ती हैं। महिलाओं को लड़ाकू भूमिका नहीं देने को लेकर कुछ बाधाओं की बात कही जाती रही है। लेकिन वर्तमान समय में उनकी बहादुरी और होशियारी के साथ विश्व के विकसित देशों में जिस प्रकार की उन्हें जिम्मेदारी दी जा रही है उसकी चर्चा कम ही होती है। आज भारतीय परिवेश में उनकी भी एक समृद्ध परम्परा है।

प्रशासनिक विफलता का नतीजा है दुर्घटना

मेरठ एक्सप्रेस वे पर बस और कार की टक्कर महज हादसा नहीं थी, बल्कि वह प्रशासनिक लापरवाही का नतीजा रही। एक्सप्रेस वे पर आठ किलोमीटर तक कोई बस कैसे गलत दिशा में दौड़ती रह सकती है? इसका अनुमान तंत्र को होना चाहिए और उसे रोकने का इंतजाम भी उसे ही करना चाहिए।

प्राकृतिक आपदाओं पर किसी का वश नहीं। लेकिन इन आपदाओं से जुड़ी कुछ घटनाएं और सामान्य हादसे ऐसे होते हैं, जिन पर काबू पाया जा सकता था। हाल के दिनों में घटी कुछ घटनाओं को इन्हीं श्रेणियों में रखा जा सकता है। इन घटनाओं ने देश और समाज को विचलित कर दिया। पहली घटना रही मेरठ से दिल्ली को जोड़ने वाले एक्सप्रेस वे पर हुई दुर्घटना, जिसमें गलत दिशा से आ रही एक बस से कार की आमने-सामने की टक्कर हुई, जिसमें एक हंसता-खेलता परिवार खत्म गम और आंसुओं के समंदर में डूब गया। इस हादसे के कुछ ही दिन पहले दिन में हुई जोरदार बारिश ने दिल्ली को जैसे झील में तब्दील कर दिया। कुछ इसी तरह हिमाचल प्रदेश भी डूब रहा है। मंडी जिले में तो सड़कों पर मलबे की बाढ़ आ गई। इन घटनाओं में पहली नजर में कोई समानता नजर नहीं आती। एक जहां सड़क हादसा है तो दूसरी-तीसरी घटना प्राकृतिक आपदा है। लेकिन इन घटनाओं में समानता इस लिहाज से है कि इनसे बचा जा सकता था या उनसे होने वाले नुकसान को कम से कम किया जा सकता था।

लोकतांत्रिक व्यवस्था में सबसे ज्यादा सवालों के घेरे में राजनीतिक तंत्र होता है। लोगों के मत से चुनकर आने की वजह से उन पर सवाल होना भी चाहिए। हमने जिस तरह का नैरेटिव विकसित किया है, उसमें मोहल्ले की गड़बड़ी से लेकर राष्ट्रीय समस्या के लिए सिर्फ और सिर्फ राजनीतिक तंत्र ही जिम्मेदार माना जाता है। इसलिए सवालों के घेरे में वही सबसे ज्यादा रहता है। लेकिन सवाल यह है कि क्या सिर्फ राजनीतिक तंत्र ही इसके लिए जिम्मेदार है? क्या यह सवाल नहीं उठना चाहिए कि इसके लिए व्यवस्था और उसके सबसे अहम अंग नौकरशाही जवाबदेह नहीं है?

नौकरशाही पर सबसे वैज्ञानिक और स्वीकार्य अध्ययन जर्मन समाजशास्त्री मैक्स वेबर का माना जाता है। उन्होंने लोकतांत्रिक व्यवस्था में निरंतरता के लिए नौकरशाही और प्रशासनिक तंत्र को बेहतरीन जरिया बताया है। अपने इसी अध्ययन में मैक्स वेबर नौकरशाही की नकारात्मक भूमिका की ओर भी ध्यान दिलाते हैं। उनका मानना है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की नौकरशाही नियमों और उसकी प्रक्रिया को ही अपना लक्ष्य मान लेती है। दफ्तरी सोच की वजह से यह तंत्र एक तरह से कल्पनाहीन विशेषज्ञों का समूह विकसित करने लगती है। चाहे मेरठ एक्सप्रेस वे पर हुआ हादसा हो या दिल्ली के डूब जाने की कहानी या फिर ऐसी ही कोई और घटना, हर घटना या हादसे का विश्लेषण करेंगे तो पाएंगे कि हमारा व्यवस्था तंत्र भी कल्पनाहीनता की सुरंग में समाता जा रहा है। मेरठ एक्सप्रेस वे हुई घटना महज हादसा नहीं है, बल्कि प्रशासनिक तंत्र की लापरवाही भी है। दिल्ली अगर डूब रही है, यहां की सड़कें अगर धंस रही हैं, कुछ साल पहले अगर पटना डूब रहा था, अगर मंडी की गलियों में मलबा बह रहा है, कुछ साल पहले जयपुर की सड़कें अगर मलबे से डूब गई थीं, तो इसके मूल में कहीं न कहीं भारतीय तंत्र की कल्पना और अनुमानहीनता की कमी ज्यादा जिम्मेदार रही है। हमारा तंत्र हादसों और घटनाओं के बाद चेतता है। वह उन हादसों और घटनाओं का अनुमान लगाकर उन्हें रोकने या बाधित करने के लिए जरूरी कदम नहीं उठा पाता।

अफसरशाही अपनी हर योजना भविष्य, भावी अनुमानों और उस पर आधारित परिणामों को ध्यान में रख बनाती थी। आईसीएस यानी इंपीरियल सिविल सर्विस ही आज की भारतीय नौकरशाही की मूल है। लेकिन लगता है कि उसने अपने पूर्ववर्ती तंत्र का यह गुण आत्मसात नहीं किया। साल 1922 में ब्रिटेन के तत्कालीन प्रधानमंत्री डेविड लॉयड जॉर्ज ने तत्कालीन ब्रिटिश नौकरशाही को ब्रिटिश राज का स्टील फ्रेम बताया था। तब की नौकरशाही ने ब्रिटिश सरकार को बचाने के लिए स्टील फ्रेम की तरह काम तो किया, उसे बनाए रखने के लिए भी अपनी कल्पनाशीलता का सहारा लिया। उन्होंने जो योजनाएं बनाईं, जो निर्माण किए, वे अरसा बाद तक अप्रासंगिक नहीं हुए। लेकिन उसकी तुलना में आज के तंत्र को देख लीजिए। उसकी बनाई योजना, उसके हिसाब से उठाए कदम जल्द ही अप्रासंगिक हो जाते हैं। दिल्ली अगर डूब रही है तो कहीं न कहीं दिल्ली के तंत्र की सोच भी इसके लिए जिम्मेदार है। जब सामान्य जन तक को पता है कि दिल्ली में जून के आखिर में मानसून आ जाएगा, ऐसे में शहर के ड्रेनेज को बहाने वाले नालों की सफाई हर हाल में मई तक हो जानी चाहिए थी, सड़कों की खुदाई और मरम्मत तक मई या अधिकतम जून के बीच तक हो जाना चाहिए था। लेकिन दिल्ली घूमिए, कई सड़कों पर सीवर लाइनें मई में बनानी शुरू हुई हैं। अरबिंदो मार्ग के दोनों तरफ की सड़क को ठीक मानसून आने के पहले खोद दिया गया।

मेरठ एक्सप्रेस वे पर बस और कार की टक्कर महज हादसा नहीं थी, बल्कि वह प्रशासनिक लापरवाही का नतीजा रही। एक्सप्रेस वे पर आठ किलोमीटर तक कोई बस कैसे गलत दिशा में दौड़ती रह सकती है? इसका अनुमान तंत्र को होना चाहिए और उसे रोकने का इंतजाम भी उसे ही करना चाहिए। देशभर की ट्रैफिक पुलिस को देखिए, वह सिर्फ दंडात्मकर कार्यवाही में जुटी रहती है। वह इस ताक में रहती है कि कोई ट्रैफिक नियम तोड़े, ताकि वह उसे पकड़ कर कभी अपनी तो कभी सरकारी खजाने को भर सके। जबकि होना चाहिए कि वह ट्रैफिक को सही तरह से आगे बढ़ाती रहे। नगर निगमों के अधिकारियों की कार्यप्रणाली देखिए। गलियों में शोर बढ़ता रहे, गलियां अतिक्रमण से संकरी होती रहें। गलत तरीके से निर्माण होता रहे, ऐसे मामलों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की बजाय निगम का तंत्र अपनी जेब भरने और ऐसे मामलों में उदासीनता है। ।

-उमेश चतुर्वेदी

लोकतांत्रिक व्यवस्था में सबसे ज्यादा सवालों के घेरे में राजनीतिक तंत्र होता है। लोगों के मत से चुनकर आने की वजह से उन पर सवाल होना भी चाहिए। हमने जिस तरह का नैरेटिव विकसित किया है, उसमें मोहल्ले की गड़बड़ी से लेकर राष्ट्रीय समस्या के लिए सिर्फ और सिर्फ राजनीतिक तंत्र ही जिम्मेदार माना जाता है। इसलिए सवालों के घेरे में वही सबसे ज्यादा रहता है। लेकिन सवाल यह है कि क्या सिर्फ राजनीतिक तंत्र ही इसके लिए जिम्मेदार है?

खास बात

रक्तदान महादान जीवन का वरदान

माँ शारदे मंच के द्वारा मेदांता अस्पताल के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन महेश्वरी बालिका उच्च विद्यालय, अशोक नगर, राँची में किया गया। कार्यक्रम में कुल 21 युनिट रक्त संग्रह किया गया। शिविर में राँची के विभिन्न क्षेत्रों से लोगों ने आकर रक्तदान

किया। कार्यक्रम के संबंध में मंच की अध्यक्ष नीतू सिन्हा ने बताया कि माँ शारदे मंच निरंतर साहित्यिक एवं सामाजिक गतिवधियों का आयोजन करता है इसी क्रम में कारगिल विजय दिवय के उपलक्ष्य में मंच की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होनें इस कार्य में सहयोग के लिए मेदांता अस्पताल के निदेशक विश्वजीत कुमार, मेदांता अस्पताल के दीपक मल्लिक एवं उपस्थित चिकित्सकों-कर्मियों का विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होनें कहा कि भविष्य में भी मंच द्वारा इस प्रकार के शिविर लगाये जाएंगे तथा मंच की ओर से लोगों को इस पुनीत कार्य हेतु जागरूक करने का कार्य किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोगों को जोड़ा जा सके।

कार्यक्रम में सुधांशु कुमार, चन्दन कुमार, रचना मल्लिक, शशी प्रिया, रविन्द्र कुमार, राजीव वर्मा, सुमिता सिंह, अमरेन्द्र, समीर सिन्हा, नीतू सिन्हा इत्यादि ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में मुकेश कुमार, समीर सिन्हा, अंजनी कुमारी, शिखा सिन्हा, अशोक प्रमाणिक इत्यादि ने सहयोग किया।

संसारिक जीवन

धर्म-प्रवाह

महर्षि अरविंद

पात्रता के अभाव में सांसारिक जीवन में किसी को शायद ही कुछ विशेष उपलब्ध हो पाता है। अपना सगा होते हुए भी एक पिता मूर्ख गैर जिम्मेदार पुत्र को अपनी विपुल सम्पत्ति नहीं सौंपता। कोई भी व्यक्ति निर्धारित कसौटियों पर खरा उतरकर ही विशिष्ट स्तर की सफलता अर्जित कर सकता है। मात्र मांगते रहने से कुछ नहीं मिलता, हर उपलब्धि के लिए उसका मूल्य चुकाना पड़ता है। बाजार में विभिन्न तरह की वस्तुएं दुकानों में सजी होती हैं, पर उन्हें कोई मुफ्त में कहां प्राप्त कर पाता है? अनुनय विनय करने वाले तो भीख जैसी नगण्य उपलब्धि ही करतालगत कर पाते हैं। पात्रता के आधार पर ही शिक्षा, नौकरी, व्यवसाय आदि क्षेत्रों में भी विभिन्न पात्रता विकसित हो जाने पर बिना मांगें ही वे साधक पर बरसती हैं। उन्हें किसी प्रकार का अनुनय विनय नहीं करना पड़ता है। दैवी शक्तियां परीक्षा तो लेती हैं, पर पात्रता की कसौटी पर खरा सिद्ध होने वालों को मुक्तहस्त से अनुदान भी देती हैं। यह सच है कि अध्यात्म का, साधना का चरम लक्ष्य सिद्धियां-चमत्कारों की प्राप्ति नहीं है, पर जिस प्रकार अध्यवसाय में लगे छात्र को डिग्री की उपलब्धि के साथ-साथ बुद्धि की प्रखरता का अतिरिक्त अनुदान सहज ही मिलता रहता है, उसी तरह आत्मोत्कर्ष की प्रचण्ड साधना में लगे साधकों को उन विभूतियों का भी अतिरिक्त अनुदान मिलता रहता है, जिसे लोक-व्यवहार की भाषा में सिद्धि एवं चमत्कार के रूप में जाना जाता है। पर चमत्कारी होते हुए भी ये प्रकाश की छाया जैसी ही हैं।

रोचक ट्वीट

पक्का मकान - शौचालय, बिजली,रसोई गैस, पेयजल,हर महीने खाद्यान्न जैसी सभी जरूरी सुविधाओं के साथ,बिलकुल मुफ्त!

कोडरमा के गरहाई की फुलिया देवी कहती हैं - ₹इतनी सुविधाओं की उम्मीद किसी सरकार से नहीं थी,किसी और ने दी भी नहीं। **-अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**

पलामू लोकसभा क्षेत्र से माननीय सांसद आदरणीय श्री विष्णु दयाल राम जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं और जोहार।

परमात्मा आपको सदैव उत्तम स्वास्थ्य और दीघार्यु प्रदान करें, यही कामना करता हूँ।

-हेमंत सोरेन, सीएम

दुनिया की आबादी सात अरब से ज्यादा है। इसमें से कोई भी कष्ट उठाना नहीं चाहता और न ही कोई समस्याओं का सामना करना चाहता है। इसके बावजूद हम कई सारी समस्याओं का सामना कर रहे हैं जो खुद हमने खड़ी की हैं।

-दलाई लामा

वैश्विक बाजारी शक्तियां भारत के संयुक्त परिवारों को तोड़ने में सफल हो रही हैं

प्रह्लाद सबनानी

बहुराष्ट्रीय कम्पनियां भारत में भी प्रयासरत हैं कि किस प्रकार भारत में संयुक्त परिवार की प्रणाली को तोड़ा जाये ताकि परिवारों की संख्या बढ़े एवं विभिन्न उत्पादों की मांग बढ़े और इन कम्पनियों द्वारा निर्मित उत्पादों की बिक्री बाजार में बढ़े।

सनातन भारतीय संस्कारों के अनुसार भारत में कुटुंब को एक महत्वपूर्ण इकाई के रूप में स्वीकार किया गया है एवं भारत में संयुक्त परिवार इसकी परिणती के रूप में दिखाई देते है। परंतु, पश्चिमी आर्थिक दर्शन में संयुक्त परिवार लगभग नहीं के बराबर ही दिखाई देते हैं एवं विकसित देशों में सामान्यतः बच्चों के 18 वर्ष की आयु प्राप्त करते ही, वे अपना अलग परिवार बसा लेते हैं तथा अपने माता-पिता से अलग मकान लेकर रहने लगते हैं। इस चलन के पीछे संभवत आर्थिक पक्ष इस प्रकार जुड़ा हुआ है कि जितने अधिक परिवार होंगे उतने ही अधिक मकानों की आवश्यकता होगी, कारों की आवश्यकता होगी, टीवी की आवश्यकता होगी, फ्रिज की आवश्यकता होगी, आदि। लगभग समस्त उत्पादों की आवश्यकता इससे बढ़ेगी जो अंततः मांग में वृद्धि के रूप में दिखाई देगी एवं इससे इन वस्तुओं का उत्पादन बढ़ेगा। ज्यादा वस्तुएं बिकने से बहुराष्ट्रीय कम्पनियों की लाभप्रदता में भी वृद्धि होगी।

बहुराष्ट्रीय कम्पनियां भारत में भी प्रयासरत हैं कि किस प्रकार भारत में संयुक्त परिवार की प्रणाली को तोड़ा जाये ताकि परिवारों की संख्या बढ़े एवं विभिन्न उत्पादों की मांग बढ़े और इन कम्पनियों

समस्या

द्वारा निर्मित उत्पादों की बिक्री बाजार में बढ़े। इसके लिए बहुराष्ट्रीय कम्पनियां इस प्रकार के विभिन्न सामाजिक सीरियलों को बनवाकर प्रायोजित करते हुए टीवी पर प्रसारित करवाती हैं जिनमें संयुक्त परिवार के नुकसान बताए जाते हैं एवं छोटे छोटे परिवारों के फायदे दिखाए जाते हैं। सास बहू के बीच छोटी छोटी बातों को लेकर झगड़े दिखाए जाते हैं एवं जिनका अंत परिवार की टूट के रूप में बताया जाता है। भारत एक विशाल देश है एवं विश्व में सबसे बड़ा बाजार है, बहुराष्ट्रीय कम्पनियां यदि अपने इस कुचक्र में सफल हो जाती हैं तो उनकी सोच के अनुसार भारत में उत्पादों की मांग में बेतहाशा वृद्धि हो सकती है, इससे विशेष रूप से बहुराष्ट्रीय कम्पनियों को सीधे सीधे फायदा होगा। इसी कारण के चलते आज जॉर्ज सोरोस जैसे कई विदेशी नागरिक अन्य कई विदेशी संस्थानों एवं बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के साथ मिलकर भारतीय संस्कृति पर हमला करते हुए दिखाई दे रहे हैं एवं भारतीय संस्कृति को नष्ट करने का प्रयास कर रहे हैं।

आज यदि भारत विभिन्न क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बन जाता है, जिसके लिए लगातार प्रयास भारत में किए जा रहे हैं, तो इसका सबसे अधिक बुरा असर इन बहुराष्ट्रीय कम्पनियों पर होने वाला है। क्योंकि, इससे इन कम्पनियों द्वारा निर्मित उत्पादों की मांग भारत में कम हो जाएगी और आज केवल भारत ही पूरे विश्व में सबसे अधिक तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गया है। यदि भारत में इन बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के उत्पादों की मांग कम हो जाती है तो ये कम्पनियां अपने उत्पादों को बेचेंगी कहां एवं कैसे अपनी लाभप्रदता में वृद्धि दर्ज करेंगी। इसलिए इन बहुराष्ट्रीय कम्पनियों ने भारत की महान संस्कृति पर अपने हमलों के तेज कर दिया है।विकसित देशों में आज सामाजिक तानाबाना छिन्न भिन्न हो गया है। शादी शुदा जोड़ों के बीच तलाक की दर लगभग 50 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जिससे छोटे छोटे बच्चे केवल अपने माता अथवा पिता के साथ रहने को मजबूर हैं। यदि माता अथवा पिता में से कोई एक पुनः विवाह कर लेता है तो उस बच्चे को सौतेले पिता अथवा सौतेली माता के साथ रहना होता है, जहां उसकी पर्याप्त देखभाल नहीं हो पाती है।

कॉर्टून वर्ल्ड

ब्रेन कल्चर भी नुकसान देह

लेटर टू एडिटर

ममता की नीति

ममता बनर्जी ने यह सब मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति के तहत किया है। ऐसे नेता जो देश में विकास करने की जगह हिंदू-मुस्लिम करने की कोशिश करते हैं, इनसे देश कैसे उम्मीद रख सकता है? हमारे नेताओं को ऐसी हरकतों से बाज आना चाहिए। भारतीय कानून ने भले ही मतदान के वैयक्तिक अधिकार दिए हों, परन्तु व्यवहार में ऐसा नहीं होता है। ममता बनर्जी को नीति बदलना ही होगा।

-रविकांत झा, खूंटी

महिलाओं का उत्पीड़न

परिवार और समाज के अन्य सदस्य, जिसे मतदान करते हैं, उसी को मतदान करने के लिए अन्य सदस्यों पर दबाव डालते हैं। हाल ही में झारखंड में एक महिला द्वारा अपने मनचाहे प्रत्याशी को मतदान करने पर उनके परिजनों ने प्रताड़ित किया। ऐसे कृत्यों पर रोक लगाना लोकतंत्र की मजबूती के लिए जरूरी है। साथ ही, ऐसा किए जाने से मतदाताओं का किसी खास जाति-धर्म के आधार पर ध्रुवीकरण पर भी रोक लगेगी। **-रवि, रांची**

मणिपुर की 'घटना' से आहत देश

ऋतुपर्ण दवे

मणिपुर में जो हुआ, बेहद शर्मनाक है। उससे भी शर्मनाक पुलिस संरक्षण में जा रही पीड़िता को भीड़ द्वारा छुड़ा लेना...। और उससे भी शर्मनाक अपराधियों की करतूत का विरोध करने का साहस दिखाने वाले निर्वस्त्र पीड़िता के पिता और भाई की भी हत्या...। लेकिन स्थानीय पुलिस को 19 जुलाई तक पता नहीं चलना कई लिहाज से दुखद व शर्मनाक है। व्यवस्था को शर्म आनी चाहिए कि सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश को खुद आगे आकर दखल देना पड़ा।

प्रधानमंत्री खुद इसे कहते हैं कि मणिपुर की घटना से उनका हृदय पीड़ा में है। शर्मसार करने वाली घटना है। पापी कौन हैं। कितने हैं। वो अपनी जगह है लेकिन बेइज्जती पूरे देश की हुई है। 140 करोड़ देशवासियों को शर्मसार होना पड़ा है। सवाल महज तीन महिलाओं की आबरू का नहीं है। पीड़िता का बयान बहुत दर्दनाक है। दुखद यह भी है कि आरोपितों में से एक पीड़िता के भाई का दोस्त था। सच में मणिपुर में नफरत की दीवार इंसानियत और रिश्तों को तार-तार करने की हद पार कर चुकी है। इनमें एक पीड़ित महिला के पति भारतीय सेना में सूबेदार होकर रिटायर हुए हैं। वो कारगिल की लड़ाई लड़ चुके हैं। भारी मन से कहते हैं कि उन्होंने बड़ी-बड़ी लड़ाई लड़ीं। अब उन्हें उनका घर भयावह युद्ध के मैदान से ज्यादा खतरनाक लगने लगा है।

मणिपुर में पिछले तीन माह से

समस्या

हिंसा जारी है। राजधानी इंफाल बीचों बीच बसा प्रदेश का 10 प्रतिशत हिस्सा है। इसमें 57 प्रतिशत आबादी रहती है। बाकी 90 प्रतिशत पहाड़ी इलाके हैं। इनमें 43 प्रतिशत लोग रहते हैं। इंफाल घाटी मैतेई बहुल है। यहां ज्यादातर हिंदू हैं तथा आबादी के लिहाज से 53 प्रतिशत है। मणिपुर के 60 में से 40 विधायक इसी समुदाय के हैं। दूसरी ओर पहाड़ों में 33 मान्य जनजातियां आबाद हैं जो नगा और कुकी हैं। दोनों खासतौर पर ईसाई हैं। 8-8 प्रतिशत आबादी मुस्लिम और सनमही समुदाय की है। संविधान का अनुच्छेद 371-सी पहाड़ी जनजातियों को वो विशेष दर्जा और सुविधाएं देता है, जो मैतेई को नहीं मिलते। इसी लैंड रिफॉर्म एक्ट के कारण मैतेई पहाड़ों में जमीन नहीं खरीद सकते जबकि जनजातीय के पहाड़ों से घाटी में आकर बसने पर कोई रोक नहीं है। बस इसी कारण दोनों में मतभेद हुए जो वक्त के साथ बढ़ते चले गए। कुकी और मैतेई के बीच बढ़ती दूरियों की वजह भले ही कुछ भी हो लेकिन यदि इसके समाधान की कोशिश होतीं तो शायद मणिपुर में हिंसा के शोल नहीं भड़कते।मजबूत राजनीतिक इच्छा शक्ति से इस मसले का हल संभव है। यह वही मणिपुर है जहां महिलाओं को पुरुषों से ज्यादा अधिकार प्राप्त हैं। एशिया का सबसे बड़ा महिला बाजार एमा मार्केट राजधानी इंफाल की शोभा बढ़ाता है। अंग्रेजों के विरोध आंदोलन का खासा इतिहास भी है। शराबबंदी पर मणिपुरी महिलाओं की जागरुकता बड़ी मिशाल है। उग्रवाद के उफान के वक्त भी महिलाओं के साथ ऐसी शर्मनाक घटनाएं नहीं हुईं। मणिपुर पुलिस का रविवार तड़के आया एक ट्वीट महत्वपूर्ण है। इसमें पहाड़ी और घाटी दोनों जिलों के विभिन्न क्षेत्रों में कुल 126 नाके और जांच चौकियां बनाने और हिंसा के संबंध में 413 लोगों को हिरासत में लेने की बात लिखी है। राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-37 पर जरूरी सामान की आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक वस्तुओं के साथ 749 वाहनों की और एनएच-2 पर 174 वाहनों की आवाजाही सुनिश्चित करने का दावा भी किया गया है। काश, पुलिस पहले चेत जाती?

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708948433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

आजाद के आदर्शों से लें प्रेरणः नायक

रजरप्पा । छोटकी लारी में रविवार को महान स्वतंत्रता सेनानी और कट्टर देशभक्त चन्द्रशेखर आजाद की 117वीं जयंती मनाई गई। पूर्व प्राचार्य पुन्नु राम नायक ने उनकी तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। उन्होंने कहा कि जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी व खाके वतन का मुझको हर जर्रा देवता है। यह समझकर अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीदों की आत्माएं देश की मौजूदा दुर्दशा देखकर कलप रही होंगी। आज के युवा चन्द्र शेखर आजाद की तरह यदि अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित हो जाए तो कोई भी लक्ष्य युवाओं द्वारा प्राप्त किया जा सकता है। हमें अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के आदर्शों से प्रेरणा लेकर देश की लोकतांत्रिक मर्यादा को बचाए रखना चाहिए।

मजदूर संघ का मना स्थापना दिवस

भुरकुंडा (रामगढ़)। सीसीएल सीकेएस सौदा डी कार्यालय में रविवार को बरका-सयाल क्षेत्र द्वारा भारतीय मजदूर संघ का धूमधाम से समारोह पूर्वक स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राम विनय त्रिपाठी एवं शिवशंकर सिंह द्वारा झंडोत्तोलन कर किया गया। मौके पर भारतीय मजदूर संघ के इतिहास पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि हमारी यूनियन के लिए मजदूरों का हित सर्वोपरि है, इससे कोई समझौता नहीं किया जा सकता। मौके पर उपस्थित लोगों के बीच मिठाई का वितरण कर स्थापना दिवस की बधाई दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष हरीनाथ महतो एवं संचालन क्षेत्रीय सचिव शंभू प्रसाद सिंह ने किया। मौके पर श्रीकांत गुप्ता, संतोष पांडेय, सुखचौन सिंह, प्रदीप कुमार, सुभाष ओझा, जेपी अग्रवाल, सुधीर सिंह, ललन प्रसाद, अनिल पासवान, नौशाद आलम, सिराजुद्दीन आलम, पालेश्वर दांगी, प्रहलाद गोप, राजकुमार, प्रयाग प्रसाद सहित क्षेत्र के दर्जनों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

दर्शन बने संघर्ष मोर्चा के उपाध्यक्ष

बासल (रामगढ़)। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने संगठन का विस्तार करते हुए पूर्व पार्षद झारखंड आंदोलनकारी दर्शन गंझू को उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। आशा व्यक्त की है कि दर्शन गंझु के नेतृत्व में उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के आंदोलनकारियों को बल मिलेगा एवं संगठन के विस्तारीकरण के दिशा में सकारात्मक पहल होगी।झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में दर्शन गंझू के नेतृत्व में जोरदार आंदोलन हुआ था। उन्होंने कहा कि अपने दायित्वों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करते हुए मोर्चा को और बुलंदियों तक ले जाना मेरा लक्ष्य होगा।

26 को मनेगा कारगिल विजयोत्सव

भदानीनगर (रामगढ़)। भदानीनगर के आईएजी कोल कंपनी स्थित पूर्व सैनिक एचएन यादव के आवास परिसर में आगामी 26 जुलाई को कारगिल विजयोत्सव समारोह पूर्वक धूमधाम से मनाया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए पूर्व सैनिक एचएन यादव ने बताया कि 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसमें अनेको सैनिकों की शहादत, वीरता और बलिदान के बाद भारत ने धोखे से कब्जा की गई अपनी पोस्टों को पाकिस्तान से छिनकर पुनः उनपर तिरंगा फहराया था जो कि पूरे देश के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले देश के वीर शहीदों के लिए 26 को आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में समाजसेवी, बुद्धिजीवी, जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग शामिल होंगे। श्री यादव ने क्षेत्रवासियों को इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

लारी और गोला में मिले नौ कुष्ठ मरीज

रामगढ़। कुष्ठ रोग खोजी अभियान के तहत राज्य स्तरीय टीम ने रामगढ़ जिले का दौरा किया। इस दौरान झारखंड स्टेट कंसलटेंट रांची , डॉ सिद्धार्थ विश्वाल एवं झारखंड स्टेट कोऑर्डिनेटर डॉ काशीनाथ चक्रवर्ती की अध्यक्षता में गठित टीम ने सर्वप्रथम चितरपुर प्रखंड के लारी एवं गोला प्रखंड के रकुवा के स्क्रीनिंग कैम्प का सर्वेक्षण किया। मौके पर कुल 112 संदिग्ध लोगों की जांच की गई एवं 9 लोगों में कुष्ठ रोग की पुष्टि की गई । साथ ही उनका रेजिस्ट्रेशन कर दवाइयों का भी वितरण किया गया। उन्होंने अब तक हुए सर्वे कार्य का जायजा लेते हुए टीम ने संदिग्ध पाए गए लोगों की सही तरीके से शारीरिक जांच करने एवं कुष्ठ रोगियों का अच्छे से उपचार करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सुदूर क्षेत्रों में रहने वाले लोगों एवं स्लम क्षेत्र के लोगों पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने सर्वे कार्य में लगी सहियाओं तथा सुपरवाइजर्स को कुष्ठरोग खोजी अभियान के विषय में कई महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी। मौके पर जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ सविता वर्मा, जिला काय चिकित्सक डॉक्टर सावंत कुमार, पीएमडब्लूयु मनीषा कुमारी एवं पंकज कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

सांसद जयंत सिन्हा व सदर विधायक मनीष जायसवाल सड़क का किया शिलान्यास

दारू प्रखंड के तीन पंचायतों के 20 हजार ग्रामीणों को मिलेगा लाभ

आठ करोड़ रुपये की लागत से बनेगी 11 किलोमीटर सड़क

खबर मन्त्र संवाददाता

दारू। हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा व सदर विधायक मनीष जायसवाल ने रविवार को सदर प्रखंड के हुटपा के बनाहप्पा मोड़ पर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत टीओ-2 हुटपा से गुरहेत होते हुए पीडब्लूडी पथ चंदवार तक पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया । इस पथ का निर्माण आरईओ के द्वारा 8 करोड़ की लागत से 11.2 किमी पथ का निर्माण कराया जाएगा ,जो हजारीबाग - बगोदर पथ एनएच 522 से हुटपा बनाहप्पा मोड़ से गुरहेत पंचायत को जोड़ेगा। इस पथ से करीब 20 हजार लोगों को आवागमन में सहूलियत होगी। सदर प्रखंड के तीन पंचायत बानाहप्पा, चुटियारो और गुरहेत के ग्राम हुटपा, बानाहप्पा, सरौनी और गुरहेत के ग्रामीणों को सीधा फायदा होगा। सांसद जयंत सिन्हा ने ग्रामीणों को बधाई देते हुए कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार विकास योजनाओं को लटका कर रखती है। संसद ने केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी। संसद ने जनता से आगामी चुनाव में भाजपा की सरकार केंद्र के साथ साथ राज्य में भी बनेगी। सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि इस सड़क के बन जाने से लोगों के आवागमन और परिवहन में सुविधा होगी। मौके पर हुटपा पंचायत के जिला पार्षद सुनीता देवी , मुखिया कविता सिंह, सांसद प्रतिनिधि कुमार अरविंद पप्पू, जुगनू सिंह, बिपिन सिन्हा, रणधीर पांडेय, भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष रंजीत पाठक, राजेश सिंह,मुकेश सिंह, महेंद्र राम बिहारी, बृजेश सिंह, मानवेंद्र वर्मा, भुनेश्वर पासवान,गुनी महतो, बसंत शर्मा, अमित सिंह, रघुनाथ राम, कृष्णा यादव, हृदय गिरी, धनेश्वर प्रसाद, संतोष पाठक, बैजनाथ गोप, रामेश्वर राम, कौशल्या देवी, उमेश शर्मा, मोहम्मद सोनू सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ ग्रामीण मौजूद रहे ।

श्रमिक संघ का महाधरना 26 को

धरना में रोशन लाल चौधरी व सतीश सिन्हा होंगे शामिल

उरीमारी (रामगढ़)। अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ बरका-सयाल क्षेत्रीय कमेटी की बैठक रविवार को सयाल स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में हुई। इसकी अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष इन्द्रदेव राम व संचालन क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा ने किया। यह बैठक 26 जुलाई को महाप्रबंधक कार्यालय सयाल में होने वाले महाधरना की तैयारी को लेकर बुलाई गई। बैठक में क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा ने बताया कि महाधरना में केंद्रीय अध्यक्ष रोशन लाल चौधरी व महासचिव सतीश सिन्हा शामिल होंगे। यह महाधरना बरका-सयाल क्षेत्र के कोल कर्मचारियों के विभिन्न समस्याओं को लेकर की जा रही है। इसमें बरका-सयाल में खुल रहे नये परियोजनाओं में विस्थापित एवं स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार देने, सयाल एवं भुरकुण्डा परियोजना में रोड सेल चालू करने, कैटेगरी 1 के मजदूरों को प्रमोशन देने, सभी परियोजनाओं में बिजली-पानी की व्यवस्था दुरूस्त करने, संवेदनशील पदों पर कार्यरत कर्मचारियों का स्थनांतरण 3 वर्ष के उपरांत करने, हाई पावर कमेटी के फैसले के अनुसार ठेका मजदूरों को पेमेंट देने, दोमुहानी दामोदर नदी घाट पर शव दाहगृह बनाने, सीसीएल आदर्श क्षेत्रीय अस्पताल भुरकुंडा में वर्षो पुराना एक्सरे मशीन है उसकी जगह डिजीटल मशीन लगाने आदि मांगे शामिल है।

मौके पर संजय मिश्रा, इंद्रदेव राम, गुरूदयाल ठाकुर, विनोद कुमार, रणधीर साव, विनोद सिंह, शंकर कुमार, सन्नी कुमार, एसएस डे, कमल सिंह, रंजीत कुमार, विकास कांत सिन्हा, धर्मेंद्र मिश्रा, शंकर सिंह, शिवनंदन दास असदि मौजूद थें।

अशफाक के परिजनों से मिले भीम आर्मी के सदस्य

बरही। भीम आर्मी की टीम बरही इकाई ने मृतक अशफाक खान के परिजनों से मुलाकात कर संगठन की ओर से आर्थिक मदद किया। इस दौरान घटना की जानकारी भी लेते हुए उन्हें मदद व न्याय दिलाने का भरोसा दिया। मृतक की माँ ने कहा कि मेरा एकलौता अशफाक खान था। पिता घर में लम्बी बीमारी से ग्रस्त रहते है कोई काम नही करते है एक जवान बेटी घर में रहती हैं। मेरे घर का सहारा छीन लिया गया। भीम आर्मी बरही प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण राव ने कहा कि भीम आर्मी आप पीड़ित परिवार के साथ है। पुलिस प्रशासन अगर इस घटना को लीपा पोती करने का कोशिश करेगी तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। मौके पर लक्ष्मण राव, हीरालाल मुर्मू, अनुज कुमार, विनोद कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

पहली पुण्यतिथि पर अजय दुबे को भाजपा ने दी श्रद्धांजलि

बरही। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला मंत्री सह युवा भाजपा नेता रहे दिवंगत अजय दुबे की पहली पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यकर्ताओ ने भाजपा कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओ ने दिवंगत अजय दुबे के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उनकी आत्मा की शांति के लिए मौन धारण किया। श्रद्धांजलि सभा में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने कहा कि अजय दुबे भाजपा के समर्पित कार्यकर्ताओं में एक थे। उन्होंने बताया कि दिवंगत अजय दुबे की स्मृति में फुटबॉल ट्रॉफी का आयोजन किया जाएगा। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, संजय दुबे, विहिप जिला सहमंत्री गुरुदेव गुप्ता, एससी मोर्चा मंडल अध्यक्ष नागेश्वर रजक, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष मुन्ना यादव, अमित केशरी, सुरेंद्र राणा, मुकेश कुमार, अरविंद कुमार, मनोज कुमार, आकाश जयसवाल, सचिन कुमार, अनुज रविदास, पिंटू ठाकुर, अमित सिंह, इमरान खान, अरविंद कुमार, उपमुखिया सहित अन्य लोग मौजूद थे।

पति ने पत्नी पर किया जानलेवा हमला, घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

हजारीबाग। हरहुरु स्थित बाबा पथ एक व्यक्ति की चालाकी उस समय उलटी पड़ गई जब उसकी पत्नी का मर्डर प्लान फेल हो गया और उसकी पत्नी ने उसके कुकर्म को समझ लिया और बच गयी। दरअसल, बाबा पथ निवासी एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की कथित तौर पर हत्या करने के लिए गैस का सिलेंडर खोल दिया था। जब पत्नी नास्ता बनाने किचन में प्रवेश की तो पति भी पीछे पीछे आ धमका और माचिस की तीली को जलाने का प्रयास किया। इस दौरान सुमन ने पति की मंशा को भांपते हुए किसी तरह रसोई घर से भागने में सफल रही। महिला ने बाहर निकलते ही पुलिस को 100 नंबर डायल कर घटना की जानकारी दी। इस दौरान पति ने उसके साथ मारपीट की, वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। महिला का कहना है कि पति कोई कामकाज नहीं करते हैं, खर्च मांगने की बात पर बराबर विवाद बढ़ता है। अब मामला मेरे हत्या तक पहुंच गया है। महिला के गले पर चोट के निशान और हाथ पर चोट के निशान हैं। महिला के 3 बच्चे हैं। महिला का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है।

सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन

भुरकुंडा । राष्ट्रीय सेवा मंच ने रविवार कोसाप्ताहिक बाजार भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुल-पत्तल बेचने आये गरीबों को भोजन कराया। इस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जयसवाल, पियूष विश्वास व शिक्षक भुपेन्द्र वर्णवाल उर्फ रिंकू ने दर्जनों गरीब महिला-पुरूष व बच्चों के बीच पुरी-सब्जी का वितरण किया।

डब्लू सिंह ने बताया कि मेन रोड भुरकुंडा निवासी प्रेमचंद विश्वास के पौत्र पीयूष विश्वास ने अपने दादा जी की आत्मा के लिए शांति के लिए गरीबों को भोजन कराया है।

केंद्र व राज्य में बनेगी एनडीए की सरकारः किसलय

खबर मन्त्र संवाददाता

कुजू। भारतीय जनता युवा मोर्चा मांडू मंडल अध्यक्ष रवि साहू के नेतृत्व मे बाइक रैली निकाली गई। इस कार्यक्रम में भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी शामिल हुए। बाइक रैली कुजू ट्रांसपोर्ट नगर से शुरू होते हुए कुजू चौक, डटमा मोड, बाजारटांड,केवीगेट, श्रीराम चौक, कुजू कोलियरी, मुरपा मे समापन हुआ। बताया गया कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महा जनसम्पर्क के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्ष कार्यकाल के जनकल्याणकारी योजना को लोगों तक पहुंचाना है। इसके साथ ही समाज के प्रबुद्धजनो को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के बाद कुजू पूर्वी मे नुक्कड़ सभा का कार्यक्रम किया गया। मौके पर किसलय तिवारी ने कहा कि केंद्र सरकार व भाजपा की नीति सिद्धान्तों से प्रभावित होकर भाजयुमो में आज लाखों युवा जुड़ रहें हैं। बाद में कुजू चौक स्थित एमआर कॉम्प्लेक्स में प्रेस वार्ता किया। जहां उन्होंने कहा कि जिस तरह से भारतीय जनता पार्टी देश मे विकास कर रही है, इससे आने वाले समय मे निश्चित रूप से एक बार फिर से जनता केंद्र में एनडीए की सरकार बनेगी, यही नही राज्य में यूपीए की सरकार पूरी तरह से विकास के विफल साबित हुई है। जिससे यहां की जनता ने अपना मन बना लिया है। 2024 में

कुजू में भाजयुमो ने बाइक रैली निकालकर किया महा जनसंपर्क

राज्य में भी एनडीए की सरकार बनकर जनता का डबल इंजन की सरकार द्वारा विकास किया जाएगा। इससे पूर्व उनका स्वागत बुके देकर किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नीरज झा,प्रदेश कार्यक्रम समन्वयक राकेश सिंह, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अभितेश सिंह, भाजयुमो मांडू मंडल अध्यक्ष रवि साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष तोकेश सिंह, मंडल महामंत्री अशोक महतो, रत्न साहू,अक्षय प्रसाद मनोज महतो,पंचीत महतो ,धर्मेन्द्र सिंह, सूरज महतो, श्रवण कुमार, मोहित, राहुल पटेल , त्रिलोकी, शुभम,संजय, आशीष, डिम्पल, मुकेश, नवरतन, राहुल, धीरेन्द्र,शशि शेखर, नीतीश आदि दर्जनों युवा कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

एक नजर में

हुरहुरु : मुन्नी ज्वेलर्स में में लाखों की चोरी

हजारीबाग। शहर के बड़ा बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत हुरहुरु दुर्गा मंडप के समीप मुन्नी ज्वेलर्स में रात के तकरीबन 2 :00 बजे शटर को तोड़कर तीन लाख कैश समेत सोना और चांदी के ज्वेलर्स 15 से 20 लाख की चोरी की घटना को दिया गया है । दुकान के संचालक का कहना है कि सीसी फुटेज में चोरी की घटना 2 :00 से लेकर 3 :30 बजे तक घटना को अंजाम दिया गया है। घटना के ५ घंटे बीतने के बाद पुलिस 10 :00 बजे दिन के जांच में आती हैं फिर वही फिंगरप्रिंट के एक्सपर्ट को भी बुलाया जाता है और घटना का सीसी फुटेज किसी पत्रकारों को देने से भी पुलिस के द्वारा मना किया जाता है। बताया जा रहा है कि चोरी की गई सामानों का बटवारा चोरों के द्वारा दुकान के पीछे स्थित कब्रिस्तान में किया गया है । पुलिस को जांच के क्रम में लोहे का सब्बल और कुछ चांदी के समान और जेवरात के डिब्बे व कपड़े मिलने की सूचना है।

सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित

विष्णुगढ़ । विष्णुगढ़ प्लस टू हाई स्कूल के मैदान में खेलो इंडिया कार्यक्रम के तहत 62 वीं सुब्रतो कप फुटबाल प्रतियोगिता हुआ। प्रतियोगिता का उद्घान बीडीओ व प्रमुख ने किया। प्रतियोगिता में अंडर फोर्टिन व अंडर सेवेंटीन के बालक व बालिकाओं ने भाग लिए दो दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता में शुक्रवार को खेल के पहले दिन अंडर फोर्टिन बालक के तहत उत्क्रमित प्लस टू हाई स्कूल सारुकुदर बनाम हाई स्कूल बनासो के बीच फुटबाल खेले गए, जिसमे बनासो 0-1 से विनर घोषित हुवा था, वहीं अंडर सेवेंटीन में कस्तूरबा आवासीय विद्यालय बनाम चानो विद्यालय के बीच खेला गया। वहीं इसमें कस्तूरबा विद्यालय विजय विनर रही थीं` कुल 12 विद्यालयों के छात्र छात्राएं खेलो इंडिया के तहत आयोजित खेल में फुटबाल खेला। विजेता टीम को शुक्रवार को अधिकारीयों व जनप्रतिनिधियों के हाथों बच्चों को मेडल व प्रसस्ती पत्र दे कर सम्मनित किया गया ।

स्काउट गाइडों ने ली देश सेवा की शपथ

हजारीबाग। भारत स्काउट और गाइड जिला मुख्यालय हजारीबाग सह राज्य प्रशिक्षण केन्द्र हजारीबाग में स्काउटो गाइडो का दीक्षांत समारोह संपन्न हुआ जिसमे जिला के विभिन्न स्काउट गाइड ने भाग लियो इसमें 5 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया जिसमे स्काउट गाइड का आंदोलन नियम प्रतिज्ञा एवम अन्य विषयों की जानकारी दीं` इसके उपरांत स्काउट गाइड की परीक्षा ली गई और सफल उम्मीदवारों को स्काउट गाइड को स्कार्फ पहना कर देश सेवा,मानव सेवा,एवम समाज सेवा की सपथ दिलाई जिसमे जिला मुख्य आयुक्त ने कहा कि देश के प्रति निस्वार्थ भाव से सेवा करते रहे इसके साथ स्काउट गाइड के नियम प्रतिज्ञा एवम उद्देश्य को अपने जीवन में अपनाते हुआ प्रोसाहित किए ।

चरही में दो दिनों से हो रही झमाझम बारिश

चरही। क्षेत्र में दो दिनों से हो रही झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं।खेतों में बोए गए धान के बिचड़ों में जान आ गया है।किसानों खेतों में कुछ पानी का ठहराव हो पाया है।बिचड़ों को खेतों में लगाने के लिए जोताई के कार्य में जुटने लगे हैं।क्षेत्र के किसानों का कहना है कि जितने जल्दी बिछड़े तैयार होंगे,उतने ही जल्द धान रोपनी के कार्यों को संपन्न किया जा सकेगा।फिलहाल किसान खेतों को तैयार करने में लग गए हैं।।दो दिनी झमाझम बारिश से नदी-नाले,कुएं और तालाब में थोड़ी बहुत आ गई है।साथ ही ग्रामीणों को गर्मी से राहत कुछ राहत मिली है।

बोलेरो ने स्कूटी को रौंदा, 2 लोग हुए घायल

दारू। थाना क्षेत्र के पिपचो में एक अनियंत्रित बोलेरो ने सड़क किनारे खड़े स्कूटी सवार को अपनी चपेट में ले लिया , जिसमें कुल 2 लोग घायल हो गए। बोलेरो वाहन बोकारो से रांची जा रहा था जबकि स्कूटी सवार एनुल अंसारी अपने घर से निकलकर क्रेशर की तरफ जा रहे थे बोलेरो चालक ने तेजी से गाड़ी चलाते हुए वाहन में पैन ड्राइव लगाकर गाना बजाने का प्रयास कर रहे थे तभी गाड़ी अनियंत्रित होकर दाहिनी ओर मुड़ गई जिसमें स्कूटी सवार घायल हो गए ' गाड़ी इतनी तेजी से चल रही थी कि स्कूटी सवार को अपनी चपेट में लेते हुए दाहिनी और झाड़ियों के बीच जा घुसी ' बोलेरो वाहन में तीन लड़कियां और दो लड़के सवार थे सब एक ही परिवार के लोग थे जिसमें एक लड़की के माथे में काफी चोटें आई हैं ' इस घटना के बाद पहुंचे लोगों ने इसकी जानकारी दारू थाना पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल लड़की को ले जाकर इलाज कराया जबकि दूसरे घायल ब्यक्ति को हाँथ और पैर में हल्की चोटें आई थी उन्होंने अपना मलहम पाटिया स्थानीय स्तर पर करवाया दारू थाना पुलिस बोलेरो वाहन को अपने साथ थाने ले गई।

हाथी के फिरआने से दहशत में है ग्रामीण

दारू। झुंड से बिछड़ा एक हाथी के एक बार फिर क्षेत्र में आ जाने से यहां के ग्रामीणों किसान काफी दहशत में है । दारू प्रखंड में कुछ दिन पूर्व आया हाथी पिछले बार काफी उत्पात मचा चुका है जिसमें हाथी ने एक महिला की पटक कर जान ले ली थी। यह हांथी दारु ,कटकमदाग, बड़कागांव, केरेडारी व मुफस्सिल थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में जंगली हाथी का आतंक पिछले एक महीने से लगातार जारी है।हांथी ने शनिवार की रात्रि को मेरु गावों में कई किसानो की फसलों को बर्बाद करने के बाद बगल के तरवा खरवा के जंगलो में चल गया। रविवार की सुबह यह हांथी झूण्ड से बिछड़े इस हाथी का आतंक देखने को मिला । जंगली हाथी जंगल की ओर से गांव के तरफ प्रवेश कर गया और गांव के कई किसानों के फसल को बर्बाद किए, वहीं आइसेक्ट यूनिवर्सिटी के अलावे अन्य किसान के चारदिवारी को भी तोड़ दिया। हांथी इस रास्ते में आकर खड़ा हो गया जहाँ से गुजर रहा एक ट्रेक्टर चालक और मजदुर हांथी को देखकर वाहन को छोड़कर फरार हो गए ' ट्रेक्टर के पास पहुंचकर हाथी ने ट्रैक्टर को छतिग्रस्त कर दिया कहाथी का आतंक से ग्रामीणों के बीच दहशत का माहौल देखा जा रहा है ।

महिला के एकाउंट से दस हजार रुपये गायब

हजारीबाग। मंगल बाजार स्थित एसबीआई के एटीएम से एक महिला के दस हजार रुपये निकाले जाने की सूचना है महिला उक्त एटीएम से दस हजार रुपये निकालने पहुंची थी। पैसे निकालने के क्रम में उसका कार्ड फस जाता है जिसकी शिकायत वो गार्ड को करना चाहती है । लेकिन गार्ड वहां नहीं रहने के कारण वो वह लिखे नंबर पर कॉल करते हुए बाहर निकलती है। इस दौरान जब वो एटीएम लौटती है तब तक उसके दस हजार रुपये अकाउंट से निकल गए । साथ ही उड़ा पर्ची में लिखी गई नंबर भी वहां से गायब कर दी जाती है।

गोदाखार में छत गिरा, 50 लोग घायल

हजारीबाग। गोदाखार स्थित मोहम्मद मासूम के घर में रविवार को मुहर्रम को लेकर बैठक हुई थी। बैठक में काफी लोग शामिल थे। बैठक शुरू हुए कुछ ही देर हुआ था कि कमरे का छत गिर गया। छत गिरने से 50 लोग घायल हो गए। 20 की हालत गंभीर बतायी जा रही है। आनन फानन में आस पड़ोस के लोगो ने वहां घायल लोगो की मदद की और उन्हें सदर अस्पताल व भानु शंकर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।

पदमा : प्री सुब्रतो फुटबॉल टूर्नामेंट संपन्न

पदमा। रविवार को प्रखंड स्तरीय सरकार द्वारा आयोजित प्री सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल टूर्नामेंट पदमा के साईं सेंटर स्टेडियम में जिला शिक्षा अधीक्षक संतोष गुप्ता के मौजूदगी में संपन्न हुई ।जिसमें अंडर 17 वर्ष में बालक वर्ग में रामनारायण प्लस टू उच्च विद्यालय के छात्र विनर रहे । वही उत्क्रमित उच्च विद्यालय चाम्पाडीह के छात्र रनर रहे, वही अंडर-17 बालिका वर्ग में रामनारायण प्लस टू उच्च विद्यालय की छात्राएं विनर रही । कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राएं रनर रही अंडर 14 वर्ष की टूर्नामेंट शाम तक चल रही थी। टूर्नामेंट को सफल बनाने में शिक्षक मधुसूदन सिंह, अनूप मेहता दीपक मेहता, प्रवीण कुमार पांडे, सुभाष प्रसाद मेहता, संदीप कुमार सिंह, नवीन कुमार मेहता मेनका मेहता, इत्यादि शिक्षकों का योगदान रहा।

सरकार की दोरंगी नीति नहीं चलेगी: हेमंत

मणिपुर की घटना को लेकर आदिवासी समाज ने मानव श्रृंखला बनाकर किया विरोध प्रदर्शन, हजारों की संख्या में लोग हुए शामिल

मणिपुर घटना को लेकर जुलूस निकालते लोग

मानव श्रृंखला बनाकर विरोध प्रदर्शन करते आदिवासी समाज के लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन गुमला जिला कमेटी के बैनर तले रविवार को हजारों की संख्या में आदिवासी समाज के लोगों ने मणिपुर में हो रहे हिंसा, अत्याचार, आदिवासी महिलाओं के साथ अमानवीय व्यवहार को लेकर मानव श्रृंखला बनाकर विरोध प्रदर्शन किया। यह मानव श्रृंखला सिसई रोड भट्टी तलाब से पटेल चौक तक निकाली गई। इसके पश्चात मानव श्रृंखला लुथेरान स्कूल मैदान में पहुंचकर सभा में तब्दील हो गई। सभा को संबोधित करते हुए झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन गुमला के अध्यक्ष हेमंत कुमार ने कहा ईसाई समाज सादगी से जीवन व्यतीत करते हैं। हम शांतिप्रिय लोग हैं। फिर भी लोग हमारे खिलाफ लोग काम करते हैं। मारपीट करते हैं, आदिवासियों को सताते हैं। मणिपुर इसका उदाहरण है। जहां पर दूसरे समुदाय के लोग हमारे ईसाई समाज पर हमला कर रहे हैं। हम प्रार्थना करते हैं और वे लड़ाई करते हैं। क्यों सरकार इस पर चुप्पी साधी हुई है। दुरंगी नीति सरकार को नहीं अपनाना चाहिए। हम सब भारतीय हैं, भारत हमारा देश है, हम संविधान को मानते हैं। भारत हमारी शान है, फिर हमारे ही देश में ईसाई से भेदभाव क्यों किया जाता है। झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन के संरक्षक अमित एक्का ने कहा ईसाई समाज के साथ भेदभाव करना बंद करें। सरकार का कर्तव्य है सभी नागरिकों की सुरक्षा करना, लेकिन देश में उल्टा हो रहा है। फादर लिनुस पिंगल एक्का ने कहा कि मणिपुर में सरकार भेद-भाव कर रही है। आदिवासियों के साथ हिंसक घटनाएं हो रही है और सरकार मूक दर्शक बनी हुई है।

हिंसा के विरोध में ईसाई समुदाय के लोगों ने मानव श्रृंखला बनाकर किया विरोध

खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। मणिपुर में हो रहे हिंसा का विरोध अब लोहरदगा में भी देखने को मिल रहा है। जिले के शहरी क्षेत्र में ईसाई समुदाय के लोगो ने हाथो पर तख्ता लेकर मौन रैली मानव श्रृंखला बनाकर इसका विरोध कर मणिपुर में शांति व्यस्था बहाल करने की मांग की। लुथरन मैदान से करीब 6000 से ज्यादा लोगो ने पावरगंज तक मानव श्रृंखला बनाया और पूरी तरह से मौन जुलूस निकालकर मणिपुर हिंसा का विरोध किया।

वही मानव श्रृंखला बनाए लोगो ने कहा मणिपुर में जिस तरह से आदिवासियों पर हमला हो रही है यह कानून व्यवस्था पर कड़ा सवाल खड़ा कर रही है और मणिपुर की घटना से यह लगता है की वहा कानून नाम की कोई चीज ही नहीं है रोज लोग मर रहे हैं घर जलाए जा रहे हैं बेटियों को सड़को पर नंगा घुमाई जा रही है सरकार मणिपुर में शांति व्यस्था स्थापित करने में पूरी तरह विफल नजर आ रही हैं।

केंद्र सरकार से मणिपुर में कानून व्यवस्था बहाल करने और शांति स्थापित करने की मांग की जाती है कही न कही केंद्र सरकार भी इस हिंसा में दोषी है जो दो महीने बीत जाने के बाद भी शांति स्थापित नही कर पाई है। इस मौके पर विभिन्न संगठन के लोग मौजूद थे।

बिशुनपुर में महिलाओं ने निकाला जुलूस

गुमला। झारखंड प्रदेश प्रतिज्ञा महिला एसोसिएशन के तत्वावधान में रविवार को मणिपुर की घटना को लेकर महिलाओं ने जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान महिलाओं ने घटना में शामिल सभी अभियुक्तों को फांसी की सजा देने की मांग की। मौके पर जिलाध्यक्ष देवकी देवी ने कहा कि मणिपुर की घटना पूरे देश को शर्मसार कर रहा है। आदिवासी महिलाओं के साथ जिन लोगों ने भी ऐसा कृत्य किया है उन्हें फांसी की सजा दी जानी चाहिए। जुलूस में अनिता उरांव, रूबीना देवी, गायत्री उराईन, सुषमा देवी, मिलो भगत, समरी उरांव, विनिता तिग्गा सहित कई लोग उपस्थित थी।

अभिभावक दिवस पर प्रतियोगिता का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। एमबी डीएवी विद्यालय में प्राचार्य जीपी झा के तत्वावधान में सीसीए प्रभारी शिक्षक अश्विन पात्रों व शितेश कुमार पाठक द्वारा पाठ्य सहगामी क्रियाओं के अंतर्गत नन्हे बच्चों के मध्य अभिभावक दिवस से संबंधित ऑनलाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मौके पर प्राचार्य जीपी झा ने कहा कि जैसे एक माली पौधे का बच्चे के समान ध्यान रखता है और ऐसा वातावरण बनाता है कि वह अच्छी तरह फल-फूल सके, वैसे ही माता-पिता भी एक ऐसा वातावरण बनाते है जिनमे उनका बच्चा अच्छी तरह से विकास कर पाए और एक अच्छे नागरिक के रूप में समाज के सामने आ सके।

बच्चो को पुरस्कृत करते शिक्षक

माता-पिता धरती पर ईश्वर की प्रतिमूर्ति हैं। आज निस्वार्थ भाव से परोपकार करने वाले विरले ही देखने को मिलते हैं किंतु प्रत्येक माता-पिता अपने बच्चों के लिए निस्वार्थ भाव से अपना सारा जीवन उनके प्रति समर्पित कर देते हैं। दुनिया भर में माता-पिता के सम्मान को बढ़ावा देने तथा उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के लिए ही अभिभावक दिवस मनाया जाता है। विद्यार्थियों में बचपन से ही इस भावबीज को प्रत्यारोपित करने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए अभिभावकों के उपकारों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए धन्यवाद ग्रीटिंग कार्ड बनाने व उनके लिए कुछ काव्य पंक्तियां गाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने अपने माता-पिता के प्रति आभार बडे ही सुंदर व हृदयस्पर्शी ढंग से प्रकट किया। इस प्रतियोगिता में कक्षा एलकेजी में आकर्ष पंकज, देवांश उरांव व अक्षत यादव ने कक्षा यूकेजी मे काव्या गुप्ता, एसके सुहान, अथर्व कृत, प्रणवी प्रिया, सार्थक चौधरी, खुशी कुमारी, काव्या तरूशी, अयांश राज व सिया तमेड़ा ने कक्षा प्रथम में अथर्व सिद्ध,आरोही वर्मा,काव्या गोयल,आदिव गुप्ता, शिवांश शर्मा, आराध्या कुमारी, प्रयांश वर्मा,अनन्या गर्ग व भावेश शर्मा तथा कक्षा द्वितीय में जिविषा बोचिवाल,रीत कुमार, हिमांगी नाग, आरोही कुमारी, नव्या तरुषी, विशेष प्रकाश व प्रिंस कुमार ने प्रथम स्थान अर्जित किया। कक्षा तृतीय में प्राची विश्वकर्मा ने प्रथम, मान्या गुप्ता, रुद्रांश सिंह व मान्या चौधरी ने द्वितीय तथा उत्कर्ष गुप्ता, अर्पिता राज, धैर्य शर्मा व कर्मन सिंह ने तृतीय स्थान अर्जित किया। प्रतियोगिता में अश्विन पात्रो, प्रतिमा साहू व रीता पांडे ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

संकुल स्तरीय आचार्य कार्यशाला का आयोजन

लोहरदगा। शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में एक दिवसीय संकुल स्तरीय आचार्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला चार सत्रों में संपन्न हुई। कार्यशाला का उद्घाटन शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के विशाल सभागार में किया गया। उद्घाटन सत्र में संकुल संयोजक शशिधर लाल अग्रवाल, गणेश शास्त्री, गोरख नाथ पांडे, पूनम मिश्रा, एल.एन. तिवारी, संकुल प्रमुख सह शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य विपिन कुमार दास ,सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे, राजकुमार नाग, शशि कुमार गुप्ता और विमलेश तिवारी ने सामूहिक रुप से दीप प्रज्वलन कर किया।

साप्ताहिक हाट में नुक्कड़ नाटक का आयोजन

नुक्कड़ नाटक करते भाजपाई

खबर मन्त्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा। प्रखंड क्षेत्र के अरु पंचायत ग्राम स्थित साप्ताहिक बाजार में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं द्वारा नुक्कड़ का आयोजन किया गया। सेन्हा मंडल के भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष नवीन साहु के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओ केन्द्र सरकार के सफल पूर्वक 9 वर्ष पूर्ण होने पर राज्य सरकार की विफलता को लेकर साप्ताहिक बाजार अरु में नुक्कड़ नाटक आयोजन कर केन्द्र सरकार के कार्यो का उपलब्धि के बारे पर्चा वितरण कर आम जनता को बताया गया।

पशु चिकित्सा शिविर में 85 पशु को लगा वैक्सीन

खबर मन्त्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा। अलौदी ग्राम में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन कर 85 मवेशियों को वैक्सीन लगया गया। वही 41 पशुपालक के बीच दवा का निःशुल्क वितरण किया गया। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत ग्राम में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन कर पशुपालक को पशु संबंधित बीमारी का विस्तृत जानकारी दिया गया। शिविर का आयोजन एच डी एफ सी बैंक एवं बाएफ संस्था तथा पशु पालन विभाग के संयुक्त पहल से किया गया। आयोजित शिविर के माध्यम से 85 पशु को डोर टू डोर जाकर वैक्सीन लगया गया। जबकि 41 पशुपालक को शिविर के दौरान पशु में होने वाली बीमारी और उससे बचाव की जानकारी पशु चिकित्सक डॉ0 रोहित कुमार द्वारा दिया गया। साथ ही लंपि बीमारी का पहचान एवं इससे बचाव संबंधित 41 पशुपालक किसान को जागरूक करते हुए निःशुल्क दवा का वितरण किया गया।

शिविर में मौजूद लोग

अंजुमन के नव चयनित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

गुमला। अंजुमन इस्लामियां के नव चयनित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को थाना रोड जिला परिषद मार्केट भवन में हुई। जिसमें सदर मोशाहीद आजमी पम्मू, सचिव मो. मकसुद आलम व नाजिम ए आला मो. खलील अर्शीफ ने शपथ ली। इस दौरान विधायक भूषण तिर्की, एसपी डॉ ऐहतेशाम वकारिव, नप उपाध्यक्ष मो. कलीम अख्तर आदि शामिल थे। इस अवसर पर नाजिम ए आला को मो. खलील अशर्फी को जामा मस्जिद के इमाम ईनाम रब्बानी ने, सदर मोशाहीद आजमी पम्मु को गौशिया मोती मजिस्द के ईमाम मो. जाहिद कादिर ने व सचिव मो. मकसुद आलम को अरमई शरीफ के ईमाम सैय्यद जिलानी अदसकी ने शपथ ग्रहण कराया। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज के समस्याओं के निदान व समाज को एकजुट रखने में नव चयनित पदाधिकारियों का महत्वपूर्ण रोल रहेगा। कार्यक्रम में पूर्व सचिव खुर्शीद आलम, चेंबर के पूर्व अध्यक्ष हिमांशु केसरी, चुनाव पर्यवेक्षक आफताब सहित कई लोग उपस्थित थे।

झामुमो ने सरना कोड दिया तो केंद्र में भाजपा ने लटका दिया: भूषण

झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति की बैठक संपन्न, मणिपुर घटना में निंदा प्रस्ताव पारित

बैठक में शामिल विधायक सह जिलाध्यक्ष भूषण तिर्की, नप उपाध्यक्ष व अन्य, बैठक में उपस्थित झामुमो कार्यकर्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति की बैठक रविवार को विधायक सह गुमला जिला झामुमो अध्यक्ष भूषण तिर्की की अध्यक्षता में नगर भवन गुमला में संपन्न हुई। बैठक में शामिल कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भूषण तिर्की ने कहा कि झारखंड का भला मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ही कर सकते हैं। भाजपा से देश व राज्य का भला कभी नहीं हो सकता है। श्री तिर्की ने कहा कि हेमंत सोरेन ने सरकार का विशेष सत्र बुलाकर सरना धर्म कोड पारित किया लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार ने उसे अब तक लटका कर रखा है। भाजपा कभी भी आदिवासियों का भला नहीं चाहती है। हेमंत सोरेन की सरकार ने राज्य में 1932 के खतियानी अधारित स्थानीय नीति व नियोजन नीति विधान सभा से पास कराया। जिसे साजिश के तहत उच्च न्यायालय में भेजकर भाजपा के इशारे पर उसे बाधित करने का कार्य किया। श्री तिर्की ने कहा कि देश के गृह मंत्री अमित शाह ने अप्रत्यक्ष रूप से 1932 के स्थानीय नीति को अस्वीकार करने का काम किया। उन्होंने कहा कि जनहित व जनउपयोगी योजनाएं राज्य के मुख्यमंत्री ने राज्य में चलायें हैं। जिसका लाभ गरीब तबके के लोगों के सीधे तौर पर मिल रहा है। बैठक में दिवंगत झामुमो नेता स्व. मुस्लिम खान व स्व. हरि उरांव को सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। बैठक में मणिपुर की घटना को लेकर निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में मो. जावेद , परवेज आलम, तनवीर अंसारी, मो. सनाउल्ला, शहनवाज अंसारी, शोएब खान, मारूफ आलम, असलम अयुब, अमीर आलम, अफरोज अंसारी, वसीम अंसारी, वसीम मलिक, नसीम अंसारी, इमरोज आलम, मो. आसिफ, मोफिल अंसारी, यासीन खान, जमील अंसारी ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। जिन्हें जिलाध्यक्ष ने माला पहनाकर स्वागत किया। वहीं बैठक को जिला सचिव मो. आरिफ अंसारी, केंद्रीय सदस्य रंजीत सिंह, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष मो. कलीम अख्तर, नुरूल होदा, अमर टोप्पो, शशि शाह आदि ने भी संबोधित किया। बैठक में संजय सिंह, प्रकाश उरांव, सुनिता टोपनो, सुशील सिंह, दीपक मिंज, रवि उरांव, राजीव तिर्की, अशोक खेरवार, नोवेल लकड़ा, पोलीकार तिर्की, राजेश टोप्पो, मो. अलीम, लड्डन खान, प्रदीप सिंह, अनवर खान, शमसुद्दीन अंसारी, विलशन टोप्पो, जेम्स तिर्की, बिनोद कुमार आदि उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

कोहीपाठ गांव में लगा नया ट्रांसफार्मर

गुमला। घाघरा प्रखंड के ग्राम कोहीपाठ डिपाटोली दो सालों से ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण गांव में बिजली आपूर्ति बाधित थी। वहां के लोग अंधेरे में जीवन यापन को विवश थे। बच्चों को रात में पढ़ाई करने में दिक्कत हो रही थी। ग्रामीणों के द्वारा सभी नेताओं को आवेदन देकर ट्रांसफार्मर लगाने की मांग किया जा रहा था। मगर किसी ने सुध नहीं ली। तभी कोहीपाठ के मुखिया फगुआ उरांव एवं छात्र संघ के नेता राजू उरांव ने इसकी पहल करते हुए ट्रांसफार्मर खराब होने की सूचना जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष चैतु उरांव को दी। चैतु उरॉव ने बिजली विभाग के अधिकारियों संपर्क कर सौ केवी का नया ट्रांसफार्मर दिलाने का पहल किया। जिससे नया ट्रांसफार्मर लग जाने से गांव के लोग काफी खुश हैं। मौके पर कर्मपाल उरांव, दिलीप महतो, मंगल गोप, विनोद उरांव ,भोला उरांव, लालमोहन गोप, मेहरांग गोप काफी संख्या में दीपाटोली के ग्रामीण उपस्थित थे।

सुरसा गांव के लोग शुद्ध पेयजल को तरस रहे हैं

सिसई। सिसई प्रखंड के राजस्व ग्राम सुरसा में स्वच्छ पेयजल के लिए ग्रामीणो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लगभग चार सौ घर आबादी वाले सुरसा गांव मे एक भी जलमीनार नहीं है। जिसके कारण लोगों को पेयजल समस्या जे जूझना पड़ रहा है। ग्रामीणो का कहना है कि गांव में जलमीनार नहीं होने के कारण लोगों को काफी दूर दराज कुंआ से पीने या अन्य उपयोग के लिए पानी लाना पड़ता है। जिससे काफी परेशानी तो होती ही है बरसात का मौसम होने के कारण बरसाती गंदी पानी भी कुंआ में प्रवेश कर जाता है। उसी पानी का उपयोग करने को लोग विवश हैं। जिससे संक्रमण का खतरा बना रहता है। अगर गांव में जलमीनार लग जाए तो यहां के ग्रामीणो को स्वच्छ पानी के लिए इधर उधर भटकना नहीं पड़ेगा।

कार व बाईक की टक्कर में दो घायल

गुमला। गुमला थाना क्षेत्र के जशपुर रोड स्थित काली मंदिर के समीप एक्सयूवी कार की टक्कर से डीएसपी रोड निवासी 28 वर्षीय सूरज कुमार पिता देव मिस्त्री और जसपुर रोड निवासी अमीर घायल हो गये। वहीं घायल युवक सूरज ने बताया वह अपने दोस्त को छोड़ने काली मंदिर के समीप बाइक से जा रहा था। तभी विपरीत दिशा से आ रहे कार सामने से टक्कर हो गई। घटना में सूरज के पैर सीने व शरीर के अन्य हिस्से में काफी गंभीर चोट लगी। वहीं आमिर को पैर में चोट लगी है। जिसके बाद ऑटो से दोनों को सदर अस्पताल लाया गया। जहां दोनों का इलाज चल रहा है।

सांप के काटने से बच्चा हुआ जख्मी

गुमला। घाघरा थाना क्षेत्र 11 वर्षीय रितिक खेरवार पिता कलवारी खेरवाल सर्पदंश से जख्मी हो गया। जिसके बाद तत्काल परिजनों द्वारा उसे प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र घाघरा लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल भेज दिया गया। जानकारी के मुताबिक छात्र खेल कर पैदल ही अपने घर लौट रहा था। तभी रास्ते में एक जहरीला सांप उसके पैर के नीचे आ गया और उसने उसके पैर में डस लिया।

कुंआ में डूबने से युवक की हुई मौत

गुमला। सिसई थाना अंतर्गत कामता पाहन टोली निवासी 37 वर्षीय सोमरा उरांव पिता लोला उरांव की कुएं में पानी भरने के दौरान पैर फिसल कर गिरकर डूबने से मौत हो गई। घटना शनिवार देर शाम 7:00 बजे की है। जानकारी के अनुसार व्यक्ति कुएं में बाल्टी से पानी निकाला रहा था। तभी उसका पैर फिसल गया और वह कुआं में गिर कर डूब गया। सिर व छाती में चोट लगने के कारण कुआं में ही उसकी मौत हो गई। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजन कुआं में जाकर देखें। तब तत्काल उसे कुआं से बाहर निकाला गया। तब तक उसकी मौत हो गई थी। वहीं शव को सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए रविवार की सुबह लाया गया।

एक नजर में

खराब पड़े ट्रांसफार्मर को मिशन बदलाव के सहयोग से बदला गया

गुमला। शास्त्री नगर में दस दिनों से खराब पड़े ट्रांसफार्मर को मिशन बदलाव के सदस्यों ने सहयोग कर बदलवा दिया। मुहल्ले के लोग दस दिनों से अंधेरे में जीवन यापन को विवश थे। मिशन बदलाव के जितेश मिंज, बिनय गोप और रविन्द्र तिर्की को मुहल्लेवासियों ने बताया था कि पिछले 10 दिनों से शास्त्रीनगर अंधेरे में है और किसी को कोई फर्क नहीं पड़ रहा। आम लोग परेशानी से गुजर रहे हैं। बतातें चले कि शनिवार से शास्त्री नगर डैम साइड की बिजली ट्रांसफार्मर के ऊपर वज्रपात हुआ था। उसके उपरांत ट्रांसफार्मर जल गया था। जला हुआ ट्रांसफार्मर के कारण विगत 10 दिन से मुहल्ले वासी अंधकार पर रहने के लिए विवश हो गए थे। काफी भागदौड़ करने के बाद भी ट्रांसफार्मर उपलब्ध नहीं हो पा रहा था और आज मिशन बदलाव के संयोजक जितेश मिंज और नगर सचिव विनय गोप और मिशन बदलाव सदस्य रविंद्र तिर्की व मुहल्ले वासियों का सहयोग से वहां पुनः नया ट्रांसफार्मर लगाया गया।

झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के मंडलीय उपाध्यक्ष टीम के साथ पहुंचे गुमला

गुमला। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के मंडलीय उपाध्यक्ष युवा विक्रम शर्मा रविवार को सांगठनिक दौरे के क्रम गुमला पहुंचे। उनके साथ सहायक मंत्री युवा सुमित अग्रवाल, प्रांतीय संयोजक प्रकाश शर्मा, विशाल महलका तथा डाल्टनगंज शाखा के विकास सिंघानिय व राजेश सुलेखा भी गुमला आयी थी। उनके साथ मारवाड़ी युवा मंच गुमला एवं प्रेरणा गुमला की संयुक्त बैठक हुई। जिसमें प्रांत एवं राष्ट्रीय की विभिन्न कार्यक्रमों के विषय में चर्चा की गई। मौके पर सचिव विकाश मंत्री, नटवर लाल अग्रवाल, पंकज साबू ,आकाश गोयल,सुभाष अग्रवाल, सुनील अग्रवाल,अमित मंत्री ऊर्फ गोलू ,रोहित खण्डेलवाल, राहुल गोयल,बिपुल फोगला आयुष काबरा प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष शिल्पा अग्रवाल, सचिव कांता साबू,पूनम अग्रवाल, रूपा साबू और अन्य लोग उपस्थित थे।

सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

चैनपुर। चैनपुर थाना क्षेत्र के लंगड़ा मोड़ के समीप मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये। जिसे ग्रमीणों के सहयोग से चैनपुर के एक निजी क्लिनिक में लाया गया। जहां उनका प्रथमिक इलाज कर उसे छुट्टी दे दी गयी। घायल लंगड़ा मोड़ निवासी सरफराज शेख उम्र 35 वर्ष है। इधर घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जारी थाना क्षेत्र के जरगा गांव निवासी असिसन खेस पिता रोसन खेस उम्र 17 वर्ष नवगाई डैम से घूम के अपने घर जरडा जा रहा था। इस दौरान लंगडा मोड़ के समीप अचानक बाईक अनियंत्रित हो जाने से रास्ते के किनारे खड़े सरफराज शेख को धक्का मार दिया। जिसे सरफराज शेख घायल हो गया।

श्रमदान कर मोहल्ले वासियों ने सड़क की मरम्मत की

गुमला। नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर बारह के चेटर रोड में रोड अत्यंत जर्जर स्थिति में है। कई बार नगर परिषद, जिला उपायुक्त को मुहल्ले वासी वस्तु स्थिति से अवगत करा चुके हैं। लेकिन सड़क निर्माण की दिशा में विगत 10 वर्षों से कोई सकारात्मक पहल नहीं हुई। स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उदासीन रवैया अपनाएं हुए हैं। इससे तंग आकर मुहल्ले वासी श्रमदान कर स्वयं के खर्चे से जगहजगह मिट्टी से रोड भरने का काम कर रहे हैं। चेटर मुहल्ला के युवा समाज सेवी अभय तिवारी, वेद नारायण सिंह, अंजनी सिंह, परमेश्वर महतो, राजू शर्मा ने बताया कि हमलोग प्रयासरत हं कि आपसी सहयोग से बरसात में रोड चलने की स्थिति में हो जाए। जल्द ही मुहल्ले वासी का एक शिष्टमंडल उपायुक्त से मिलकर समस्या के समाधान से अवगत कराएंगे और उस पर कोई ठोस निर्णय नहीं होने पर मुहल्ला वासी आंदोलन करने पर बाध्य होंगे।

जशपुर रोड गुमला में रॉयल स्वीट्स होटल का हुआ शुभारंभ

गुमला। रॉयल स्वीट्स होटल का रविवार को जशपुर रोड स्थित कैनरा बैंक के बगल में उदघाटन किया गया। होटल का उदघाटन संचालक की मां आशा देवी ने फीता काटकर व नंदकिशोकर प्रसाद ने नारियल फोड़कर किया। संचालक अजय कुमार ने बताया कि होटल में स्वादिष्ट मिष्ठान की सभी वेराईटी लोगों के लिए उपलब्ध कराया गया है। कीमतें भी सामान्य है। सभी मिठाईयां बिना किसी मिलावट के लोगों के स्वास्थ्य के अनुरूप ग्राहकों को उपलब्ध कराया जा रहा है। इस अवसर पर रोहित साहु, रंजना साहु, देवांक कुमार, विवांक कुमार, ब्रजकिशोर साहु, सत्यनारायण साहु, सुनैना देवी, बाला साहु, वैभव कुमार, सौरभ कुमार आदि उपस्थित थे।

आनेवाले चुनाव के लिए आजसू पूरी तरह तैयार : सुदेश महतो

कुडू, लोहरदगा। पलामू जाने के क्रम में आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो का आजसू प्रखण्ड अध्यक्ष कलीम खान की अध्यक्षता मे कुडू बस स्टैंड में भव्य स्वागत किया गया। आजसू पार्टी द्वारा आने वाले चुनाव की तैयारी को लेकर कार्यक्रम चल रही है। इस मौके पर कुडू बस स्टैंड में जिला एवम प्रखंड के आजसू कार्यकर्ता उपस्थित थे। मौके पर आजसू सुप्रीमो को माल्यार्पण कर एवम बुक्के देकर स्वागत किया गया। सुदेश महतो ने कहा की इस बार आगामी चुनाव के लिए पार्टी पूरी तरह तैयार है। झारखंड से भ्रष्टाचार को हटाने के लिए पार्टी तैयार है एवम और भी तैयारी कर रही है। मौके पर मुख्य रूप से शामिल झारखंड आंदोलनकारी स्वर्गीय कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी नीरू शांति भगत, युवा नेता आजसू बाबर खान, नवाज खान, मुन्ना अग्रवाल, कबीर अंसारी, रामचंद्र गिरी, प्रदीप ठाकुर समेत जिला पदाधिकारी प्रखंड पदाधिकारी एवम अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

लोहरदगा। सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर मे लगातार 58 वें सप्ताह के रविवार को भी सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ,एवं डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किया। इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 37 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच एवं इलाज कराया । डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा कि यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर पर काफी दूर से भी लोग आकर अपना स्वास्थ्य चेकअप एवं इलाज करवा रहे हैं,लोगों का सेवा कर हमें काफी संतुष्टि होती है। दीपक सर्राफ के द्वारा शुरू से ही अपने तन-मन-धन से यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाकर जरूरतमंदो का सेवा करना काफी सराहनीय है,इसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है,जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि यथासंभव जरूरतमंदों एवं असहायों का आगे कई सेवा का कार्य की व्यवस्था किया जाएगा एवं जल्द ही जरूरी दवाइयों का भी व्यवस्था कराई जाएगी। शिविर जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ,डॉ कुमुद अग्रवाल,सहसचिव संजय चौधरी,अंजली सर्राफ,फुलवंती देवी,अतुल सर्राफ,अशोक अग्रवाल,भोला प्रसाद जयसवाल,सुबोध प्रसाद महतो,बसंती देवी,राजेश्वरी देवी,प्रभा देवी,जुगल किशोर,कृष्णा प्रसाद केसरी,गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता,प्रभु साहू,रीना कुमारी,अनिल वर्मा,सुरेंद्र साव,मीना देवी,मनमोहन प्रसाद,सुनीता देवी,उदय प्रसाद कास्यंकार,महेश उरांव,बाला देवी,बबीता देवी,प्रदीप गुप्ता,तारा राय,चिंतामणि,राजकुमार साहू,प्रियंका कुमारी,मंगला देवी,रवि प्रसाद,राम प्रसाद साहू आदि मौजूद थे।

सउदी अरब में पड़ा है एहसान का शव, परिजन लगा रहे सरकार से लाने की गुहार

खबर मन्त्र संवाददाता

चतरा। जिले के घोर नक्सल प्रभावित गिद्धौर प्रखंड के घटेरी गांव में मो एहसान अंसारी का शव विगत एक सप्ताह से सऊदी अरब में पड़ा है। सऊदी अरब के जेद्दा इलाके में हार्ट अटैक से उसकी मौत हो गई। जिसकी सूचना उनके परिजनों को मिली। तब से उनके परिजनों और सगे संबंधी एहसान के शव को सऊदी अरब से भारत लाने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन कागजी प्रक्रिया और आर्थिक रुप से कमजोर रहने के कारण अबतक उसका शव वहीं पर है। अब परिजनों ने सरकार से उसके शव को वापस लाने की गुहार लगाई है। परिजनों के अनुसार 9 माह पूर्व एहसान अंसारी सऊदी अरब रोजगार की तलाश में गया था। एहसान सऊदी अरब में ड्राइविंग का काम करता था। 2025 के अगस्त महीने में वह लंबे समय बाद अपने वतन, अपने घर आने वाले थे।

लेकिन शायद कुदरत को यह मंजूर नहीं था। काम के दौरान सऊदी अरब में ही हार्ट अटैक से उनकी मौत हो गई। एहसान की मौत की सूचना मिलने के बाद परिजन उसके जनाजे को वतन से लाने के लिए परेशान हैं। वही गांव में मातम छाया हुआ है। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। परिजन सऊदी अरब से शव के आने का इंतजार कर रहे है। लेकिन एहसान का शव घर कैसे आएगा यह चिंता उनके परिजनों को और भी सता रही है। एहसान के परिजनों ने सरकार और जिला प्रशासन से शव को वापस लाने में मदद की गुहार लगाई है। परिजनों का कहना है कि वह सऊदी अरब के थानों और विदेश मंत्रालय में गुहार लगाकर थक चुके है। उनकी हालत भी ऐसी नहीं है कि वह सऊदी अरब जाकर एहसान के शव को ला सके।

मंत्री सत्यानन्द भोगता ने किया बिरसा केंद्र का शुभारंभ

चयनित लाभार्थियों के बीच परिसम्पत्तियों का किया गया वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता

चतरा। मुख्यमंत्री सारथी योजना अंतर्गत बिरसा केंद्र (ब्लॉक लेवल इंस्टीट्यूट फोर रूरल स्किल एक्विजिशन) का विधिवत शुभारंभ मंत्री श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखंड सरकार सत्यानंद भोक्ता द्वारा हंटरगंज प्रखण्ड में किया गया। उक्त कार्यक्रम में मंत्री द्वारा कई युवा युवतियों को विभिन्न निजी संस्थानों का नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इसी क्रम में श्रम विभाग की ओर से चयनित लाभार्थियों के बीच परिसम्पत्तियों का भी वितरण किया। अपने संबोधन में मंत्री सत्यानन्द भोगता ने श्रम विभाग द्वारा क्रियान्वित विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। साथ ही कहा कि सरकार युवाओं को कौशल विभाग के माध्यम से रोजगारपरक प्रशिक्षण दिला रही है। पूरे राज्य में व्यापक स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। युवाओं को हुनरमंद बनाकर रोजगार उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्रथमिकता है। उक्त कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल यादव, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी, मंत्री प्रतिनिधि चन्द्रिका यादव, मंत्री प्रतिनिधि अजय राम, श्रम अधीक्षक अरबिंद कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी हंटरगंज अभिषेक पांडेय समेत कई गणमान्य उपस्थित थे।

आओ करे वृक्षों का रक्षण, यही हमारे भविष्य का संरक्षण: मंत्री

चतरा। मंत्री सत्यानन्द भोक्ता ने रविवार को अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत राजकीय बुनियादी उत्क्रमित उच्च विद्यालय दंतार विद्यालय हंटरगंज में वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल के द्वारा आयोजित 74 वां वन महोत्सव 2023 में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होकर कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। मंत्री सत्यानन्द भोक्ता के विद्यालय परिसर में आगमन पर विद्यालय के छात्राओं ने पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। इसके उपरांत मंत्री समेत गणमान्यों ने विद्यालय परिसर में पौध रोपण किया। तत्पश्चात मंत्री ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सभी को वन महोत्सव की बधाई व हार्दिक शुभकामनाएं दी और कहा कि वन जीवन का आधार है। हम सब को खास मौके जैसे शादी सालगिरह, जन्मदिन, त्यौहार आदि पर जरूर से जरूर पौधा लगाना चाहिए एवं उनका संरक्षण करना चाहिए। पेड़ पौधों को अपने बच्चों की तरह देखभाल करनी चाहिए। वह हैं तभी जीवन सम्भव है। आज पूरे विश्व में ग्लोबल वार्मिंग की समस्या विकराल रूप धारण करते जा रही है। उक्त वन महोत्सव शुभारंभ कार्यक्रम में वन प्रमंडल पदाधिकारी उतरी राहुल मीणा, जिलापरिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्रा, अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी, 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल यादव समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

अवैध बालू लदा ट्रैक्टर दुर्घटनाग्रस्त, युवक की मौत

रमना। थाना क्षेत्र के चुंदी गांव में पारसनाथ राम घर के समीप अवैध बालू लदा ट्रैक्टर दुर्घटना ग्रस्त हो गया। जिसमें नाबालिक चालक जरदे पंचायत के करके गांव निवासी श्यामलाल चौधरी के 16 वर्षीय पुत्र मुकलेश चौधरी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दुर्घटना में युवक का सिर बुरी तरह कुचल गया था। घटना की सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंचे रमना थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा, अवर निरीक्षक विवेक पंडित ने शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया। साथ ही दुर्घटना ग्रस्त ट्रैक्टर को कब्जे में लिया। ग्रामीणों के अनुसार सरकार द्वारा बालू पर रोक के बावजूद डंडई से रमना प्रखंड में दर्जनों गाड़ियां बालू ओवरलोड लेकर आ रहा है। इस क्षेत्र में बालू उठाव बंद हैं। लेकिन अवौ बालू कारोबारी रात्रि दस बजे के बाद से बेखौफ बालू उठाव और बिक्री करते हैं। जो प्रतिदिन पूरी रात चलता हैं। रात में अवैध बालू लदे ट्रैक्टरों की गति इतनी तेज होती है कि कोई सामने आ जाये तो बचना मुश्किल है और 4500-5000 रूपये प्रति ट्रैक्टर की दर से ग्रामीणों को बालू बेचा जाता है।

थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। थाना परिसर में मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। इस मौके पर एएसपी प्रवीण पुष्कर ने उपस्थित सभी अखाड़ा से आये लोगों से अपील करते हुए कहा कि मोहर्रम त्योहार शांति और भाईचारा का परिचय देते हुए मनाये। साथ ही कहा किसी भी तरह के असामाजिक तत्व त्यौहार में अशांति फैलाने की कोशिश करें तो तुरंत प्रशासन को खबर करें, किसी भी परिस्थिति में असामाजिक तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा। वहीं उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखा जायेगा। वहीं बीडीओ रोशमा डुंगडुंग ने शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की। वहीं थाना प्रभारी द्वारिका राम ने सभी अखाडा समिति से कहा कि आपलोग अपना रूट चार्ट सोमवार तक थाना में जमा कर दें, ताकि आवश्यकता अनुसार सुरक्षा में पुलिस बल लगाया जा सके। बैठक में राजकुमार यादव, मनोज कुमार झुन्नू, सदानंद यादव, मो इलियास, राजेश कुमार सिंह, राज कुमार यादव, बृजनंदन यादव, लक्ष्मण प्रसाद, किशोर साहू, मुखिया अनीता देवी, अनीता देवी, आबिद रहमान, कन्हाई यादव, मनसूर अली, अब्दुल रहमान मियां, मो मुस्लिम, मो सिराज अंसारी, विजय यादव, इमाम हुसैन, अमित अनुराग, तैयब हुसैन, मो यूसुफ, मो सलीम, मो जाहिद हुसैन समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

मोदी सरकार का पुतला दहन

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। मणिपुर में पिछले तीन माह से जारी हिंसा और दो आदिवासी महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने व उनके साथ दरिंद्गी और घिनौनी हरकत करने के खिलाफ दलित शोषण मुक्ति मंच (डीएसएमएम) के बैनर तले अम्बेडकर पार्क से कोडरमा बाजार गांधी चौक तक जुलूस निकालकर मोदी सरकार का पुतला दहन किया गया।

जहां मोदी सरकार मुर्दाबाद, मणिपुर की भाजपा सरकार शर्म करो, मणिपुर सरकार को बर्खास्त करो, मुख्यमंत्री एन बिरेन्द्र सिहं इस्तीफा दो, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा झूठा है, केन्द्र सरकार शर्म करो आदि भाजपा सरकार विरोधी नारे लगाये जा रहे थे। वहीं नुक्कड़ सभा का भी आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता डीएसएमएम के जिलाध्यक्ष दिनेश रविदास व सचिव शम्भु पासवान ने किया। वहीं वक्ताओं ने कहा कि मणिपुर में जिस तरह से आदिवासी महिलाओं को निर्वस्त्र कर उन्हें पूरे समाज में घुमाया जा रहा है, उनकी बेइज्जती की जा रही है, यह काफी निंदनीय है। भाजपा सरकार का पिछले तीन महीनो से चुप्पी साधे रहना, मणिपुर को जलने देना, उनकी नाकामयाबी दिखाती है, उनके चाल और चरित्र को दर्शाता है। जब भी महिलाओं पर उत्पीड़न की बात आती है, भाजपा सरकार चुप्पी साधे रहती है।

मणिपुर में बर्बरता के खिलाफ सीटू व किसान सभा का प्रतिवाद दिवस 25 को

झुमरीतिलैया (कोडरमा)। मणिपुर में पिछले तीन माह से जारी हिंसा और दो आदिवासी महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने व उनके साथ बर्बरता और घिनौनी हरकत करने के खिलाफ सीटू और किसान सभा के संयुक्त आह्वान पर देशव्यापी प्रतिवाद दिवस मंगलवार 25 जुलाई को मनाया जाएगा। झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य संयुक्त सचिव असीम सरकार ने बताया कि मणिपुर की घटना ने देश को शर्म से झुका दिया है। मणिपुर में जारी हिंसा और महिलाओं के साथ दरिंद्गी के खिलाफ पूरा देश सड़कों पर है। 25 जुलाई को देशव्यापी आह्वान पर झुमरीतिलैया तिलैया में किसान मजदूर संगठनों के द्वारा पुर्णिमा टकिज परिसर से झंडा चौक तक प्रतिवाद मार्च निकाला जाएगा और नुक्कड़ सभा का भी आयोजन किया जाएगा।

स्पीड न्यूज

कुआं में गिरने से ससुराल आए अधेड़ दामाद की मौत

टंडवा (चतरा)। टंडवा थाना क्षेत्र के तेलियाडीह उर्फ नावाडीह गांव में कुवां में डूबने से एक अधेड़ दामाद की मौत। जानकारी के अनुसार नावाडीह निवासी बनवारी पासवान के घर हजारीबाग के कोर्रा इलाके से उनके दामाद रौशना पासवान आया था, जो बीते देर रात्रि संदेहास्पद स्थिति में कुआं में गिर गया, जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा घटना की छान बिन कर अग्रसर कार्रवाई करने की प्रक्रिया की जा रही थी।

11 सदस्य ब्रांच कमिटी का गठन

जयनगर (कोडरमा)। भाकपा माले जयनगर पश्चिमी जिला परिषद क्षेत्र के हिरोडीह में रविवार को 11 सदस्य ब्रांच कमिटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से मंसूर आलम को ब्रांच सचिव और राजकिशोर यादव को ब्रांच उप सचिव चुना गया। बैठक में मुख्य रूप से भाकपा माले राज्य कमेटी सदस्य विजय पासवान, जिला कमेटी सदस्य मुन्ना यादव, असगर अंसारी उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता मशरुल होदा अंसारी ने किया। मौके पर देवेंद्र यादव, सरयू यादव, अजय पासवान, रंजीत पासवान, जानकी राणा, इस्लाम अंसारी, जगदीश पासवान, पार्वती देवी आदि मौजूद थे।

एमवीआई ने ओवर लोड दो हाइवा किया जब्त

मरकच्चो (कोडरमा)। नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग पर देवीपुर मोड़ केघ समीप एमवीआई ने ओवर लोड लदे दो हाइवा कोघ जब्त किया। मिली जानकारी के अनुसार दोनों हाईवाघ बरियारडीह की ओर से आ रहा था। इस दौरान हाइवा में ओवर लोड पत्थर लदा देख एमवीआई की टीम ने दोनों हाइवा को रोक कर चालकों से वाहन सहित उसपर लोड बोल्डर से संबंधित कागजातों की मांग की। चालकों द्वारा कागजात प्रस्तुत नहीं किए जाने पर दोनों हाइवा को जब्त कर नवलशाही थाना लाया गया।

दहेज हत्या को लेकर पति व सास गिरफ्तार

कोडरमा। भंडरवा निवासी नवविवाहिता तमन्ना परवीन की दहेज को लेकर हत्या कर दिए जाने केघ मामले में पुलिस ने मृतका के पति मुशर्रफ अंसारी व उसके सास को शनिवार को गिरफ्तार किया है। वहीं इस मामले में नामजद किए गए मृतका के ससुर व देवर अब भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। उल्लेखनीय हो कि तमन्ना परवीन के पिता तसव्वर हुसैन ने अपनी पुत्री की हत्या उसके ससुराल वालों द्वारा दहेज को लेकर गुरुवार को गला दबाकर कर दिए जाने के मामले में थाने में मामला दर्ज कराया था।

कुत्ते के हमले में बालक घायल

मरकच्चो (कोडरमा)। प्रखंड के दक्षिणी पंचायत अंतर्गत भोजपुर में कुत्ते ने बच्चे को काट लिया। वहीं घायल बालक की पहचान 5 वर्षीय मो. सोहेल पिता मो.शाहिद भोजपुर निवासी के रूप में की गई। मिली जानकारी के अनुसार बच्चा घर से बाहर खेल रहा था। जिसके बाद कुत्ते ने काट लिया। वहीं उसका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

एक नजर में

रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

टंडवा (चतरा)। रविवार को ऐनके एरिया में भारतीय मजदूर संघ की स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर आए अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। इसके भारतीय मजदूर संघ की मजबूती एवं उनके हितों में चर्चा किया गया। ततपश्चात स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर गांधीनगर एवं सेंट्रल हॉस्पिटल डकरा की पूरी टीम द्वारा किया गया। इस मौके पर कैम्प में सीसीएल सीकेएस के अध्यक्ष मनोज रजक के साथ साथ सीसीएल कल्याण सदस्य मुकेश कुमार ,मगध आम्रपाली से मगध सचिव नीरज सिंह, आम्रपाली क्षेत्र सुरक्षा सदस्य रविकान्त कुमार एवं आम्रपाली क्षेत्र उपाधियक्ष पुष्पेन्द्र बहादुर, एनके एरिया के अध्यक्ष एवं सचिव समेत कुल 30 कर्मियों ने रक्तदान कर शिविर को सफल बनाया।

कृषक मित्रों ने विधायक आवास का किया घेराव, सौंपा ज्ञापन

टंडवा (चतरा)। सिमरिया विधानसभा विधायक आवास कार्यालय में कृषक मित्र महासंघ का एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। जिसकी अध्यक्षता कृषक मित्र के प्रखण्ड अध्यक्ष अखिलेश सिंह व सन्चालन रविन्द्र सिंह ने किया। धरना प्रदर्शन में मौजूद लोगों ने कहा कि कृषक मित्रों का समान जनक मानदेय लागू कराने, बीते 14 वर्षों से कार्य कर रहे कृषक मित्रों को कार्य अवधि 65 वर्षों तक सुनिश्चित करें, यदि किन्ही कृषक मित्र की मृत्यु हो जाती है तो मृतक के आश्रितों को सरकारी नौकरी मुहैया कराने एवं कृषक मित्रों द्वारा कम्पीटिशन के माध्यम से यदि सरकारी नौकरी की बारी आती है तो उन्हें 50% का आरक्षण की मांग किया गया। इस प्रकार से अन्य मांगों के साथ झारखंड सरकार के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए अपनी मांगों को अभिलंब पूरी करने की गुहार लगाई है। धरना के पश्चात विधानसभा सत्र में सरकार को ध्यान आकृष्ट कराने हेतु विधायक किशुन कुमार दास को उक्त मांगों को लेकर पत्र सौंपा गया। मौके पर कृषक मित्र के प्रदेश सचिव सुभाष सिंह जिला उपाध्यक्ष उदय पांडेय मोहन कुमार कन्हैया सिंह मोहन राणा ऋतु साव बिनोद साव महेंद्र महतो तीर्थनाथ महतो समेत दर्जनों लोग मौजूद थें।

एनडीपीएस और यूएपी एक्ट पर कार्यशाला, पुलिसकर्मियों को दी गई जानकारी

चतरा। पुलिसकर्मियों को एनडीपीएस और यूएपी एक्ट की जानकारी देने के लिए एक दिवसीय विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। एसपी राकेश रंजन के निर्देश पर डीएसपी अविनाश कुमार की अध्यक्षता में रविवार पुलिस लाइन में यह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन एनडीपीएस और यूएपी एक्ट से संबंधित कांडों के अनुसंधान की गुणवत्ता में सुधार लाने के उद्देश्य से किया गया। ट्रायल के दौरान अभियोजन पक्ष को मजबूत करने, विचारण में अभियुक्त के रिहाई पर विवेचना, न्यायालय के समन्वय से कांडों का शीघ्र विचारण और विचारण पश्चात संलिप्त अपराधकर्मियों के विरूद्ध दोषसिद्धि बढ़ाने पर चर्चा करना था। इस कार्यशाला में पुलिस पदाधिकारियों के द्वारा इस प्रकार के कांडों में आने वाले विभिन्न समस्याओं को लोक अभियोजकों, विधि सलाहकार एवं अन्य पुलिस पदाधिकारियों के साथ साझा किया गया और विधि सम्मत उचित हल निकालने पर चर्चा की गई।

बाइक रैली निकाल बताई 9 साल की उपलब्धियां

कान्हाचट्टी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नौ वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से महाजनसंपर्क अभियान के तहत भाजयुमो कार्यकताओं ने बाइक रैली निकाला। कान्हाचट्टी प्रखंड में बाइक रैली निकाला गया। वही सुमन सौरभ ने जन जन तक सरकार की उपलब्धियां बताएं। भाजयुमो का महाजनसंपर्क अभियान रविवार को निकाला गया। भाजयुमो आईटी के प्रदेश प्रभारी सुमन सौरभ के नेतृत्व में बाइक रैली निकाला गया। इसके बाद बाइक रैली में शामिल भाजयुमो समर्थक कान्हाचट्टी बाजार, खाप, पीपल चौक, होते हुए गांधी चौक पहुंचा। जहां बाइक रैली का समापन किया गया। रैली में मुख्य रूप से उपप्रमुख सुमन सिंह,भाजयुमो महामंत्री पंकज सिंह, विक्की सिंह आदि हजारों भाजयुमो कार्यकताओं शामिल रहे।

आधी अधूरी नाली बनाने से जमा गंदा पानी, बीमारी का बढ़ा खतरा

चतरा। पत्थलगड़ा प्रखंड अंतर्गत ग्राम सिंघानी के मुस्लिम टोला से लेकर सिंघानी शिव मंदिर तक नाली का निर्माण किया जाना था लेकिन एक माह बीत जाने के बाद भी नाली का कार्य अधूरा है। संवेदक के द्वारा नाली का कार्य आधा अधूरा करके छोड़ दिया गया है। डीएमएफटी. फंड से नाली का निर्माण किया जा रहा है। जिसका प्रकलित राशि लगभग बीस लाख है। अब नाली में गंदा पानी जमाव होने से आस पास रह रहें लोगो को बीमारी होने का डर सत्ता रहा है। इसी को लेकर ग्राम सिंघानी के भुइयाँ टोली आंगनबाड़ी के पास ग्रामीण और संवेदक के द्वारा बैठक किया गया। बताया गया कि संवेदक कन्हाई यादव के द्वारा दो माह पहले से नाली का कार्य किया जा रहा था लेकिन ग्राम पत्थलगड़ा के कुछ किसानो के द्वारा नाली निर्माण पर रोक लगा दिया गया है। किसानो का कहना है कि इसके पूर्व मुस्लिम टोला का पानी कभी भी आया ही नहीं है। जो कुछ लोगो के द्वारा राजनीति के तहत बाई जबरन नाली का निर्माण कराना चाह रहे हैं। जिससे खेत में नाली का गन्दा पानी जाने से फसल को नुकसान होगा। वहीं ग्रामीणों ने कहा की अगर नाली में जमा गन्दा पानी का निकासी नहीं होता है तो नाली को भर देंगे वहीं संवेदक कन्हाई यादव ने दूरभाष पर कहा कि जहां तक नाली निर्माण का ऐस्टीमेट दिया गया है वहां तक हम नाली बनाएंगे अगर कोई नाली निर्माण में अड़चन देते हैं तो मुझे कानून का सहारा लेना पड़ेगा। वहीं बैठक में उपस्थित पूर्व सिंघानी पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद उर्फ राजू डॉक्टर, दीनदयाल चंद्रवंसी, रवि राणा, विवेक सिन्हा आदि सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

9 करोड़ 34 लाख रूपये की लागत से नल जल योजना का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

भवनाथपुर। विधायक भानु प्रताप शाही की उपस्थिति में रविवार को भाजपा के वयोवृद्ध नेता इंद्रदेव प्रसाद यादव ने मकरी पंचायत में पीएचडी के तहत 9 करोड़ 34 लाख रूपये की लागत से नल जल योजना तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के तहत 25 लाख रूपये की लागत से मकरी गांव में कब्रिस्तान घेराबंदी निर्माण का शिलान्यास भूमि पूजन कर तथा नारियल फोड़कर किया।

इस दौरान मुस्लिम कमिटी के सदस्यों ने विधायक भानु को अंगवस्त्र व माला पहना कर स्वागत किया। मौके पर विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि नल जल योजना पीएम नरेंद्र मोदी का महत्वाकांक्षी योजना है। नल जल योजना के तहत 105 जगहों पर डीप बोर कराकर पानी टंकी लगाया जाएगा, जिसकी क्षमता 5 हजार लीटर होगी।

भूमि पूजन करते विधायक

20 घरों में कनेक्शन होगा व 8 हजार लीटर वाले में 40 घर कनेक्शन होगा। इससे कुल 2483 घरों में पानी सप्लाई किया जायेगा। उन्होंने कहा कि 2014 से ही देश के यशस्वी प्रधानंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबो और जरूरतमन्द लोगों को प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत, उज्जवला योजना, प्रत्येक घरों में शौचालय, नल जल जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं को घर घर में पहुंचाकर समानता का अधिकार देते हुए देश में गरीबी और अमीरी के खाई को पाटने का कार्य कर रहे है। ठीक उसी तरह 2009 से ही मैं समानता के अधिकार के साथ संघर्ष कर क्षेत्र को सजाने सँवारने के लिए प्रयासरत हूं। कहा कि मकरी पंचायत के मुस्लिम भाई लोगो के चिरपरिचित मांग कब्रिस्तान की आज घेराबंदी निर्माण कार्य का शिलान्यास कर उसे पूरा करने का काम किया गया। उन्होंने सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर प्रहार करते हुए कहा कि मकरी के ज्यादातर मजदूर तुलसीदामर खदान में काम करते थे, लेकिन आज यहां के मजदूर बेरोजगार हो गए है। 2013 में मुख्यमंत्री बनते ही हेमंत सोरेन ने घाघरा माइंस को बन्द किया और इस बार जब दोबारा मुख्यमंत्री बने तो उन्होंने 16 फरवरी 2020 को तुलसीदामर खदान को भी बंद कर गरीबो के घरो का चूल्हा बंद करने का काम किया है।

हेमंत सोरेन बालू को सोना बना दिया है। सभी प्रशासनिक अधिकारी को बालू पकड़ने के लिए पीछे लगा दिया है। प्रशासन का भय दिखाकर गरीबो के पैकेट से वाहन जांच, बिजली छापेमारी के नाम पर ब्लाक व अंचल कर्मियों और पुलिस प्रशासन से मोटी गाढ़ी कमाई करवा रही है। मौके पर विधायक भानु गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष किशोर यादव, भाजपा नेता अनिल चौबे, पूर्व प्रमुख रीता देवी, पूर्व मुखिया अब्दुल्ला अंसारी, धनंजय साह, प्यारेमोहम्मद अंसारी, इजराईल अंसारी, निरंजन पाठक, रवि पाल, मनोज यादव, नईमुद्दीन अंसारी आदि उपस्थित थे।

वीआईपी के जिलाध्यक्ष बने सरोज

खबर मन्त्र संवाददाता

गढ़वा। विकासशील इंसान पार्टी के तत्वावधान में शहर के चिनियां मोड़ स्थित राम दुलारी होटल के सभागार में बैठक की गई। जिसमें सर्वसम्मति से सरोज चौधरी को पार्टी का जिलाध्यक्ष चुना गया। वहीं महावीर चौधरी व सुभाष विश्वकर्मा को उपाध्यक्ष, ब्रह्मदेव चौधरी को महासचिव, राजू कुमार चौधरी व विजय राम को सचिव, महावीर चौधरी व संतोष चौधरी को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा बचनदेव चौधरी को गढ़वा विधानसभा प्रभारी, मंदीप मल्लाह को विश्रामपुर विधानसभा प्रभारी, भरदुल चौधरी को भवनाथपुर विधानसभा प्रभारी बनाया गया। मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह झारखंड प्रभारी चंदन साहनी ने कहा कि आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव पार्टी मजबूती के साथ लड़ेगी। इसके लिए बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को जोड़ने का काम किया जा रहा है। निश्चित तौर पर झारखंड में ताकतवर पार्टी बनकर उभरेगी। वीआईपी पार्टी के विचारधारा को अपनाते हुए काफी संख्या में लोग जुड़ रहे हैं। पार्टी सुप्रीमो सन ऑफ मल्लाह मुकेश साहनी का सपना है कि निषाद समाज के साथ-साथ अन्य लोगों का भी हर क्षेत्र में विकास हो। 25 जुलाई को फूलन देवी शहादत दिवस के अवसर पर पटना से संकल्प यात्रा की शुरुआत हो रही है, जो बिहार उत्तरप्रदेश और झारखंड होते हुए पटना पहुंचेगी। मौके पर गढ़वा रंका विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह प्रदेश सचिव मंदीप मल्लाह, प्रदेश महासचिव बचनदेव चौधरी, युवा समाजसेवी सुमेर कुमार चौधरी, विजय राम, राजकुमार राम, शशि पासवान, संजय राम आदि उपस्थित थे।

जिलाध्यक्ष को बधाई देते पार्टी के लोग

स्पीड न्यूज

हेरहंज प्रखंड कार्यालय में विधिक सेवा प्राधिकार जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

हेरहंज। प्रखण्ड सभागार भवन में विधिक सेवा प्राधिकार जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि रहे प्रथम श्रेणी न्यायाधीश राहुल कुमार, बीडीओ सह सीओ प्रदीप कुमार दास व एसआई कैलाश कुमार मण्डल अ लेडीज सुपरवाइजर अनिता देवी ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की तत्पश्चात समूह की महिलाओं ने स्वागत गीत गाकर स्वागत किया। न्यायाधीश श्री कुमार ने कानून के साथ साथ कई महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी एवं छोटे छोटे जैसे जलावन लकड़ी, आपसी विवाद , चेक बाउंस ,ट्रेफिक नियम उलंघन ,अत्यंत गरीब परिवार से है और उनका परिवार बरसो से जेल में बंद पड़े हुए है एवं पैसे की अभाव में वैसे लोगों को कोट के द्वारा मदद किया जाता है दर्जनों आजीविका सखी को 15 समूहों के बीच पच्चीस लाख एंव चक्रीय निधि राशि पांच लाख रुपए का चेक दिया गया। मौके पर काफी संख्या में महिला पुरुष मौजूद थे।

भारतीय किसान संघ की बैठक संपन्न, संयोजक सहसंयोजक का हुआ घोषणा

लातेहार। रविवार को भारतीय किसान संघ की बैठक जिला पलामू में राम जानकी मंदिर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन सीताराम सिंह के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र संगठन मंत्री प्रकाश नारायण तिवारी प्रदेश अध्यक्ष जय कुमार सिंह, प्रदेश संगठन मंत्री आंचल और 300 कार्यकताओं ने भाग लिया। पलामू जिला का संयोजक सहसंयोजक का घोषणा प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा किया गया। संयोजक बृजेश तिवारी सह संयोजक विनय त्रिपाठी और तारकेश्वर सिंह को बनाया गया।

पुलिस ने एनडीपीएस के छः अभियुक्तों के घर चिपकाया पोस्टर

बारियातू। बारियातू पुलिस ने बालूभांग मे रविवार को एनडीपीएस के छः अभियुक्त के घर विधिवत इश्तेहार चिपकाया .उक्त इस संबंध मे जानकारी देते हुए थाना प्रभारी मुकेश चौधरी ने बताया कि बालूमाथ वर्तमान थाना बारियातू कांड संख्या 24/22 के छः एनडीपीएस के अभियुक्त बालभांग पंचायत के कोटनासेमर निवासी पिन्टू गंझु, नारायण गंझु, मुकेश गंझु, राजेन्द्र गंझु, जुगल गंझु, व महेंद्र गंझु के घर थाना के पुलिस अवर निरिक्षक बिंदेशवर महतो, दीपक नारायण सिंह व पुलिस बल के द्वारा विधिवत इशतर चिपकाया गया है।

मोहर्रम पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

महुआडांड़। मोहर्रम पर्व शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर एसडीओ नीत निखिल सुरीन की अध्यक्षता में रविवार को शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए एसडीओ सुरीन ने कहा कि मोहर्रम को लेकर प्रशासन सजग है। किसी भी समस्या पर प्रशासन को तत्काल सूचित करें। बैठक में सर्किल इंस्पेक्टर धर्मदेव पासवान ने सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने पर करवाई की बात कही। थाना प्रभारी रत्न टुडू ने आपसी सद्भाव के साथ पर्व को संपन्न कराने में प्रशासन को सहयोग करने की अपील की। बैठक में मुहर्रम मे निकलने वाले जुलूस के रूट चार्ट पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उपरोक्त लोगो के प्रखंड उप प्रमुख अभय मिंज, सदर इमरान खान, खलीफा लाडले खान, शहजाद आलम, मो मुस्तकिम, मो. निजामुद्दीन, अनिल मनोहर, हिंदू महासभा के महामंत्री संजय जायसवाल, रानू खान, बिहारी लाल जायसवाल समेत कई लोग मौजूद थे।

विश्व आदिवासी दिवस को लेकर बैठक कार्यकारिणी समिति का हुआ गठन

चंदवा। स्थानीय मिशन हॉल चंदवा में रविवार को विश्व आदिवासी दिवस 9 अगस्त मनाने को लेकर विश्व आदिवासी दिवस आयोजन समिति की बैठक संपन्न हुयी। बैठक में विश्वा आदिवासी दिवस को लेकर कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। जिसमें अध्यक्ष सुमन सुनील सोरेंग, उपाध्यक्ष स्टीफन मिंज, सचिव विनोद भगत, कोषाध्यक्ष प्रमोद कुजूर को बनाया गया। कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप उरांव, बीरबल उरांव, धवल कुजुर, विनय कुमार खलखो, शिवनाथ भगत, सुदेश्वर उरांव, मिलानुस मिंज, इसदोर तिग्गा, अनूप कुमार बड़ाईक, बरतू भगत, सुशील भगत, राजेंद्र उरांव, पॉलिना लुगुन, मेलानी टोपनो, सुचिता टोपनो, क्लारा तिग्गा, जगदीश एक्का, राजीव उरांव, राजेश उरांव को बनाया गया। वहीं संरक्षक के रूप में फादर इमानुएल केरकेट्टा, लाल बिहारी उरांव, मर्कुस गुड़िया, जेम्स केरकेट्टा, अनूप कुमार बड़ाईक, सिस्टर तेरसा टोप्पो, सित मोहन मुंडा, जितेंद्र सिंह को बनाया गया। इस दौरान सर्वसम्मति से खीस्त राजा मध्य विद्यालय के प्रांगण में आदिवासी दिवस मनाने का निर्णय लिया गया।

कार दुर्घटना में पति-पत्नी घायल

बालूमाथ। बालूमाथ- टंडवा पथ पर रहिया ग्राम के समीप रविवार को एक कार दुर्घटना में घंटी प्रसाद 50 वर्ष एवं उसकी पत्नी मंजू देवी 45 वर्ष ग्राम लातेहार गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार घंटी प्रसाद अपने घर लातेहार से हजारीबाग रिश्तेदार के यहां अपनी कार से जा रहा था इसी बीच रहिया ग्राम के समीप तीखे मोड़ में एक बाइक सवार को बचाने के चक्कर में असंतुलित होकर पलट गई। घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से दोनों घायल पति पत्नी को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉ अमरनाथ प्रसाद द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए मंजू देवी को सदर अस्पताल का लातेहार रेफर कर दिया। ज्ञात हो गई घंटी प्रसाद लातेहार के प्रसिद्ध व्यवसाई हैं।

केंद्र सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर भाजपाइयों ने निकाली बाइक रैली

जाति-मजहब के भेदभाव किए बिना हर वर्ग दिया गया सरकारी योजनाओं का लाभ : नीरज

खबर मन्त्र संवाददता

बाइक रैली में शामिल भाजपाई

बरवाडीह। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के नौ वर्ष पूरे होने पर नौ साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत बाइक रैली निकाली गई। भारतीय जनता युवा मोर्चा के बरवाडीह प्रखण्ड इकाई द्वारा आयोजित रैली में पार्टी के विभिन्न मोर्चा के कार्यकताओं ने भाग लेकर प्रधानमंत्री के कार्यकाल को विकास का काल बताया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आशुतोष सिंह चेरो एवं नीरज सिंह के साथ-साथ सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, अजय सोनी व विवेक सिंह समेत विभिन्न मोर्चा से सैकड़ो कार्यकताओं ने हिस्सा लिया। प्रखण्ड मुख्यालय के पुराने ब्लॉक परिसर से बाइक रैली शुरू हुई, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए कुटमू चौक पर संपन्न हुई। रैली के दौरान कार्यकताओं ने उत्साह के साथ नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल का जश्न मनाया। जहां आशुतोष सिंह चेरो ने बताया कि प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल के दौरान देशहित और लोकहित में कई कदम उठाए है। जिसके बारे में लोगों को बताने का कार्य बाइक रैली के माध्यम से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार ने 9 साल में गरीबों व देश के हित में काम किया है। वहीं नीरज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अनेकों जनउपयोगी योजनाएं लाकर देश के हर वर्ग को लाभांवित किया है। जाति-मजहब के भेदभाव बिना भी सबको सरकारी योजनाओं का लाभ दिया गया है। बाइक रैली में मंडल महामंत्री मनोज प्रसाद, प्रदीप सिंह, ईश्वरी सिंह, पवन चौधरी, मंडल उपाध्यक्ष सुनील सिंह, हेमंत कश्यप, मनोज यादव, अशोक प्रसाद, ननदेव सिंह, दीपक तिवारी, राकेश रंजन, सखीचंद प्रसाद, कमलेश , छोटू, जितेंद्र, आनंद, विक्की, मनीष व अशोक सहित सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल हुए।

तेली साहू महासंगठन की बैठक

बैठक में अतिथि का स्वागत करते लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

लातेहार। राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन की बैठक रविवार को कार्यवाहक जिलाध्यक्ष रामप्यारे साहू की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के जिलाध्यक्ष के मनोनयन को लेकर रायसुमारी व चर्चा किया गया। महासभा प्रदेश अध्यक्ष सुनिल साहू ने कहा कि 2 जुलाई को झारखण्ड प्रदेश कार्यसमिति बैठक में सर्वसम्मति से प्रदेश और सभी जिला कार्यसमिति को भंग कर दिया गया था। अब प्रदेश और जिला कार्यसमिति गठन करने से पहले सभी जिला में जाकर संगठन से सम्बन्धित लोगों से रायसुमारी किया जा रहा है। आगे कहा कि सभी जिला में रायसुमारी सम्पन्न हो जाने के बाद अगस्त माह में प्रदेश कार्यसमिति और सभी जिलाध्यक्ष का घोषणा करूंगा। उन्होंने यह भी कहा कि तेली समाज भाजपा को 99% वोट देता है फिर भी भाजपा तेली समाज के लोगों को बंधुआ वोटर समझती है, भागीदारी नहीं देती है और मोदी के नाम पर सिर्फ ठगती रहती है। अब भागीदारी नहीं तो वोट नहीं के तर्ज पर जागरुक वोटर होने का परिचय तेली समाज देगा। बैठक में पलामु प्रमंडल प्रभारी संजय स्नेही, पलामु जिला से राम प्रसाद साहू, अशोक प्रसाद साहू, लातेहार जिला से आदित्य प्रसाद साहू, मुरारी प्रसाद साहू, बाढु साव, राजू साव समेत अन्य मौजूद थे।

मणिपुर का गुस्सा फुटा, कई संगठनों ने मानव श्रृंखला बनाकर किया प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता

विरोध प्रदर्शन करते लोग

महुआडांड़। मणिपुर में महिलाओं से हुई बबरता को लेकर रविवार को महुआडांड़ में विभिन्न आदिवासी संगठन के बैनर तले महिलाओं ने मानव श्रृंखला बनाकर विरोध प्रदर्शन किया। संगठनों के लोगों ने महुआडांड़ के दुर्गा बाड़ी मोड से शास्त्री चौक होते बिरसा मुण्डा चौक तक मानव श्रृंखला बनाकर पदयात्रा निकाली। इस विरोध प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने घटना को शर्मनाक बताते हुए देश की आधी आबादी पर इसे घातक प्रहार बताया। कहा कि देश में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा धोखा साबित हुआ है। प्रदर्शन में स्कूल कॉलेज के छात्राएं शामिल हुए। इधर बोहटा चौक पर नेतरहाट फिल्ड फायरिंग रेंज के केन्द्रीय जन सघर्ष समिति के सचिव जेरोम जेराल्ड कुजूर ने कहा कि मणिपुर में आदिवासी महिलाओं के साथ दुव्यवेर्हार करने का शर्मनाक वीडियो के वायरल होने के बाद शीर्ष कोट ने स्वत संज्ञान लिया। तब प्रधानमंत्री ने चुप्पी तोडने की औपयरिकता पूरी की। उन्होंने कहा कि 70 दिनों से मणिपुर जल रहा है। मणिपुर सीएम को तत्काल अपना त्यागपत्र देना चाहिए। बोहटा में चौक में जेरोम जेराल्ड कुजूरकुलदीप मिंज, सुमन एक्का, गोपाल खाखा, हबील टोप्पो, अरविंद एक्का, कुलदीप बैक, अनीस लकड़ा, सुश्री लिना, तिनतियुस टोप्पो, सुसना एक्का, अशोक खलखो, फ्रेडरिक बैक, राजेश टोप्पो, लिलि बैक सहित महुआडांड़ में फादर दिलीप, अभय मिंज, किशोर, मनीना कुजूर सहित विभिन्न गांवों से आये महिला व छात्राएं भाग लिया।

लोकसभा व विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाएं कार्यकर्ता: सुदेश

खबर मन्त्र संवाददाता

सुदेश महतो का स्वागत करते आजसू के लोग

चंदवा। आजसू प्रखंड अध्यक्ष विवेक दुबे उर्फ राजा दुबे की अगुवाई में प्रखंड के दर्जनों की संख्या में आजसू कार्यकर्ताओ ने पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो व केंद्रीय महासचिव डॉ. देवशरण भगत का चंदवा में जोरदार स्वागत किया। सुदेश महतो रविवार की सुबह पूर्व निर्धारित कार्यक्रम में शामिल होने पलामू जा रहे थे। इसी दौरान स्थानीय पथ निर्माण विश्रामागार परिसर में आजसू कार्यकताओं ने फूल मालाओं के साथ उनका स्वागत किया। इस दौरान सुदेश महतो कार्यकताओं से मुलाकात कर उनमें जोश भरने का काम किया। सुदेश महतो ने कार्यकताओं से आगामी 2024 लोकसभा व विधानसभा चुनाव की तैयारी में आज से ही लग जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश उन्नति की राह पर अग्रसर है। देश के साथ झारखंड राज्य के विकास की गति और तेज हो इसके लिए आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव में मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए को ही पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में लाएं। मौके पर दर्जनों की संख्या में आजसू कार्यकर्ता मौजूद थे।

छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया

खबर मन्त्र संवाददाता

कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व लोग

बालूमाथ। बालूमाथ के समाजसेवी रहे डॉ इकबाल नैयर कासमी की याद में अंजुमन फरोग ए उर्दू झारखंड की ओर से बालूमाथ के होटल कजरिया में एक कार्यक्रम आयोजित कर उर्दू की परीक्षा में अच्छे नबर लाने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिक्षक मो०वसीम इमाम की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमे उर्दू की परीक्षा मैट्रिक-इंटर में 75% से अधिक अंक लाने वाले और इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले 70 विद्यार्थियों के बीच पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ से पहुंचे मो०सरफराज अहमद ने शिरकत की। मौके पर छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए सरफराज अहमद ने कहा कि बच्चे उर्दू की पढ़ाई भूलते जा रहे हैं। लेकिन उर्दू विषय से पढ़ने वाले बच्चों के लिए भी बहुत अवसर मिलते हैं। उर्दू विषय को बढ़ावा देने को लेकर यह कार्यक्रम रखा गया है। वहीं उन्होंने डॉ इकबाल नैयर कासमी की जीवनी पर भी प्रकाश डाला। मौके पर मो०इकबाल, दानिश अयाज, अब्दुल वाजिद चुतवेर्दी. निजामुद्दीन अंसारी मौलाना तैयब. संयोजक मो० अब्दुल फतह, हाफिज मो०सालिम, मौलाना शाहिद, मो०शाहिद नवाज, मो०अब्दुल सहित कई लोग उपस्थित थे। सभा का संचालन मो० मुर्शीद ने किया।

आवसीय विद्यालय नेतरहाट ने इस वर्ष लगभग एक करोड़ सैंतीस लाख की दी सरकार को बचत

खबर मन्त्र संवाददाता

जानकारी देते प्राचार्य

महुआडांड़। नेतरहाट आवासीय विद्यालय के प्राचार्य के रूप में 19 जून को डॉ प्रसाद पासवान ने प्रभार लिया। जिसके बाद उनके द्वारा पठन-पाठन के सामग्री पोशाक खाद्य सामग्री समेत बच्चों के उपयोग की चीजों में वित्तीय वर्ष से लगभग 1 करोड़ 37 लाख रुपए की सरकार को बचत कराया गया। इन सभी सामग्रियों का पूर्ति के लिए टेंडर किया जाता था और संवेदकों के द्वारा इन सारे सामग्रियों की आपूर्ति की जाती थी। शिक्षा के क्षेत्र में उन्होंने बताया कि इसे लेकर मेरे द्वारा स्कूली शिक्षा सचिव व निदेशक मैंने मुलाकात कर नेतरहाट आवासीय विद्यालय के मैट्रिक एवं इंटर के रिजल्ट को राष्ट्रीय स्तर पर लाने के के लिए प्रयासरत रहने की बात कही है। और मेरी कोशिश रहेगी कि इस विद्यालय का रिजल्ट राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा हो। और शैक्षणिक क्षेत्र में विभिन्न तरह के क्रियाकलाप कराने की भी योजना है। वहीं दूसरी ओर जरेडा के द्वारा पूरे स्कूल कैंपस में सरकारी योजना के तहत सोलर एनर्जी आपूर्ति करने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है जोकि कार्य निशुल्क रूप से किया जा रहा है। जब जरेडा के द्वारा पूर्ण रूप से स्कूल कैंपस में सोलर एनर्जी लाइट लगा दिया जाएगा जिसके बाद स्कूल को लाइट की कमी दूर हो जाएगी।

मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक

चंदवा। आगामी मुहर्रम त्योहार को लेकर रविवार को चंदवा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस निरीक्षक सह थानेदार बबलू कुमार व संचालन पंसस अयुब खान ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए इंस्पेक्टर बबलू कुमार ने आगंतुकों को जोहार के साथ स्वागत किया। इसके साथ ही आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि त्योहार को शांति व्यवस्था कायम रहे इसमें सभी समुदाय के लोगो का योगदान दें। सभी अखाड़ा संचालक लाइसेंस लेना सुनिश्चित करें व जुलूस को प्रशासन द्वारा निर्धारित मार्ग से हीं निकलें। इस कार्य का निष्पादन को लेकर पुलिस व प्रशासन पूर्णतः मदद करेगी। मौके पर राजद जिलाध्यक्ष रामप्रवेश यादव, समाजसेवी, रोहित यादव, प्रमोद साहू, रामयश पाठक, निर्मल भारती, विनोद कुमार गुड्डू, मो. अब्दाल, राजन भगत, भोला खान, संजीव आजाद, मुखिया फुलजेंसिया टोप्पो समेत काफी संख्या में अन्य लोग मौजूद थे।

टाउन हॉल में विधिक जागरूकता सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन हुआ

खबर मन्त्र संवाददाता

लातेहार। जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार के द्वारा टाउन हॉल में विधिक जागरूकता सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिल कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलित कर शिविर का उदघाटन किया गया। इस शिविर में प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रेन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफन्सेस एक्ट (पोक्सो एक्ट) के प्रभावी क्रियान्यवयन हेतु इसके विभिन्न पहलुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। शिविर में लोगों को सम्बोधित करते हुये प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिल कुमार ने कहा अव्ययस्क बालक /बालिका को यौन अपराध एवं यौन उत्पीड़न से बचाने के लिए पोक्सो एक्ट लागू किया गया है, बाल यौन अपराध काफी गंभीर मामला है। बाल यौन अपराध के रोकथाम एवं बच्चों के लिए सुरक्षित समाज के निर्माण के लिए हम सभी को योगदान देना होगा। पुलिस अधीक्षक लातेहार अंजनी अंजन ने कहा नाबालिक के साथ यौन अपराध के मामलों में पोक्सो एक्ट के तहत सजा के कड़े प्रावधान हैं। नाबालिक के साथ यौन अपराध की घटना होने पर अविलम्ब थाने में प्राथमिकी दर्ज करायें। उप विकास आयुक्त लातेहार आलोक शिकारी कच्छप ने कहा पोक्सो एक्ट के प्रति समाज के सभी लोग जागरूक हों एवं पोक्सो एक्ट से सम्बंधित अपराध होने पर अपराधी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने में सहयोग करें।स्पेशल जज पोक्सो अमित कुमार ने पोक्सो एक्ट से सम्बंधित अपराधों में अभियोजन की प्रक्रिया, गवाह एवं सबूत इत्यादि के सम्बन्ध में जानकारी दिया।

मूलभूत अधिकारों से परिचय कराना हमारा लक्ष्य : राजीव

चंदवा प्रखंड कार्यालय में कानूनी जागरूकता सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि

चंदवा। प्रखंड कार्यालय के सभागार में रविवार को नालसा और झालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में कानूनी जागरूकता सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। लातेहार से आए प्रधान जिला जज राजीव आनंद ने सिविल का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर बीडीओ सह सीओ विजय कुमार, इंस्पेक्टर बबलू कुमार मौजूद थे। बीडीओ श्री कुमार ने प्रखंड में चल रही विकास योजनाओं के संबंध में विस्तृत से जानकारी दी। प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रतन कुमारी ने मनरेगा से सम्बंधित योजनाओ को विस्तार से बताया। उन्होंने मनरेगा से दीदी बाड़ी योजना, आम बागवानी योजना जैसे कई योजनाओं के विषय मे जानकारी दी। प्रखंड समन्वयक कुशध्वज ने आवास योजना के बारे में जानकारी दिया। जेसेलपीएस की ओर से भी बताया गया कि प्रखंड में अब तक कुल 1100 समूह का गठन किया जा चुका है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ प्रकाश बड़ाइक ने स्वास्थ्य योजनाओ के बारे में जानकारी दी। उन्होंने टीकाकरण से सम्बंधित जानकारी दी। सर्पदंश होने पर तुरंत हॉस्पिटल आने की सलाह दी। परिवारिक कोर्ट के प्रधान जिला जज राजीव आनंद ने शिविर को सम्बोधित करते हुए कहा कि कानून के प्रति जागरूकता एवं उनके मूलभूत अधिकारों से परिचय कराना हमारा लक्ष्य है। इस अवसर पर प्रखंड कार्यालय के द्वारा 5 लोगों को पेंशन योजना की स्वीकृति दी गई, इनमें विधवा एवं वृद्धा पेंशन शामिल हैं, साथ ही 5 लाभुकों को मनरेगा जॉब कार्ड दिया गया। मौके पर पुअनि जमील अंसारी समेत प्रखंड व अंचल कर्मी व बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

एक नजर में

आदिवासी लोहरा समाज की बैठक में प्रमाण पत्र बनने में हो रही परेशानी पर हुई चर्चा

चंदवा। आदिवासी लोहरा समाज प्रखण्ड समिति चंदवा की बैठक रविवार को हुई, जिसकी अध्यक्षता बंसत लोहरा ने की। बैठक में आदिवासी लोहरा समाज के साथ हो रहे सत्याचार पर गम्भीरता से चर्चा किया गया। बैठक में समाज के लोगो ने कहा कि सरकार व जिले के वरीय अधिकारी के बावजूद आदिवासी लोहरा समाज के लोगो का जाति प्रमाणपत्र नही बन पा रहा है। अंचल द्वारा बार-बार आवेदन को निरस्त कर दिया जा रहा है। जिस कारण समाज के युवा हक व अधिकार से वंचित हो रहे है। हो रही परेशानियों को लेकर अंचल धेराव कार्यक्रम पर भी विचार विमर्श किया गया। मौके पर राकेश लोहरा, सुरेशनाथ लोहरा, सुखदेव लोहरा, संतोष लोहरा, रविन्द्र लोहरा समेत अन्य लोग मौजूद थे।

73 वर्षीय सेवानिवृत्त शिक्षक संदेहास्पद मौत

महुआडांड़। थाना क्षेत्र के अंतर्गत धवई टोली गांव निवासी क्लेमेंट टोप्पो (73 वर्षीय सेवानिवृत्त शिक्षक) का शव रविवार को महुआडांड़ पुलिस ने पोस्टमार्टम हेतु लातेहार भेजा। स्थानीय लोगों और परिवार के सदस्यों ने इस मामले में हत्या की आशंका जताई। वही मृतक के सर पर धारदार हथियार के जख्म दिखाई दिया, घटना की सूचना पुलिस को दी गई। महुआडांड़ थाना प्रभारी रतन टूडू ने कहा कि मामले की छानबीन बाद ही कुछ कहा जा सकता है। बताया जाता है कि सेवा निर्मित शिक्षक क्लेमेंट को शनिवार को अपने खेत में मकई की खेती की देखभाल के लिए गए थे, इसी बीच घरवालों को सूचना मिली कि वे रक्त रजिंत हलात में गिरे हुए हैं, हल्की सांसे चल रही थी, तत्काल उसे अस्पताल पहुंचाया गया हैं, किंतु चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया. हालांकि परिजन भी स्पष्ट रूप से कुछ बताने में असमर्थ है। मुखिया ने मामले की निष्पक्ष जांच करते हुए, खुलासा करने की मांग भी की।

विधिक जागरूकता शिविर में लोगों को दी गई कानूनी अधिकारों की जानकारी

बरवाडीह। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में रविवार को प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय के प्रांगण में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन जिले से आए मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अब्दुल नसीम के साथ-साथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलु लोहरा, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.आशीष रंजन, बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, प्रमुख सुशीला देवी व उप प्रमुख बिरेंद्र जयसवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके उपरांत जागरूकता शिविर में आए पंचायत प्रतिनिधि और आम नागरिकों को कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई।

टेंडर डालने को लेकर ठेकेदारों में मारपीट, मामला पहुंचा थाना

खबर मन्त्र संवाददाता

बेरमो/जारंगडीह। सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र के जारंगडीह पीओ कार्यालय के समीप स्थित दुर्गा मंडप के निकल बिते दिनों एक अजीब मामला देखने व सुनने को उस समय मिली जब स्थानीय संवेदक कैलाश चौहान के साथ मारपीट की घटना घट गई। हालांकि दोनो ही पक्ष स्थानीय बोकारो थर्मल थाना मे लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।

क्या है मामला

उक्त घटना के संबंध में घायल संवेदक कैलाश चौहान से मिली जानकारी के अनुसार सीसीएल मे उसने ड्रेन सफाई जिसका टेंडर दर लगभग ढाई लाख बताई है कम दर पर काम करने की टेंडर डाला। जिसके बाद उनके अनुसार जारंगडीह के संवेदक युनियन उस से नाराज हो गया। कहा कि घटना के पुर्व साहिद उर्फ साजीद उसे फोन कर पुछा कि कहा हो जब उसने कहा कि हम इस समय फुसरो में है तो दुसरी तरह से मिलने की बात कह उसे उक्त स्थान पर बुलाया गया और पहले से ही वहां करीब 25 से 30 लोग मौजूद थे। कैलाश के अनुसार उसने जैसे मोटरसाइकिल खड़ी की खेतको निवासी मो साहिदए जारंगडीह उपरबंगला निवासी संवेदक दिलिप मंडलए संजय गुप्ताए नितिन रामए दिलीप यादवए आदि लोगो ने उस पर हमला कर दिया। उसे बुरी तरह मारा.पीटा गया जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। बाद में उसने थाने में लिखित शिकायत देकर न्याय की गुहार लगाई। जबकि संवेदक साहिद का कहना है कि उसका मरम्मती का कार्य जारंगडीह अस्पताल में चल रहा है इसके एवज में कैलाश और उसके लोग उससे 50 हजार रुपये की रंगदारी मांगने पहुचे। उस समय उसके साथ सात आठ लोग शामिल थे। रंगदारी देने से इंकार करने पर नोकझोंक और मारपीट हुई इसमे उसे गंभीर चोट आई हाथ फ्रेक्चर हो गया है।इस घटना के बाद वह सिधा बोकारो थर्मल थाना पहुचा और लिखित शिकायत दर्ज करवा न्याय की गुहार लगाई। अब सवाल उठता है कि दोनो ही संवेदक है ऐसे में कौन सच बोल रहा है और कौन झुठ यह तो पुलिसिया जांच का विषय है। मगर इस घटना के बाद स्थानीय ठेकेदारों के बीच आपसी भिन्नता उभर कर सामने आई है।

क्रशर कर्मियों ने कोयला चोरों को खदेड़ा, चोरों ने की पत्थरबाजी

बेरमो/जारंगडीह। सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र के जारंगडीह परियोजना अंतर्गत जारंगडीह रेलवे साइडिंग में स्थित कोल क्रेशर जो एलएनटी कंपनी का बताया जाता है वहां से कोयला चोरो द्वारा बड़े पैमाने पर कोयला चोरी करने पहुचे चोरो के समुह को क्रेशर मे कार्यरत स्थानीय युवको ने रोका तो कोयला उग्र हो कर क्रेशर कर्मियों पर पत्थरबाजी शुरू कर दी। इसके बाद भी क्रेशर कर्मियों ने हार नही मानी और दर्जनों कोयला चोरो खदेड़ दिया। मिली जानकारी के अनुसार ये सभी कोयला चोर खेतकोए असनापानीए चांपीए अम्बाटोला का बताया जाता है। ये लोग दिन के पहले पहर ही अपनी अपनी बाइक लेकर जारंगडीह कांटा घर और जारंगडीह क्रेशर पहुच जाते है तथा ट्रको और क्रेशर से निकलने वाले कोयले को अपनी अपनी बाइक मे लाद फरार हो जाते हैं। इससे पुर्व भी जारंगडीह कांट घर पर ट्रकों से कोयला उतारने से रोकने पर कोयला चोरो द्वारा ट्रक के खलासी के साथ मार पीट की घटना को अंजाम दे चुका है। अनेको बार पुलिसिया कार्यवाही भी हुई मगर इन कोयला चोरो के सेहत पर कोई फर्क नहीं पड़ा और बदसूरत अपना धंधा चला रहा है।

एक नजर में

भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

कतरास। रविवार को कतरास हटिया राजस्थानी समाज भवन में भारतीय जनता पार्टी बाघमारा विधानसभा कतरास वार्ड संख्या एक में कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो वरिया भाजपा कार्यकर्ता श्रीकांत चटर्जी कतरास अध्यक्ष भरत शर्मा, कंचन चौरसिया ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग संख्या 1 से पहुंचे कार्यकताओं ने अपने-अपने मुहल्लो का समस्या विधायक के सामने रखा। विधायक ने चुनाव से पहले सभी समस्याओं का समाधान करने की बात कही। कार्यकर्ता सम्मेलन में मौजूद सभी कार्यकताओं को बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो ने आगामी चुनाव वर्ष 2024 के लिए कमर कसने की बात कही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गौर चंद बाउरी श्रीकांत चटर्जी भरत शर्मा कंचन चौरसिया सरोज विश्वकर्मा मनोज राय राकेश सिंह गौतम मल्लाह सुरेश जयसवाल शैलेंद्र सिन्हा काजल देव सिंह सूर्य देव मिश्रा सिद्दू मिश्रा अमित सिन्हा राजेश प्रमाणिक राजकुमार प्रमाणिक बैजू शर्मा गुप्तेश्वर शर्मा उदय वर्मा हराधन मोदक विष्णु चौरसिया नमिता राय शशि कला देवी आरती देवी उषा पटवा उर्मिला देवी शीला देवी मालती देवी शेफाली मुखर्जी सुभाष सिंह आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

लायंस क्लब ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

बोकारो। लायंस क्लब की ओर से कैंप लगाकर स्थानीय सेक्टर .3सी स्थित सरस्वती विद्या मंदिर के विद्यार्थियों का स्वास्थ्य .परीक्षण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ लायंस क्लब के अध्यक्ष जसवीर सलूजाए डॉ प्रवीण कुमार मिश्राए डॉ श्रुति सरकारए शुभ्रा वर्माए डॉ सौम्या ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव एसएन दास ने लायंस क्लब के सभी चिकित्सकों को बधाई देते हुए स्वास्थ्य शिक्षा के उद्देश्यों पर चर्चा करते हुए कहा कि अनुसंधान के आधार पर प्राप्त जानकारी जनसाधारण तक पहुंचाना स्वास्थ्य. शिक्षा का प्रथम उद्देश्य होना चाहिए। प्राचार्य रणसुमन सिंह ने सबका धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बताया कि व्यक्ति का सर्वोत्तम विकास मुख्य रूप से शारीरिक व भावनात्मक विकास ही है। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित थे। सहजयोग ध्यान संस्थान द्वारा आयोजित एक अन्य कार्यक्रम में संस्थान के सदस्य दीपक वर्माए सुनील कुमार पांडेयए विभा ओझाए सूरज मिश्राए आभा पांडेए राजेश वर्णवालए श्यामलाल मंडलए सुषमा देवीए रूबी कुमारी आदि की उपस्थिति में विद्यार्थियों को सहज योग का महत्व व अर्थ समझाया गया।

ड्यूटी के दौरान सुरक्षा गार्ड की मौत

बेरमो/बोकारो। जिला के गोमिया स्थित बहुराष्ट्रीय कंपनी ओरिका की आवासीय कॉलोनी में ड्यूटी पर तैनात निजी सुरक्षा गार्ड नारायण गोप उर्फ मदन यादव ;55 वर्षद्ध की 23 जुलाई की अहले सुबह संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गईण वह गोमिया चौधरी टोला का रहने वाला थाण वह रात्रि पाली ड्यूटी में था। सुबह पांच बजे कॉलोनी के लोग जब टहलने निकले तो उसे पोस्ट पर बेहोशी की हालत में पड़ा देखाण लोगों की सूचना पर कॉलोनी में ही रहने वाले आर्डियर अस्पताल के सीएमओ मौके पर पहुचे और जांच की। इसके बाद गार्ड को बेहोशी की हालत में ही आर्डियर अस्पताल ले जाया गयाए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दियाण परिजनों व ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर शव के साथ कंपनी गेट को जाम कर दिया।

स्पीड न्यूज

नि:शुल्क शुगर जांच कैंप का आयोजन

निचितपुर। ईस्ट बसुरिया कोलडम्प में अभिनंदन जांच घर के सौजन्य से नि:शुल्क शुगर जांच केम्प का आयोजन किया गया। केम्प में शुगर जांच कर साथ बीपी, हेमोग्लोबिन की नि:शुल्क जांच की गई। मौके पर बी के कश्यप ने कहा कि लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने की जरूरत है। खान पान में असंतुलन के कारण कम उम्र में बीमारियां हो रही है। नियमित जांच की जरूरत है ताकि लोग स्वस्थ रहें। अभिनंदन जांच घर के सौजन्य से लगाया गया शिविर में नि:शुल्क जांच कर साथ कई अन्य तरह के जांच को काफी रियायती दरों पर किया गया। मौके पर मुनमुन बनर्जी ने बताया कि शुगर व हेमोग्लोबिन की नि:शुल्क जांच के साथ लोगों का थाइरोइड, यूरिक एसिड, सीबीसी, कोलेस्ट्रॉल आदि की जांच काफी रियायत दर पर किया जा रहा है।

मुहर्रम अखाड़ा के सदस्यों की बैठक संपन्न

चिरकुंडा। चिरकुंडा के तालडांगा स्थित इमामबाड़ा में चिरकुंडा, कुमारधुबी व बराकर के कई मुहर्रम अखाड़ा के सदस्यों की बैठक बराकर अखाड़ा के सदर खलील खान की अध्यक्षता में संपन्न हुई । बैठक में शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मुहर्रम पर्व मनाने का निर्णय लिया गया । बैठक में सबसे महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कि शराब पर पूर्णत: प्रतिबंध रहेगा और इसे सभी अखाड़ा संचालकों को मानना पड़ेगा। बैठक में बराकर अखाड़ा, चिरकुंडा नीचे बाजार, सोनारडंगाल, शाही मुहल्ला, कुशडंगाल, कादिर मुहल्ला, तालडांगा व बाघाकुरी अखाड़ा के सदस्य मौजुद थे।

भाजपा नेत्री ने किया रक्तदान शिविर का उद्घाटन

धनबाद। रविवार को समाजसेवी सह भूली ब्लड डोनर ग्रुप के संस्थापक रवि कुमार सिंह एवं रोटी बैंक यूथ क्लब के अध्यक्ष रवि शेखर के नेतृत्व में भूली ब्लड डोनर क्लब एवं रोटी बैंक यूथ क्लब के द्वारा संयुक्त रूप से रक्तदान सम्मान समारोह सर रक्तदान शिविर का आयोजन भूली बी ब्लॉक स्थित शिव मंदिर के समीप किया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह उपस्थित हुई। जहां महिलाओं के द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत अभिनंदन किया गया। वही मौके पर श्रीमती सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर श्रीमती सिंह ने रक्तदाता महिलाओं के बीच सम्मान पत्र एवं मोमेंटो बांटी सभा को संबोधित करते हुए श्रीमती सिंह ने कहा कि रक्तदान से बड़ा और कोई दान नहीं होता रक्तदाता के द्वारा दान में दी गई रक्त से किसी की जान बचाई जा सकती है, इसलिए समाज में रहने वाले हम सब को भी इस में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। मौके पर मुख्य रूप से उदय प्रताप सिंह पूर्व पार्षद अशोक पाल भाजपा नेत्री बॉबी पांडे फूल जोशी समेत सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

गोमिया के कमाटांड़ में मना वन महोत्सव

बेरमो/गोमिया। गोमिया के कमाटांड़ में 74 वाँ वन महोत्सव सह वृक्षारोपण का कार्यक्रम बेरमो मंडल के वन पदाधिकारी विनय कुमार की अध्यक्षता में रखी गई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बोकारो जिप अध्यक्ष सुनीता देवी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रखंड प्रमुख प्रमिला चौड़े उपस्थित हुई मंच का संचालन ग्राम वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष गंदोरी राम ने की जिप अध्यक्ष ने अपने अभिभाषण में कहा पेड़ संतान के समान होती है इसकी देखभाल हमें अपने संतान की तरह ही करनी चाहिए पेड़ लगा देने से हम सबकी जिम्मेदारी पूर्ण नहीं होती है इसकी देखभाल करना वन पदाधिकारियों को जितनी है उतनी ग्रामीणों को भी अपनी जिम्मेवारी लेनी चाहिए कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व प्रखंड प्रमुख कांति देवीए स्थानीय मुखिया बंटी उराँवए स्वांग दक्षिणी पुर्व मुखिया धनंजय सिंहए मुखिया बलराम रजकए पंचायत समिति कुन्ती देवी मौजूद थीं।

ब्लॉक दो में मना भामसं का स्थापना दिवस समारोह

बाघमारा। भारतीय मजदूर संघ का 69 वां स्थापना दिवस बीसीसीएल ब्लॉक टू क्षेत्र के सभी शाखाओं में रविवार को मनाया गया। इस अवसर पर धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ के पदाधिकारी व सदस्यों के द्वारा सामूहिक रूप से सभी शाखाओं में जा जाकर झंडोत्तोलन एवं अंत में प्रसाद वितरण किया गया। मौके पर वक्ताओं ने भारतीय मजदूर संघ के स्थापना दिवस के संबंध में जानकारी दी। कहा की स्वर्गीय दत्तोपंत ठेंगड़ी जी ने आज ही के दिन 23 जुलाई 1955 कों भोपाल में इसकी स्थापना की थी।

शहीद संदीप सिंह स्मारक समिति ने लगाया रक्तदान शिविर

शिविर में 50 यूनिट रक्त का हुआ संग्रह

खबर मन्त्र संवाददाता

टुंडी। रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, दुबराजपुर टुंडी में शहीद संदीप सिंह स्मारक समिति द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजित किया गया। जिसमें जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह शामिल हुए। रक्तदान शिविर में लगभग 50 लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर दीप नारायण सिंह ने रक्तदान करने वाले युवाओं का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि शहीद संदीप सिंह स्मारक समिति द्वारा इस प्रकार के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्रों में रक्तदान के प्रति जागरूक आएगी और लोग रक्तदान करने के लिए प्रेरित होंगे। रक्तदान, महादान है और जीवन में प्रत्येक व्यक्ति को स्वस्थ रखने के लिए कम से कम एक बार रक्तदान करना चाहिए। इस अवसर पर शहीद संदीप सिंह की मां और उसके बड़े भाई दिलीप सिंह, जदयू टुंडी प्रखंड अध्यक्ष प्रबोध पांडेय, पुरनाडीह पंचायत मुखिया बसंत तिवारी, गंगा सिंह,युवा जदयू नेता गोतम कुमार पाण्डेय,सपन दुबे, सिकंदर मंडल, बिनोद सिंह,पंकज कुमार सिंह, सुभाष सिंह, आदि उपस्थित रहे।

सिंदरी में मनी स्व. मुकेश की जयंती

सिंदरी। रोहड़ाबाँध दुर्गोत्सव प्रांगण में शनिवार की देर रात तक चली फिल्म जगत के मशहूर प्लेबैक सिंगर स्व मुकेश की जयंती पर उनके नगमों को गाकर कलाकारों ने उपस्थित सदस्यों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का आयोजन सिंदरी सिटीजन सिंदरी द्वारा किया गया था। सिंदरी सिटीजन सिंदरी अध्यक्ष शैलेंद्र द्विवेदी ने बताया कि महिला व पुरुष संगीतकारों ने कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिया था। उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई और उनके नगमों का गायन स्थानीय कलाकारों ने किया।

पर्यावरण संरक्षण संस्थान ने किया पौधरोपण

बोकारो। स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान के पर्यावरण प्रेमियों ने ष्प्रदूषण को दूर भगाएंए पर्यावरण को स्वच्छ बनाएंए चलो हम पेड़ लगाएं ष के उद्घोष के साथ बोकारो के सेक्टर 3 ए में कई वृक्षों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया । मौके पर संस्थान के महासचिव शशि भूषण ओझा मुकुल ने नागरिकों से अपील की कि सबों को पेड़ लगाना चाहिए क्योंकि इन पेड़ों से ही हमें प्राणदाई ऑक्सीजन मिलता है । ये हमें फलए फूलए छायाए जड़ी.बूटियां और शुद्ध हवा तो देते ही हैं साथ ही सूर्य की अल्ट्रा वायलेट किरणों एवं तपीस से हमारी रक्षा करते हुए पर्यावरण को स्वच्छ बनाते हैं और जहरीली गैसों को शोषित कर हमारी जीवन रक्षा करते हैं। पेड़ों को वर्षा के कारक बताते हुए उन्होंने पर्यावरण के असंतुलन को असमय मौसम परिवर्तन और प्राकृतिक आपदाओं का कारण बताया। साथ ही बतौर उपाय सघन वृक्षारोपण और लगे वृक्षों एवं जंगलों को बचाकर नियंत्रित करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में लक्ष्मण शर्माए राजेश सिंहए मनोज श्रीवास्तवए सुधीर कुमारए राजेश मोहनए संजय ओझाए गोलूए बी पांडेयए छोटू आदि उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य मंत्री से मिलकर खोली निजी अस्पतालों की पोल

बोकारो। युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सह प्रदेश मीडिया कोऑर्डिनेटर देव शर्मा ने सूबे के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से मुलाकात कर यहाँ के निजी अस्पतालों की मनमानी के खिलाफ वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए बताया कि कुछ निजी अस्पताल इलाज के नाम पर आम जनता से अनाप .शनाप पैसे की वसूली करते हैं। पैसे कम करने का अनुरोध करने पर पुलिस से झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देते हैं। गरीब असहाय लोगों की तो जमीन तक बिक जा रही है और हमारे नेतागण चुप्पी साधे हुए हैं। कुछ नेताओं को तो निजी अस्पतालों से कमीशन आने का जिक्र करते हुए श्री शर्मा ने मंत्री से ऐसे निजी अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया गया है।

कुपोषण से बचाव के लिए चास रोटरी का जागरूकता कार्यक्रम

बोकारो। रोटरी क्लब चास द्वारा आयोजित कुपोषण से बचाव पर जागरूकता कार्यक्रम में अध्यक्ष पूजा बैद ने कहा कि कुपोषण के खिलाफ जंग में जीत के लिए पोषण अभियान जैसी कोशिशें करनी पड़ेगी। कार्यक्रम में डॉ अनुप्रिया वर्मा ने महिलाओं एवं बच्चों की जांच एवं सलाह देते हुए कहा कि कुपोषण भारत की गंभीर समस्याओं में से एक हैए बावजूद इसके हम समस्या के प्रति गंभीर नहीं हैं। चास रोटरी के संस्थापक अध्यक्ष संजय बैद ने कहा कि कुपोषण देश के विकास में बाधक है और सामूहिक प्रयास से हमें इस बाधा को खत्म करना है। कार्यक्रम में 120 महिलाओं और बच्चों को प्रोटीन पाउडरए कैल्शियम और आयरन की गोलियांए कॉम्प्लान हेल्थ ड्रिंकए बिस्किट के पैकेट एवं खेलने के लिए गेंद आदि उपलब्ध कराया गया है। कार्यक्रम में नरेंद्र सिंहए कुमार अमरदीपए माधुरी सिंहए कमल तनेजाए मुकेश अग्रवालए विपिन अग्रवालए डॉ सुमनए रितु अग्रवालए सिद्धार्थ पारखए आरती पारखए आनंद अग्रवालए पूनम अग्रवालए विनोद चोपड़ाए मंजीत सिंह शामिल थे।

चिन्मया के बास्केटबॉल अंतर सदन फाइनल में अग्नि सदन बना विजेता

खबर मन्त्र संवाददाता

बोकारो। चिन्मय विद्यालय के क्रीड़ा प्रांगण में आयोजित अंतर सदन बास्केटबॉल प्रतियोगिता में अग्नि सदन एवं वायु सदन के बीच हुये मुकाबले में अग्नि सदन ने वायु सदन को 19 के मुकाबले 18 अंकों से हराया। इससे पूर्व खेले गए मैच में अग्नि सदन ने पृथ्वी सदन को 21. 16 से एवं वायु सदन ने जल सदन को 17. 12 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। अग्नि सदन के चेतन प्रकाश को मैन ऑफ द टूनामेंट घोषित किया गया। इस मैच में संजीव सिंहए प्रांजल सैकियाए प्रत्यूष सिंहए ललिता ने निर्णायक की भूमिका निभाई। फाइनल मैच प्रारंभ होने के पूर्व विद्यालय के प्राचार्य सूरज शर्मा ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर वरीय शिक्षक हरिहर पांडेयए डॉ गौतम कुमार नागए देवदीप चक्रवर्तीए निशांत सिंहए प्रवीण कुमार एवं नितेश पांडेय ने खिलाड़ियों का हौसला आफजाई की। अग्नि सदन के चेतन प्रकाशए अभिनवए भानुए पवनए कनिष्कए सौरभ व कृष एवं वायु सदन के आदित्याए अभयए कृषए दिव्यांशए आनंदए अरिन व प्रिन्स ने शानदार प्रदर्शन किया।

कतरास : मंगला आरती समिति करेगा पौधरोपण

खबर मन्त्र संवाददाता

कतरास। सप्ताहिक मंगला आरती हनुमान चालीसा पाठ समिति के द्वारा रविवार को कतरास जीएनएम ग्राउंड में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए समिति के अध्यक्ष रिंटू बनर्जी ने बताया कि 25 जुलाई 2023 को साप्ताहिक मंगला आरती का 51 वां सप्ताह पूर्ण होने वाला है जिसको लेकर पचगड़ी बाजार संकट मोचन मंदिर में साप्ताहिक मंगला आरती हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन समिति के द्वारा किया जा रहा है। 51 सप्ताह पूरा होने के मौके पर समिति के द्वारा 51 पेड़ लगाने का निर्णय लिया गया है। जिसके तहत रविवार को 21 पेड़ लगाए गए हैं। समिति के सचिव उत्तम रवानी ने बताया कि हिंदू धर्म का प्रचार प्रसार के लिए मंगला आरती का आयोजन प्रत्येक मंगलवार को क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में किया जाता है। मंगला आरती के प्रभाव को देखते हुए हजारीबाग से भी हमारी समिति को बुलावा आया था जहां, जाकर हम लोगों ने मंगला आरती एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया। वही समिति के कोषाध्यक्ष गणेश मोदक ने बताया कि लक्ष्य मंदिर कार्यक्रम के तहत समिति वैसे मंदिरों का रंग रोगन का एवं पुनरुद्धार का काम करती है जो मंदिर देखरेख के अभाव में जीर्ण अवस्था में है। पत्रकारों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित करने का कार्यक्रम भी किया गया।

भाजपा ने बाइक रैली निकाल चलाया जनसंपर्क अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। भाजयुमो प्रदेश महामंत्री रूपेश सिन्हा के नेतृत्व में महाजनसंपर्क अभियान के तहत एक विशाल मोटरसाइकिल रैली निकाली गई। मोटर साइकिल यात्रा भुई फोड़ मंदिर से जो स्टील गेट होते हुए तिलका मांझी चौक पर संपन्न हुआ जिसमे मोदी सरकार के 9 साल की उपलब्धियों के पर्चे बांट कर 9090902024 पर लोगो से मिस कॉल कराया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह भाजपा धनबाद महानगर जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष हरि प्रकाश लाटा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश राही प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजीव अग्रवाल प्रियंका पाल तथा अन्य नेताओं ने झंडा दिखाकर मोटरसाइकिल रैली को रवाना किया। मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का 9 वर्षों का कार्यकाल ऐतिहासिक रहा है इस कार्यकाल में देश का पूरे विश्व में अपनी एक अलग पहचान बनाई है देश आत्म निर्भर बना है और तेजी से विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कार्यकाल में युवाओं को हर दृष्टिकोण से सशक्त करने का कार्य किया।दस लाख सरकारी नौकरी मिलने की प्रक्रिया हो रही है।और मुद्रा योजना के माध्यम से करोड़ों युवाओं को आत्मनिर्भर करने का कार्य हुआ। पूर्व जिला अध्यक्ष हरि प्रकाश लाटा ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कार्यकाल में देश मैं परिवहन व्यवस्था मजबूत हुई। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश राही ने कहा की प्रधानमंत्री का कार्यकाल से देश का किसान और कृषि मजबूत हुआ है। भाजयुमो प्रदेश महामंत्री रूपेश सिन्हा ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार आने के बाद युवाओं के हित में अनेकों कार्य हुए धनबाद में ही केंद्र की सरकार ने आईएसएम को आईआईटी बनाकर एक ऐतिहासिक कदम उठाया।

अभियान में थे शामिल

मौके पर जिला महामंत्री नितिन भट्ट,श्रवण राय उपाध्यक्ष संजय झा,मानस प्रसून, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमलेश सिंह , मुकेश सिंह राजकुमार अग्रवाल जयंत चौधरी ,तमाल राय, विशाल सिन्हा बृजनंदन अजय कांत सिन्हा पिंटू सिंह समेत सैंकड़ों युवा मौजूद थे।

पेज एक का शेष

खूंटी में किसान...

देर शाम पंप से पानी पटवन कर अपने घर लौट रहे थे। घर में गर्भवती पत्नी पिंकी बोबी तिडू घर में अपने पति के आने का इंतजार कर रही थी, लेकिन अपराधियों ने चमरा मुंडा को गोली मार दी। पत्नी कुछ समझ पाती तबतक अपराधी गोली मारकर फरार हो चुके थे। ये भी बताया जा रहा है कि सड़क से कुछ दूर झाड़ी के पास ले जाकर चमरा मुंडा की छाती, पेट और पैर में छह गोलियां मारी। पुलिस मामले की जांच कर रही है और हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

झासा ने सरकार ...

चाइल्ड केयर लीव की सुविधा, चिकित्सा भत्ता के स्थान पर स्वास्थ्य बीमा की व्यवस्था लागू करना, झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ के कार्यालय हेतु रांची में 3 एकड़ भूमि उपलब्ध कराया जाना, रेवेन्यू प्रोटेक्शन प्रोटेक्शन एक्ट को लागू किया जाना, एलटीसी की व्यवस्था करना,एमएसीपी का लाभ दिया जाना, सभी पदाधिकारियों के लिए कार्मिक विभाग से पहचान पत्र निर्गत किया जाना और उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु सवैतनिक अवकाश की स्वीकृति प्रदान करना शामिल है।

सीएस मिलने के बाद तय होगी आंदोलन की रणनीति : बैठक में सभी मांगों पर विस्तार से चर्चा के साथ साथ अब तक सरकार द्वारा की गई कार्यवाही पर भी विस्तृत चर्चा की गई। सरकार द्वारा उठाए गए कदम से असंतोष व्यक्त करते हुए संघ ने अपनी मांगों को प्राप्त करने के लिए एक चरणबद्ध कार्यक्रम की रणनीति तैयार की है। इसके तहत 26 जुलाई को झासा का प्रतिनिधिमंडल मुख्य सचिव से मुलाकात कर मांगों से संबंधित सौंपेगा और उन्हें आगे की रणनीति की देगा। इसके बाद अगर उनकी मांगों पर सरकार सहमत नहीं होती है तो आगे की रणनीति बनेगी और संघ इसका खुलासा करेगा। हां, इतना जरूर कहा गया कि इसका आगाज 10 अगस्त को हो जायेगा। 10 और 11 अगस्त को झारखंड राज्य प्रशासनिक सेवा के सभी सदस्य काला बिल्ला लगाकर काम करेंगे।

विदेशी राफेल में...

भारतीय हथियार प्रणालियां पहले से ही स्वदेशी एलसीए तेजस और एसयू-30 एमकेआइ लड़ाकू विमान में एकीकृत हैं।

राफेल का बड़ा बेड़ा भारत के पास : भारत 36 राफेल लड़ाकू विमानों का संचालन करता है और पहले ही 26 राफेल समुद्री विमान खरीदने का इरादा व्यक्त कर चुका है जिनका उपयोग हमारी नौसेना करेगी। विशेष रूप से संघर्ष के समय में आत्मनिर्भर होने के लिए और अपनी युद्ध-लड़ाई आवश्यकताओं के लिए भारतीय वायु सेना के शीर्ष अधिकारी स्वदेशी समाधानों पर जोर दे रहे हैं।

स्पीड न्यूज

अमेरिका में सिरफिरे ने बार में लगायी आग, 11 की मौत

मेक्सिको सिटी। अमेरिका के उत्तरी मैक्सिकन सीमावर्ती शहर सैन लुइस रियो कोलोराडो में एक सिरफिरे व्यक्ति ने बार में आग लगा दी। इस दौरान 11 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि मेक्सिको में महिलाओं के प्रति अनुचित व्यवहार के कारण एक व्यक्ति को बार से बाहर निकाल दिया गया था। इसके बाद उसने बार में आग लगा दी। मृतकों में चार महिलाएं भी हैं।शहर के मेयर सैंटोस गोंजालेज ने कहा कि आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुनर्विकसित प्रगति मैदान का लोकार्पण 26 को

प्रगति मैदान का लोकार्पण 26 को

नयी दिल्ली। राजधानी में व्यापार मेलों एवं अन्य बड़े आयोजनों के लोकप्रिय स्थल प्रगति मैदान के पुनर्विकसित अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी एवं सम्मेलन केन्द्र (आईईसीसी) का लोकार्पण 26 जुलाई को किया जाएगा जहां सितंबर में विश्व के 20 आर्थिक रूप से शक्तिशाली देशों के समूह जी-20 का शिखर सम्मेलन आयोजित किया जाना है।

रायगढ़ में अब तक 29 लोगों की मौत

मुंबई। रायगढ़ जिले के इरशालवाड़ी गांव में रविवार को चौथे दिन बचाव में दो और लाशें मलबे से निकाली गई हैं। इस तरह इस हादसे में मरने वालों की कुल संख्या 29 तक पहुंच गई है। आज मलबे से लोगों को ढूंढने का काम रोक दिया गया है, क्योंकि अब लापता लोगों को मृत घोषित किया जाएगा। साथ ही इस घटना में बचे 144 लोगों को दूसरी जगह बसाया जाएगा।रायगढ़ जिले के खालापुर तहसील में स्थित इरशालवाड़ी गांव में बुधवार को देर रात पहाड़ी का हिस्सा धंसने से आदिवासियों के 17 घर दब गए थे। इरशालवाड़ी गांव में कुल 48 घर हैं, जिनके परिवारों की जनसंख्या 230 बताई जा रही है।

सांबा में मिली जंग लगी बारूदी सुरंग

सांबा। सांबा जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास सीमा सुरक्षाबल (बीएसएफ) के जवानों ने रविवार को एक जंग लगी बारूदी सुरंग देखी, जिसे बम निरोधक दस्ते ने नष्ट कर दिया।बीएसएफ के अधिकारियों ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय सीमा से करीब 400 मीटर दूर बॉर्डर आउटपोस्ट बंद टिप के पास बसंतर नदी के किनारे पड़ी हुई देखी गई। उन्होंने कहा कि बसंतर नदी में आई बाढ़ के पानी के कारण बारूदी सुरंग बह गई थी। उन्होंने कहा कि बम निरोधक दस्ते को बुलाकर बारूदी सुरंग को बिना किसी नुकसान के नष्ट कर दिया गया।

ओडिशा में सर्पदंश से तीन छात्रों की मौत

क्योंझर। ओडिशा के क्योंझर जिले में एक कोचिंग केंद्र के छात्रावास में एक जहरीले सांप के काटने से दो लड़कियों समेत तीन विद्यार्थियों की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि घटना शनिवार रात तब हुई जब चार विद्यार्थी क्योंझर जिले के बारिया क्षेत्र के निश्चिंतपुर गांव स्थित कोचिंग केंद्र में फर्श पर सोए हुए थे। उन्होंने कहा कि सभी चार विद्यार्थियों को जिला मुख्यालय अस्पताल (डीएचएच) ले जाया गया, जहां तीन विद्यार्थियों को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि एक अन्य विद्यार्थी की हालत गंभीर है जिसे बेहतर इलाज के लिए कटक के एससीबी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भेजा गया है।

सड़क हादसे में तीन कांवड़ियों की मौत

हरिद्वार। उत्तराखंड के हरिद्वार जिले के रूड़की में रविवार को एक सड़क हादसे में बाइक सवार तीन कांवड़ियों की मौत हो गई जिससे गुस्साए उनके साथियों ने जमकर हंगामा करते हुए एक कार को आग के हवाले कर दिया। सूचना पर पहुंची दमकल व पुलिस टीम ने आग पर काबू पाया ।

दिल्ली में यमुना नदी खतरे के निशान से पार

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में रविवार को यमुना नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया। इस वक्त यमुना 206.31 मीटर पर बह रही है। इसमें रात तक और वृद्धि हो सकती है। दिल्ली प्रशासन यमुना खादर और निचले इलाकों को फौरन खाली करने की मुनादी करवा रहा है। तेजी से जलस्तर बढ़ने से बाढ़ प्रभावित निचले इलाकों में राहत-बचाव पर असर पड़ सकता है।

दिल्ली की राजस्व मंत्री आतिशी का कहना है कि हरियाणा के यमुनानगर के हथिनीकुंड बैराज से शनिवार को यमुना नदी में दो लाख क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ा गया। संभावित खतरे के मद्देनजर दिल्ली सरकार हाई अलर्ट पर है। उन्होंने आशंका जताई थी कि अगर जलस्तर 206.7 मीटर तक पहुंचता है, तो यमुना खादर के कुछ हिस्से जलमग्न हो सकते हैं। यमुना का जलस्तर पिछले कुछ दिनों से 205.33 मीटर के खतरे के निशान के आसपास रहा।

13 जुलाई को यह रिकॉर्ड 208.66 मीटर पर पहुंच गया था। केंद्रीय जल आयोग के बाढ़ निगरानी पोर्टल के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 11 जुलाई की रात यमुना के जलस्तर में इजाफा शुरू हुआ। रात 12:01 बजे पुराना लोहा पुल (ओल्ड ब्रिज) पर जलस्तर 206.05 मीटर पर पहुंच गया। 12 जुलाई की रात 11:00 बजे यह 206.83 मीटर दर्ज किया गया। 13 जुलाई की रात 12 बजे इसमें तेजी के साथ वृद्धि हुई और यह 208.13 मीटर पर पहुंच गया और सुबह 8 बजते-बजते यह 208.48 मीटर पर पहुंच गया। रात 08 बजे के बाद 208.66 मीटर पार कर गया। इससे पहले दिल्ली में 1924, 1977, 1978, 1995, 2010 और 2013 में बाढ़ आ चुकी है। चार सितंबर को यमुना के चार पुलों (पुराना रेलवे पुल, वजीराबाद पुल, आयकर ऑफिस के पास का पुल और ओखला पुल को 48 घंटों तक यातायात के लिए बंद कर दिया गया था। उत्तरी दिल्ली के 30 गांवों में बाढ़ आ गई थी। जीटी रोड से करनाल जाने वाली सड़क का बड़ा हिस्सा यमुना के पानी में जलमग्न हो गया था।

निचले इलाकों का खाली करने का आदेश

महाराष्ट्र के विदर्भ में बारिश से अब तक 16 की मौत

नागपुर। महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में 10 दिन में बारिश से कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई, 4,500 मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि मूसलाधार बारिश से 54,000 हेक्टेयर कृषि भूमि भी प्रभावित हुई है, जिसमें 53,000 हेक्टेयर कृषि भूमि अमरावती मंडल में है। 2,796 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है।

नागपुर मंडल में 13 जुलाई से अब तक बाढ़, और बिजली गिरने से 11 लोगों की मौत हुई है। गढ़चिरौली और भंडारा में तीन-तीन, वर्धा और गोंदिया में दो-दो तथा चंद्रपुर में एक व्यक्ति की मौत हुई है।

गुजरात में भारी बारिश का अनुमान

अहमदाबाद। आईएमडी ने रविवार को गुजरात के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए कहा कि राज्य में 24 जुलाई को भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। देवभूमि द्वारका, राजकोट, भावनगर और वलसाड जिलों में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश का भी अनुमान जताया है। गुजरात के जूनागढ़ जिले में मूसलाधार बारिश के एक दिन बाद रविवार को बाढ़ का पानी कम हो गया, जिसके बाद प्रशासन सामान्य स्थिति बहाल करने में जुटा है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिले में लगभग 3,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया गया है।

केरल में जेसीबी ऑपरेटर ने साहित्य पुरस्कार जीता

कन्नूर (केरल)। वह भले ही रात में जेसीबी ऑपरेटर और सुबह घर-घर अखबार पहुंचाने का काम करता रहा हो, लेकिन लेखन के प्रति उसका प्यार काम के थकाऊ घंटों के दौरान भी प्रकाशपुंज की तरह जगमगाता रहा। जी हां, इस शख्स का नाम है अखिल के. जो केरल के साहित्यिक जगत के नवोदित सितारा हैं।

अपने परिवार की देखभाल के लिए बीच में पढ़ाई छोड़ चुके 28 वर्षीय दिहाड़ी मजदूर अखिल को उनके लघु कथाओं के संग्रह नीलाचदयन के लिए हाल ही में केरल साहित्य अकादमी का प्रतिष्ठित वार्षिक साहित्य पुरस्कार मिला। इस पुरस्कार ने इस युवा की असाधारण कहानी को राष्ट्रीय पटल पर सभी के सामने लाया। अखिल ने जिंदगी में कई उतार-चढ़ाव आने के बावजूद साहित्य के प्रति अपना जज्बा कायम रखा।

जासूसी में सिग्नलमैन को सेना कोर्ट ने सुनायी 10 साल की सजा

एजेंसी

नयी दिल्ली। उत्तरी सीमाओं पर सैन्य गतिविधियों के बारे में आईएसआई के लिए जासूसी करने वाले धोबी को सेना कोर्ट ने 10 साल और 10 महीने जेल की सजा सुनाई है। उसे राष्ट्रीय राजधानी में पाकिस्तान दूतावास के एक कर्मचारी को गुप्त जानकारी देते हुए पकड़ा गया था। चीन के साथ सीमा के करीब एक फॉर्मेशन में तैनात सिग्नलमैन (धोबी) चीन सीमा पर निगरानी रखने वाले उपकरणों तक भी पहुंचने की कोशिश कर रहा था, लेकिन सफल नहीं हो सका। गोपनीय जानकारी देने के एवज में उसे पाकिस्तानी दूतावास के अधिकारी ने 15 हजार रुपये भी दिए थे। नई दिल्ली स्थित पाकिस्तानी दूतावास में तैनात आबिद हुसैन उर्फ नाइक आबिद ने चीन सीमा पर फील्ड एरिया के एक फॉर्मेशन में तैनात सिग्नलमैन (धोबी) अलीम खान को अपने जाल में फंसाया था। आईएसआई एजेंट ने उससे उत्तरी सीमाओं पर सैन्य गतिविधियों के बारे में उस समय जानकारी मांगी, जब चीनी सैनिक वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर आक्रामक होने की कोशिश कर रहे थे। सेना के धोबी ने आईएसआई जासूस को कई दस्तावेज दिए, जिनमें उस फॉर्मेशन की गार्ड ड्यूटी सूची भी शामिल थी, जहां वह खुद तैनात था। इसके बदले में पाकिस्तानी दूतावास के अधिकारी ने उसे 15 हजार रुपये भी दिए थे। सेना के सूत्रों के मुताबिक अलीम खान ने कोविड लॉकडाउन के मद्देनजर तैनात किये गए वाहनों की आवाजाही एवं सूची की जानकारी भी आईएसआई को दी। वह चीन सीमा पर निगरानी रखने वाले उपकरणों तक भी पहुंचने की कोशिश कर रहा था, लेकिन सफल नहीं हो सका। इसके अलावा उसने चीन सीमा पर निगरानी राडार और इसी तरह के अन्य उपकरण स्थानों तक पहुंचने की भी कोशिश की थी, लेकिन इन्हीं संदिग्ध गतिविधियों के दौरान वह पकड़ा गया था।

लम्बी जांच के बाद सिग्नलमैन (धोबी) अलीम खान के खिलाफ समरी कोर्ट मार्शल शुरू की गई थी। रक्षा अधिकारियों ने कहा कि सेना में जासूसी के कई ऐसे मामले सामने आए हैं, जिनमें सैनिकों को वर्चुअली हनी ट्रैप किया गया था, लेकिन इस मामले में कोई हनी ट्रैप या ब्लैकमेलिंग शामिल नहीं थी। कोर्ट मार्शल एक तरह की अदालत होती है, जो खास तौर पर सैनिकों के लिए होती है। इसका काम आर्मी में अनुशासन तोड़ने या अन्य अपराध करने वाले आर्मी मैन पर केस चलाना, उसकी सुनवाई करना और सजा सुनाना होता है। यह ट्रायल मिलिट्री कानून के तहत होता है। जासूसी में पकड़े गए अलीम खान को एक महिला अधिकारी की अध्यक्षता में कोर्ट मार्शल ने 10 साल और 10 महीने की जेल की सजा सुनाई है। सैनिक को दी गई सजा सक्षम वरिष्ठ अधिकारियों की पुष्टि के बाद लागू होगी।

पाकिस्तानी दूतावास के कर्मी को आलिम ने 15 हजार रुपये में दिया गोपनीय दस्तावेज

चीन सीमा पर निगरानी रखने वाले उपकरणों तक भी पहुंचने की कोशिश में था सिग्नलमैन

3.82 करोड़ के घोटाले में तीन पूर्व सैन्य अधिकारी समेत आठ लोगों को सजा

नयी दिल्ली। लखनऊ की एक विशेष अदालत ने 3.82 करोड़ रुपये के घोटाले से जुड़े 36 साल पुराने मामले में दो सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल और एक मेजर सहित आठ लोगों को तीन-तीन साल कैद की सजा सुनाई है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। यह मामला मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विसेज के लिए अत्यधिक कीमतों पर स्थानीय स्तर पर खरीद से संबद्ध है, जिस सिलसिले में सीबीआइ ने एक प्राथमिकी दर्ज की थी। सीबीआई ने बताया कि उस समय कमांडर वर्क्स इंजीनियर (सीडब्ल्यूई), एमईएस, इलाहाबाद (कर्नल प्रशासन, कमान स्टेशन श्रीनगर) में पदस्थ रहे लेफ्टिनेंट कर्नल सत्यपाल शर्मा (अवकाश प्राप्त) को विशेष अदालत ने हाल में दोषी ठहराया है। एजेंसी ने बताया कि अन्य अधिकारी जिन्हें सजा सुनाई गई है, उनमें तत्कालीन दुर्ग अभियंता (पश्चिम) वाई के उप्पल ; वीरेंद्र कुमार जैन, तत्कालीन दुर्ग अभियंता (पूर्व); एस एस ठक्कर (मेजर), तत्कालीन दुर्ग अभियंता (वायुसेना), बमरौली, इलाहाबाद (अब प्रयागराज) शामिल हैं।

केटीएफ के तीन आतंकियों खिलाफ के चार्जशीट दाखिल

नयी दिल्ली । राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने प्रतिबंधित खालिस्तानी संगठनों बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) और खालिस्तान टाइगर फोर्स (केटीएफ) से जुड़े तीन आतंकवादियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एजेंसी ने आरोपपत्र में भारत में आतंकी गतिविधियों के लिए भर्ती और संचालन में शामिल तीनों आतंकियों के अंतरराष्ट्रीय संबंधों का खुलासा किया है। एजेंसी के एक प्रवक्ता ने कहा कि रविवार को एक विशेष अदालत के समक्ष दाखिल आरोपपत्र में बीकेआई और केटीएफ के लिए काम करने वाले छह अन्य सहयोगियों का भी नाम शामिल किया गया है, जिसमें दोनों संगठनों के लिए धन जुटाने की एक जटिल व्यवस्था को भी रेखांकित किया गया है।एनआईए ने कहा कि वह बीकेआई और केटीएफ से जुड़े 16 अन्य फरार और गिरफ्तार आरोपियों के संबंधों की भी जांच कर रही है। कुख्यात गैंगस्टर से आतंकवादी बने एवं मादक पदार्थ तस्कर हरविंदर सिंह संधू उर्फ रिंडा, बीकेआई का लखबीर सिंह संधू और केटीएफ का अर्शदीप सिंह उर्फ अर्श डाला देश से बाहर रह रहे हैं और उन्होंने भारत में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए वहां अपने गुर्गों का गिरोह बनाया है।

धमकी के बाद मेइती समुदाय के 41 लोग मिजोरम से असम पहुंचे

एजेंसी

गुवाहाटी/सिलचर/कोलकाता। मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र करके घुमाए जाने की घटना को लेकर पूर्व उग्रवादियों के एक समूह की धमकी के बाद मेइती समुदाय के 41 लोग मिजोरम से असम पहुंचे। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मणिपुर की घटना का वीडियो प्रसारित होने के बाद पूर्व उग्रवादियों के एक समूह ने मेइती समुदाय के लोगों को राज्य छोड़ने के लिए कहा था। कछार के पुलिस अधीक्षक नुमल महत्ता ने बताया कि ये लोग शनिवार रात पड़ोसी राज्य मिजोरम से सिलचर पहुंचे और उन्हें बिन्नाकांडी क्षेत्र में लखीपुर विकास खंड में एक इमारत में रखा गया है।

उन्होंने कहा कि ये सभी संपन्न परिवार हैं और अपने-अपने वाहनों से आए हैं। इनमें से कुछ कॉलेज के प्रोफेसर हैं, जबकि कुछ वरिष्ठ सरकारी अधिकारी के रूप में काम करते हैं। उन्होंने बताया है कि मिजोरम में फिलहाल कोई हमला नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि मिजोरम सरकार उन्हें सभी सुरक्षा प्रदान कर रही है, लेकिन वे खुद कोई जोखिम नहीं लेना चाहते हैं और अपनी सुरक्षा के लिए असम आए हैं। एसपीने कहा कि वे कह रहे हैं कि स्थिति सामान्य होने तक वे यहीं रहेंगे।उन्होंने कहा कि असम पुलिस उन्हें सुरक्षा मुहैया करा रही है। मेइती, कुकी और हमार समुदायों के हजारों लोग मणिपुर से चले गये हैं और तीन मई को राज्य में जातीय हिंसा भड़कने के बाद से असम में रह रहे हैं। मिजोरम सरकार ने शनिवार को राज्य में रहने वाले मेइती समुदाय को सुरक्षा का आश्वासन दिया था और उनसे अफवाहों पर ध्यान न देने को कहा था।तृणमूल कांग्रेस ने रविवार को आरोप लगाया कि दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने के कुछ दिन बाद 15 मई को मणिपुर के इंफाल पूर्वी जिले में 18 वर्षीय एक लड़की पर हमला किया गया और उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया गया। मीडिया के एक वर्ग में छपी एक खबर का हवाला देते हुए, तृणमूल कांग्रेस ने ट्वीट किया कि महिलाओं के एक समूह ने 18 वर्षीय एक लड़की को चार हथियारबंद लोगों को सौंप दिया। बाद में 15 मई को इंफाल पूर्व में उसके साथ मारपीट की गई और उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया गया। यदि इस तरह के क्रूर मामले एक महीने से अधिक समय के बाद लोगों के सामने आ रहे हैं, तो जो घटनाएं अभी भी छिपी हुई है, वे कितनी भयानक होंगी।

मणिपुर की घटना का वीडियो प्रसारित होने के बाद पूर्व उग्रवादियों के एक समूह ने राज्य छोड़ने को कहा था

808 एफएम रेडियो स्टेशन की ई-नीलामी जल्द : ठाकुर

एजेंसी

नयी दिल्ली। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने रविवार को कहा कि सरकार रेडियो संचार की पहुंच को और बढ़ाने के मकसद से 284 शहरों में 808 एफएम रेडियो स्टेशन के लिए जल्द ही ई-नीलामी करेगी।

ठाकुर ने क्षेत्रीय सामुदायिक रेडियो सम्मेलन (उत्तर) को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने रेडियो स्टेशन, विशेष रूप से सामुदायिक रेडियो के संचालन के लिए लाइसेंस प्राप्त करने की प्रक्रियाओं को भी आसान बना दिया है। उन्होंने कहा कि भारत में इस समय 26 राज्यों और पांच केंद्रशासित प्रदेशों के 113 शहरों में 388 एफएम रेडियो स्टेशन हैं। ठाकुर ने बताया कि सरकार अब रेडियो सेवाओं का और विस्तार करने के लिए जल्द ही 284 शहरों में 808 चैनल की ई-नीलामी करने की योजना बना रही है। मंत्री ने कहा कि सरकार कवरेज में सुधार करने के लिए दूरस्थ क्षेत्रों में रेडियो टॉवर स्थापित कर रही है। सरकार आकांक्षी और वाम उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) प्रभावित जिलों पर ध्यान केंद्रित करते हुए टियर- टू और टियर- थ्री शहरों में एफएम नेटवर्क का विस्तार करने की योजना बना रही है।

बच्चों को अपने फैसले लेने की आजादी होनी चाहिये : काजोल

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल का कहना है कि बच्चों को अपने फैसले लेने की आजादी होनी चाहिये। काजोल ने पेरेंट्स डे के अवसर पर अपने बच्चों युग और नीसा के बारे में बात की। काजोल ने कहा कि बच्चों को समय-समय पर अकेले रहने देना महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे उन्हें जिम्मेदार वयस्क बनने में मदद मिलेगी। काजोल ने कहा कि मेरा हमेशा से मानना रहा है कि हर किसी को अपने फैसले लेने की आजादी होनी चाहिए। मेरा यह मानना है कि समय-समय पर बच्चों को उनके साथ रहने देना चहिए, क्योंकि इससे उन्हें जिम्मेदार वयस्क बनने में मदद मिलेगी। एक मां के रूप में, मैंने उन्हें सही और गलत के बारे में मार्गदर्शन दिया है।हालांकि मैं किसी भी मामले में उनका समर्थन करने के लिए हमेशा मौजूद हूं।

यूक्रेन ने 26 हजार अधिक लोगों को खो दिया : पुतिन

एजेंसी

मॉस्को। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रविवार को कहा कि युद्ध की शुरूआत से अबतक जवाबी कार्रवाई के दौरान यूक्रेनी सशस्त्र बलों ने 26,000 से अधिक लोगों को खो दिया है। बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने श्री पुतिन के साथ बातचीत के दौरान कहा कि जवाबी हमले की शुरूआत के बाद से अमेरिका यूक्रेन के 26,000 लोगों के नुकसान का अनुमान लगा रहा है। श्री पुतिन ने कहा कि यह आंकड़ा पहले से भी अधिक है। पुतिन ने कहा कि किसी भी स्थिति में जिन देशों की सरकारें लोगों को संघर्ष क्षेत्र में भेजती हैं, उन देशों के नागरिकों और उन देशों की आम जनता को भी पता होना चाहिए कि वहां क्या हो रहा है। और हम उन देशों की जनता को सूचित करेंगे ताकि वे अपने नेताओं के कार्यों का आकलन कर सकें

कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ के लिए चुनाव समिति का गठन किया

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ के लिए रविवार को 22 सदस्यीय प्रदेश चुनाव समिति का गठन किया, जिसके अध्यक्ष पार्टी की प्रदेश इकाई के प्रमुख दीपक बैज होंगे।मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उप मुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव के अलावा राज्य सरकार में मंत्री ताम्रध्वज साहू और मोहन मरकाम के साथ-साथ छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष चरण दास महंत इसके सदस्यों में शामिल हैं। एक बयान में कहा गया है कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए प्रदेश चुनाव समिति के गठन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

तिमाही परिणाम पर रहेगी बाजार की नजर

मुंबई। वैश्विक बाजार की मजबूती के बीच स्थानीय स्तर पर दमदार लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह करीब एक प्रतिशत की तेजी में रहे घरेलू शेयर बाजार की नजर अगले सप्ताह कंपनियों के चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के जारी होने वाले परिणाम पर रहेगी।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 623.36 अंक अर्थात 0.94 प्रतिशत की उछाल लेकर सप्ताहांत पर 66684.26 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 180.5 अंक यानी 0.92 प्रतिशत की तेजी लेकर 19745 अंक पर पहुंच गया।

समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली का जोर रहा। इससे सप्ताहांत पर मिडकैप 154.28 अंक मजबूत होकर 29547.28 अंक और स्मॉलकैप 444.76 अंक की छलांग लगाकर 34146.66 अंक पर रहा।

स्थानीय स्तर पर अगले सप्ताह टाटा स्टील, टाटा मोटर्स, आईओसी, एक्सिस बैंक, आईजीएल, केनरा बैंक, आईडीबीआई, बजाज फाइनेंस, बीपीसीएल, सिप्ला, पीएनबी, टेक महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, टीवीएस मोटर और बजाज ऑटो समेत कई दिग्गज कंपनियों के चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के परिणाम आने वाले हैं। इस पर निवेशकों की नजर रहेगी।

इसके साथ ही विदेशी संस्थागत निवेशकों का रुख, कच्चे तेल की कीमत और डॉलर सूचकांक की भी बाजार की दिशा निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। अमेरिका में उम्मीद से अधिक मजबूत तिमाही परिणाम आने से वैश्विक बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर एनटीपीसी, टाटा मोटर्स, एसबीआई, टाटा स्टील और विप्रो समेत 20 कंपनियों में हुई लिवाली की बदौलत बुधवार को सेंसेक्स 302.30 अंक की उड़ान भरकर पहली बार 67 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 67,097.44 अंक और निफ्टी 83.90 अंक की तेजी लेकर 19,833.15 अंक पर पहुंच गया।

विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर रिलायंस इंडस्ट्रीज से जियो फाइनेंशियल के डिमर्जर से आईटीसी, मारुति, एसबीआई और रिलायंस समेत 22 कंपनियों में हुई लिवाली की बदौलत गुरुवार को सेंसेक्स 474.46 अंक चढ़कर 67,571.90 अंक और निफ्टी 146 अंक की तेजी लेकर 19,979.15 अंक पर रहा।

अगले सप्ताह टाटा स्टील, टाटा मोटर्स, आईओसी, एक्सिस बैंक, आईजीएल, बजाज ऑटो समेत कई दिग्गज कंपनियों के पहली तिमाही के परिणाम आयेंगे

पांच कंपनियों का मार्केट कैप 4.23 लाख करोड़ बढ़ा

नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से पांच कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह 4,23,014.4 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ एचडीएफसी बैंक को हुआ। एचडीएफसी बैंक ने अपनी आवास वित्त मूल कंपनी एचडीएफसी का खुद में विलय पूरा किया है।एचडीएफसी बैंक गुरुवार को बाजार पूंजीकरण के लिहाज से दूसरी सबसे बड़ी कंपनी बन गया। उसने इस मामले में टीसीएस को पीछे छोड़ा है। समीक्षाधीन सप्ताह में जहां एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, आईटीसी, एसबीआई और बजाज फाइनेंस के बाजार पूंजीकरण में बढ़ोतरी हुई, वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इन्फोसिस और भारती एयरटेल की बाजार हैसियत घट गई।

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

Class - X		Class - IX	
Hindi	₹ 140	Hindi	₹ 140
English	₹ 140	English	₹ 140
Mathematics	₹ 140	Mathematics	₹ 140
Science	₹ 140	Science	₹ 140
Social Science	₹ 140	Social Science	₹ 140
Sanskrit	₹ 120	Sanskrit	₹ 120
Hindi – B	₹ 140	Hindi – B	₹ 80
Hindi Vyakaran– II	₹ 120	Hindi Vyakaran– II	₹ 120
English Grammar– II	₹ 120	English Grammar– II	₹ 120
Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100	Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100
Hindi Practical	₹ 55	Hindi Practical	₹ 55
English Practical	₹ 55	English Practical	₹ 55
Maths. Practical	₹ 65	Maths. Practical	₹ 55
Science Practical	₹ 65	Science Practical	₹ 70
S. Science Practical	₹ 65	S. Science Practical	₹ 65
Sanskrit Practical	₹ 55	Sanskrit Practical	₹ 55
Maths. Practical (Combined)	₹ 90	Maths. Practical (Combined)	₹ 75
Science Practical (Combined)	₹ 90	Science Practical (Combined)	₹ 75
English Medium		English Medium	
Mathematics	₹ 200	Mathematics	₹ 130
Science	₹ 200	Science	₹ 200
Social Science	₹ 200	Social Science	₹ 130
Maths. Practical	₹ 80	Maths. Practical	₹ 80
Science Practical	₹ 80	Science Practical	₹ 80
S. Science Practical	₹ 80	S. Science Practical	₹ 80

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

देवों के देव महादेव

शिव मंत्र का प्रभाव

सभी देवी देवताओं में सबसे लोकप्रिय देवता भगवान शिव को माना जाता है। भगवान शिव को कल्याणकारी माना जाता है। माना जाता है कि भगवान शिव अपने भक्तों पर आने वाले कष्टों हरण कर लेतें। जब-जब देवताओं, ऋषि-मुनियों या फिर ब्रह्मांड में कहीं भी जीवन पर संकट आया है तमाम कष्टों के विष को भगवान शिव ने धारण किया है। भगवान शिव की आराधना बहुत ही सरल एवं बहुत ही फलदायी मानी गयी है। सोमवार को भगवान शिव की पूजा का दिन माना जाता है। यहां आपको बता रहे हैं भगवान शिव के कुछ लोकप्रिय मंत्र जिनसे आप भगवान शिव की आराधना कर उन्हें प्रसन्न कर सकते हैं और उनकी कृपा पा सकते हैं। शिव मूल मंत्र

ॐ नमः शिवाय॥

यह भगवान शिव का मूल मंत्र हैं। मंत्रों में सबसे लोकप्रिय मंत्र भी है जिसे हिंदू धर्म में आस्था रखने वाला हर शिव उपासक जपता है। इस मंत्र की खास बात यह है कि यह बहुत ही सरल मंत्र है जिसके द्वारा कोई भी भगवान शिव की उपासना कर सकता है। इस मंत्र में भगवान शिव को नमन करते हुए उनसे स्वयं के साथ-साथ जगत के कल्याण की कामना की जाती है।

बासुकीनाथ पाण्डेय

शास्त्रों में श्रावण मास को महत्त्वपूर्ण मास बताया गया है। इस माह में की गयी शिव की आराधना विशेष पुण्यदायी मानी गई है। श्रावण का तात्पर्य सुनने योग्य होता है। श्रवण का अर्थ सुनना है तो श्रावण का अर्थ सुने जाने योग्य होगा।

सुना क्या जाना चाहिए?

वेद ज्ञान की बातें। इसे सुनने के कारण ही इसका नाम श्रुति पड़ा है। आषाढ़ पूर्णिमा के बाद श्रावण की शुरूआत होती है। आषाढ़ पूर्णिमा को गुरुपूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है। गुरुपूर्णिमा में गुरु से दीक्षा ली जाती है। शिष्य को दीक्षा देकर गुरु उन्हें आत्मकल्याणकारी वेद-ज्ञान का उपदेश देते हैं और शिष्यों से उनका नियमित श्रवण, पठन, चिन्तन-मनन व उनके अनुसार आचरण की आज्ञा देते हैं। गुरु से प्राप्त वेदज्ञान का श्रवण श्रावण से ही शुरू होता है। अर्थात कल्याणकारी यात्रा का शुभारम्भ होता है श्रावण से। यानि प्राप्त गुरुज्ञान का श्रवण के साथ आचरण शिष्यों का शिव अर्थात कल्याण करने वाला होता है। इसीलिए भी श्रावण महत्त्वपूर्ण हो जाता है।

शिव है कल्याण के देवता

शिवजी को शुभ और कल्याण का देवता माना गया है। श्रावण में शिवजी का महाभिषेक करने का फल अनन्त गुना बताया गया है। इस समय स्वयं प्रकृति देवी भी अपनी रिमझिम बारिश की बून्दों से महाकाल महारुद्र का महारुद्राभिषेक करती नजर आती है। मनुष्य यदि निष्ठापूर्वक शिव-आराधना करे तो उसे कई तरह के लाभ होंगे, इसमें कोई सन्देह नहीं।

असाध्य को साध्य बनाता है श्रावण

शिव की साधना-अराधना का पूरे साल असीम पुण्यलाभ मिलता है लेकिन आस्थावान, विवेकी एवं विचारशील लोग श्रावण महीने का उपयोग विशेष तप के लिए करते हैं। तपस्वियों एवं साधकों का अनुभव है कि इस महीने तप करके असाध्य को साध्य बनाया जा सकता है।

पूर्व जन्म के पापों का होता है शमन

गुरुपूर्णिमा से श्रावण पूर्णिमा तक का प्रत्येक दिन साधना के लिए विलक्षण मुहूर्त है। इसे किसी भी तरह नहीं गंवाना चाहिए। श्रावण मास में की गई शिव साधना से दुष्कर प्रारब्ध एवं संचित कुसंस्कारों का दहन-शमन होता है।

जिनके भीतर इसे करने के लिए अपेक्षित शारीरिक सामर्थ्य एवं मनोबल हो, उन्हें इस पवित्र मास में यह साधना-पुरुषार्थ अवश्य करना चाहिए।

श्रेष्ठ मन्त्र, शिव मंत्र

शिव से जुड़ी हुई कई पौराणिक कथाएं भी काफी प्रचलित हैं। एक ऐसी ही प्रेरणादायक कथा है चित्रभानु की। चित्रभानु नाम का एक शिकारी था। वह जंगल के जानवरों का शिकार कर अपना भरण-पोषण करता था। उसने एक सेठ से कर्ज ले रखा था लेकिन चुका नहीं पा रहा था एक दिन सेठ ने उसे शिव मठ में बंदी बना लिया संयोगवश उस दिन महाशिवरात्रि थी लेकिन इसका चित्रभानु को जरा भी भान न था। वह तल्लीनता से शिवकथा, भजन सुनता रहा। उसके बाद सेठ ने मोहलत देकर उसे छोड़ दिया। उसके बाद वह शिकार की खोज में जंगल में निकल पड़ा। उसने एक तालाब के किनारे बिल्व वृक्ष पर अपना पड़ाव डाल दिया। उसी वृक्ष के नीचे बिल्व पत्रों से ढका हुआ एक शिवलिंग भी था। शिकार के इंतजार में वह बिल्व पत्रों को तोड़कर

नीचे फेंकता रहा जो शिवलिंग पर गिरते। कुछ शिवकथा का असर कुछ अंजाने में महाशिवरात्रि के दिन वह भूखा प्यासा रहा तो उसका उपवास भी हो गया, बिल्व पत्रों के अर्पण से अंजानें में ही उससे भगवान शिव की पूजा भी हो गई इस सबसे उसका हृद्य परिवर्तन हो गया व एक के बाद एक अलग-अलग कारणों से मृगों पर उसने दया दिखलाई। इसके बाद वह शिकारी जीवन भी छोड़ देता है और अंत समय उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है। कहानी का निष्कर्ष है कि भगवान शिव शंकर इतने दयालु हैं कि उनकी दया से एक हिंसक शिकारी भी हिंसा का त्याग कर करुणा की साक्षात मूर्ति हो जाता है।

महामृत्युंजय मंत्र

ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धि पुष्टिवर्धनम उर्वारुकमिव बन्धनात मृत्योर्मुक्षीय मामृतात॥

यह माना जाता है कि इस महामृत्युंजय मंत्र के जाप से भगवान शिव को प्रसन्न कर उनकी असीम कृपा तो प्राप्त होती ही है साथ ही यदि साधक इस मंत्र का सवा लाख बार निरंतर जप कर ले तो वर्तमान अथवा भविष्य की समस्त शारीरिक व्याधियां एवं अनिष्टकारी ग्रहों के दुष्प्रभाव समाप्त किये जा सकते हैं। यह भी माना जाता है कि इस मंत्र की साधना से अटल मृत्यु को भी टाला जा सकता है। इस मंत्र का उल्लेख ऋग्वेद में हुआ है। मंत्र में कहा गया है कि जो त्रिनेत्र हैं एवं हर सांस में जो प्राण शक्ति का संचार करने वाले हैं जिसकी शक्ति समस्त जगत का पालन-पोषण कर रही है हम उन भगवान शंकर की पूजा करते हैं। उनसे प्रार्थना करते हैं कि हमें मृत्यु के बंधनों से मुक्ति दें ताकि मोक्ष प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त हो। जिस प्रकार ककड़ी पक जाने पर बेल के बंधन से मुक्त हो जाती है उसी प्रकार हमें भी ककड़ी की तरह इस बेल रुपी संसार से सदा के लिए मुक्त मिले एवं आपके चरणामृत का पान करते हुए देहत्याग कर आप में ही लीन हो जांए।

इस महामृत्युंजय मंत्र के 33 अक्षर हैं। महर्षि वशिष्ठ के अनुसार ये 33 अक्षर 33 देवताओं के प्रतीक हैं जिनमें 8 वसु, 11 रुद्र, 12 आदित्यठ, 1 प्रजापति एवं 1 षटकार हैं। इसलिए माना जाता है कि इस मंत्र सभी देवताओं की संपूर्ण शक्तियां विद्यमान होती हैं जिससे इसका पाठ करने वाले को दीर्घायु के साथ-साथ निरोगी एवं समृद्ध जीवन प्राप्त होता है। कुछ साधक इस महामृत्युंजय मंत्र में संपुट लगाकर भी इसका उच्चारण करते हैं जो निम्न है:

रुद्र गायत्री मंत्र

ॐ तत्पुरुषाय विद्महे महादेवाय धीमहि तन्नो रुद्रः प्रचोदयात॥

भगवान रुद्र अर्थात शिव साक्षात महाकाल हैं। सृष्टि के अंत का कार्य इन्हीं के हाथों है। उन्हें सृष्टि का संहारकर्ता माना जाता है। सभी देवताओं सहित तमाम दानव, मानव, किन्नर सब भगवान शिव की आराधना करते हैं। लेकिन मानसिक रुप से विचलित रहने वालों को मन की शांति के लिए रुद्र गायत्री मंत्र से भगवान शिव की आराधना करनी चाहिए। जिन जातकों की जन्म पत्रिका अर्थात कुंडली में कालसर्प, पितृदोष एवं राहु-केतु अथवा शनि का कोप है इस मंत्र के नियमित जाप एवं नित्य शिव की आराधना से सारे दोष दूर हो जाते हैं।

स्वंय में शिवतत्व को पाना ही शिव की पूजा

स्वामी मुक्तरथ

श्रीमद् भागवत में एक प्रसंग है कि एक बार देवताओं और दैत्यों ने मिल कर भगवान के निर्देशानुसार समुद्र मंथन की योजना बनाई ताकि अमृत प्राप्त किया जा सके। परंतु उस समुद्र मंथन के समय सबसे पहले हलाहल विष निकला था। वह विष इतना विषैला था कि उससे समस्त जगत भीषण ताप से पीड़ित हो गया था। देव-दैत्य बिना पिए उसको सूंघते ही बेसुध से हो गए।

तब भगवान ने अपनी शक्ति से उनको ठीक किया। देवों ने जब इस विष से बचने का उपाय पूछा तो भगवान ने कहा कि शिवजी से अगर आप सब लोग प्रार्थना करें तो वे इसका हल निकाल लेंगे। श्रीशिव जी महाराज ने देवताओं की प्रार्थना पर भगवान की प्रसन्नता के लिए उस हलाहल विष को पीने का निर्णय लिया। आपने अपने हाथों में उस विष को लिया व पी गए। किंतु उसको निगला नहीं। आपने विचार किया कि मेरे हृदय में रहने वाले भगवान को यह रुचेगा नहीं। इसलिए आपने वह विष अपने गले में ही रोक लिया। जिसके प्रभाव से आपका गला नीला हो गया और आप नीलकंठ कहलाए। आपकी ऐसी अद्भुत व अलौकिक चेष्टा की याद में ही श्री शिवरात्री मनाई जाती है।हम सबों का ईशारा किया है कि जो भी धन संपदा और शक्ति मनुष्यों को प्राप्त हुई है, शिव की कृपा से हुई है। इस अमृत रूपी संपदा और शक्ति को जगत के कल्याण में लगा दो यही शिवत्व है। हलाहल आपके विरूद्ध अनर्गल प्रलाप विष है, अपने ज्ञान, भक्ति, योग और सेवा से कंठ के अन्दर ही दबाकर रखें, इसे कदापि कंठ के नीचे न जाने दें।शिव को समझने के लिए उन कथाओं का भी सहारा लेना पड़ेगा जिसकी एक प्रचलित कथा है कि ब्रह्मा जन्मदाता, विष्णु पालनकर्त्ता और शिव संहारकर्त्ता है। इस कथा के भाव से प्रतीत होता है कि शिव बहुत भंयकर और निष्ठुर है किन्तु बात ऐसी नहीं है। इस कथा का ऊपरी भाव जैसा दिख रहा है, वास्तव में वैसा नहीं है। यह सभी जानते है कि जिसका जन्म हुआ है, उसका एक न एक दिन मृत्यु होना है। श्वांस का आना-जाना ही जीवित होने की पहचान है। श्वांस का रूकना जीवन का अन्त है। सृष्टि की रचना ईश्वर की अनुपम कृति है। सृष्टि में आना एक अवसर है। मेरे पूर्व भी सृष्टि थी, और आगे भी रहेगी। शिव ने संहार को एक सुअवसर बताया है। इस संसार के विविध रूप है, जो अनादि काल से अनन्त काल की लगातार बढ़ता ही चला जा रहा है। एक क्षण के लिए भी रूक जाना, न जाने कितने अवसरों को कष्ट पहुँचाने के समान है। शिव कहते हैं, संहार सृष्टि का शाश्वत नियम है। यह गतिमान है। इसे रोका नहीं जा सकता। यही सत्य है, शिव है और सुन्दर है।

'शिव' एक जीवन पद्धति है, विचार धारा है, जीवन जीने की कला का मार्ग प्रशस्त करता है। नीलकंठ भगवान शिव जटाधारी, समाधिस्थ सर्पधारी, माथे पर चन्द्रमा, जटा के मध्य निकलती गंगा, विभूति लपेटे रूप, डमरू और त्रिशूल के माध्यम से हम संसार वासियों से क्या कहना चाहते हैं ?..

जटा, त्याग, वैराग्य और अपरिग्रह का संदेश देता है। संसार नाशवान और चलायमान है। इससे ज्यादा मोह दुःख का कारण है। त्याग, वैराग्य और अपरिग्रह का मार्ग ही श्रेयस्कर है। समाधि की अवस्था अर्थात अपने मन मंदिर में शिवतत्व का जागरण तथा स्वंय के अन्दर विद्यमान शिव को जानना। जब मनुष्य शिवभक्ति में लिन होता है, उसकी रक्षा सर्परूप में स्वंय शिव करते हैं तथा संसार के सभी सभी जीवों से प्रेम करने का भी सीख दते है। चन्द्रमा शीतलता और विवेक का प्रतीक है, विषम परिस्थितियों में भी हम सबों को अपने अन्दर विद्यमान शान्ति व शीतलता को नहीं खोना है। गंगा का स्थूल अर्थ जल है। जल सृस्टि को चलाने के लिए ईश्वर की अनुपम निधि है, इसका सदुपयोग और संर्वधन अर्थात शिव की ही पूजा के समान है। बाह्य सौन्दर्य पर राख का लेप अर्थात विभूति मन की पवित्रता की सीख देती है। डमरू आनन्द का प्रतिक है। शिव की उपासना और दूसरों की भलाई-सेवा ही सच्चा आनन्द है। त्रिशूल शिव के बताये मार्ग पर चलने वालों के लिए अभय प्रदान करता और प्रतिकुलगामियों नाश। भगवान शिव वह शाश्वत तत्व है, जो इस सृष्टि का सार है। इस तत्व से ही सब कुछ उपजा है। इसमें ही सब कुछ विलीन हो जाना है। शिव रात्रि का शुभ काल शिव-तत्व को जगाने के लिए है, जो चेतना का सबसे अच्छा पहलू है। अर्थात स्वंय मे शिवतत्व को पाना ही शिवरात्रि।

विश्व के आठ पवित्र स्थलों में एक है पशुपतिनाथ

भारत के अमरनाथ व केदारनाथ से किसी भी प्रकार कम नहीं है। पशुपतिनाथ मंदिर नेपाल की राजधानी काठमांडू से तीन किलोमीटर उत्तर-पश्चिम देवपाटन गांव में बागमती नदी के तट पर स्थित है। यह मंदिर भगवान शिव के पशुपति स्वरूप को सर्मिपत है। यूनेस्को विश्व सांस्कृतिक विरासत स्थल की सूची में शामिल भगवान पशुपतिनाथ का मंदिर नेपाल में शिव का सबसे पवित्र मंदिर माना जाता है। यह मंदिर हिन्दू धर्म के आठ सबसे पवित्र स्थलों में से एक है। नेपाल में यह भगवान शिव का सबसे पवित्र मंदिर है। इस अंतर्राष्ट्रीय तीर्थ के दर्शन के लिए भारत के ही नहीं, अपितु विदेशों के भी असंख्य यात्री और पर्यटक काठमांडू पहुंचते हैं। पौराणिक कथा के अनुसार भगवान शिव यहां पर चिकारे का रूप धारण कर निद्रा में चले बैठे थे। जब देवताओं ने उन्हें खोजा और उन्हें वाराणसी वापस लाने का प्रयास किया तो उन्होंने नदी के दूसरे किनारे पर छलांग लगा दी। कहा जाता हैं इस दौरान उनका सींग चार टुकडों में टूट गया था। इसके बाद भगवान पशुपति चतुर्मुख लिंग के रूप में यहां प्रकट हुए थे।

पशुपतिनाथ लिंग विग्रह में चार दिशाओं में चार मुख और ऊपरी भाग में पांचवां मुख है। प्रत्येक मुखाकृति के दाएं हाथ में रुद्राक्ष की माला और बाएं हाथ में कमंडल है। प्रत्येक मुख अलग-अलग गुण प्रकट करता है। पहला मुख 'अघोर' मुख है, जो दक्षिण की ओर है। पूर्व मुख को 'तत्पुरुष' कहते हैं। उत्तर मुख 'अर्धनारीश्वर' रूप है। पश्चिमी मुख को 'सद्योजात' कहा जाता है। ऊपरी भाग 'ईशान' मुख के नाम से पुकारा जाता है। यह निराकार मुख है। यही भगवान पशुपतिनाथ का श्रेष्ठतम मुख माना जाता है।

1747 से ही नेपाल के राजाओं ने भारतीय ब्राह्मणों को आमंत्रित किया है। इसके पीछे यह तथ्य बताये जाते हैं कि भारतीय ब्राह्माण हिन्दू धर्मशास्त्रों और रीतियों में ज्यादा पारंगत होते हैं। बाद में 'माल्ला राजवंश' के एक राजा ने दक्षिण भारतीय ब्राह्मण को 'पशुपतिनाथ मंदिर' का प्रधान पुरोहित नियुक्त किया। दक्षिण भारतीय भट्ट ब्राह्मण ही इस मंदिर के प्रधान पुजारी नियुक्त होते रहे हैं।

शुभम को 7 घंटे बाद सुरक्षित बाहर निकाला

खेलते हुए गिर गया था मासूम बोरवेल में

खबर मन्त्र संवाददाता

नालंदा। बिहार के नालंदा जिले में थाना इलाके के कुल गांव में 4 साल का शुभम सात घंटे से अधिक समय के बाद सुरक्षित निकाल लिया गया। बच्चा 150 फीट गहरे बोरवेल में गिर गया था। बच्चे को बाहर निकाले जाने का वीडियो भी सामने आया है। इसमें देखा जा सकता है कि कपड़े में लिपटे बच्चे को एनडीआरएफ के जवान अपनी गोद में लेकर एंबुलेस में बैठते हैं। इसके बाद एंबुलेंस अस्पताल जाने के लिए आगे बढ़ जाती है। इस संबंध में एनडीआरएफ के अधिकारी रंजीत कुमार का बयान भी आया है। बता दें कि डोमन मांझी का पुत्र शुभम कुमार रविवार सुबह 9 बजे खेलने के दौरान बोरवेल में गिर गया था। उसके साथ खेल रहे बच्चे ने घटना की जानकारी उसके माता-पिता को दी थी, तब जाकर परिजन को इसकी जानकारी मिली। बताया गया कि बोरवेल करीब 150 फीट गहरा था, लेकिन बच्चा करीब 25 फीट पर फंसा था। करीब पांच घंटे बाद दोपहर 1:20 में पटना से एनडीआरएफ की टीम रेस्क्यू के लिए मौके पर पहुंची थी।

एनडीआरएफ की टीम में शामिल असिस्टेंट कमांडेंट जेपी प्रसाद को बोरवेल में उतारने की कोशिश भी की गई, लेकिन रेस्क्यू का यह तरीका सफल नहीं हो पाया था। जिला प्रशासन की टीम सीसीटीवी कैमरे से बच्चे पर लगातार निगरानी रख रही थी। मौके पर डीएम शशांक शुभंकर खुद रेस्क्यू कार्य का जायजा लेने पहुंचे थे। एनडीआरएफ की टीम के आ जाने से रेस्क्यू ऑपरेशन को गति मिल गई। बच्चे का सीसीटीवी कैमरे में फुटेज भी सामने आया था, जिसमें वह सुरक्षित दिख रहा था। बच्चे को दूध और पानी भेजा गया, लेकिन वह ले नहीं पाया था। उसके रोने की आवाज भी सुनाई दे रही थी।

प्रशासन की ओर से बोरवेल के नीचे सीसीटीवी कैमरा डाला गया था। तीन-चार पोकलेन की मदद से बगल में गड्ढा किया जा रहा था। बोरवेल में गिरने से अबतक का अपडेट, सुबह 9 बजेः खेलने के दौरान बोरवेल में गिरा 4 साल का शुभम, सुबह 9:30 बजे : मौके पर पहुंची स्थानीय थाना की पुलिस, सुबह 10 बजेः सीओ और जिला आपदा अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे, दोपहर 12 बजेः मौके पर पहुंचे सांसद कौशलेंद्र कुमार, दोपहर 12:30 बजेः डीएसपी दलबल के साथ पहुंचे, दोपहर 1 बजेः अभी तक एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम नहीं पहुंची, दोपहर 1:20 बजेः पटना से रेस्क्यू के लिए पांच घंटे बाद पहुंची एनडीआरएफ की टीम, दोपहर 2 बजेः असिस्टेंट कमांडेंट जे पी प्रसाद को अंदर भेजने की कोशिश की गई पर सफलता नहीं मिली, शाम 4 बजेः डीएम शशांक शुभंकर मौके पर पहुंचे, शाम 5 बजे के आसपास बच्चे को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। बोरवेल के बगल में की जा रही खुदाई, इस दौरान डीएम शशांक शुभंकर ने बताया था कि शुभम कुमार को बोरवेल से निकालने के लिए बचाव कार्य तेजी से किया जा रहा है। दो-तीन जेसीबी की मदद से बगल में खुदाई कर बच्चे को सुरक्षित निकालने का प्रयास जारी है। मौके पर सांसद कौशलेंद्र कुमार भी पहुंचे थे। काफी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई थी।

घटनास्थल पर जिला आपदा शाखा प्रभारी कृष्ण कुमार उपाध्याय, अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी आदि कैम्प कर अपनी देख-रेख में बचाव कार्य करा रहे थे। मेडिकल टीम भी ऑक्सीजन सुविधा के साथ स्थल पर मौजूद थी। बोरवेल में बच्चे को पाइप के माध्यम से ऑक्सीजन दी जा रही थी। घटना के बाद मौके पर जुटी लोगों की भीड़

लापरवाही के कारण हुआ बड़ा हादसा : नगर पंचायत नालंदा के उपाध्यक्ष प्रतिनिधि नलिन मौर्य ने बताया था कि यहां के किसान ने बोरिंग के लिए यह बोरवेल बनाया था। हालांकि, यहां बोरिंग नहीं लग पाया तो वे दूसरी जगह बोरिंग लगाने में जुट गए। इसके बाद इस बोरबेल को बंद नहीं किया गया, जिसके कारण आज यह बड़ा हादसा हुआ।इधर, सुबह घटना की जानकारी मिलने के बाद से बच्चे के परिवार में चीख-पुकार मची हुई थी। घटना के बाद मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह ने बताया था कि बच्चे को सुरक्षित निकालने का प्रयास किया जा रहा है। कई वरीय पदाधिकारी भी मौके पर मौजूद हैं।

स्पीड न्यूज

जायन्ट्स ने किया मच्छरदानी का वितरण

गढ़वा। जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के तत्वावधान में जिले के बीरबांध ग्राम के उरांव टोला में अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में मच्छरदानी का वितरण किया गया। मौके पर जायंट्स पदाधिकारियों ने मच्छर के प्रकोप को रोकने के लिए लोगों से मच्छरदानी लगाकर सोने की अपील की। साथ ही कहा कि बरसात में घर के आसपास के गड्ढे एवं कुलर में पानी को जमा नहीं होने दें, नहीं तो उसमें पलने वाले मच्छर के काटने से मलेरिया, डेंगू आदि बीमारी का खतरा रहता है। उन्होंने बरसात में होने वाली बीमारियों से बचने के लिये पानी उबाल कर पीने, बासी एवं ठंडा खाना नहीं खाने की सलाह दी। मौके पर ग्रुप के सचिव चंद्रभूषण सिन्हा, विजय कुमार केशरी, मदन प्रसाद केशरी, नंदकुमार गुप्ता, सुनील अग्रवाल, रविन्द्र केशरी, मनदीप सोनी, मोजिबुद्दीन खान, चंदन चंद्रवंशी, मनोज केशरी आदि उपस्थित थे।

सांसद के जन्मदिन पर मंत्री का बधाई संदेश सुर्खियों में

मेराल। झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सोशल मीडिया पर पलामू सांसद विष्णु दयाल राम को ऐसी बधाई दी कि वह सुर्खियां बटोर रही है। उन्होंने अपने फेसबुक अकाउंट पर दिए गए बाई संदेश में भाजपा के सांसद विष्णु दयाल राम की तस्वीर के साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक दिशोम गुरु शिबू सोरेन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तथा झारखंड मुक्ति मोर्चा का चुनाव चिन्ह तीर धनुष के साथ अपनी तस्वीर लगाई है। उक्त पोस्ट सोशल मीडिया पर सुर्खियों में है। मंत्री के इस पोस्ट से भाजपा तथा अन्य राजनीतिक दलों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

बिजली चोरी करने पर नौ लोगों पर प्राथमिकी

डंडई। विद्युत आपूर्ति शाखा डंडई के जेई राहुल कुमार व देववंश ठाकुर ने डंडई थाना में नौ लोगों पर बिजली चोरी करने के मामले में प्राथमिकी दर्ज कराया है। इस क्रम में डंडई पंचायत के खाड़ी टोला निवासी इजराइल अंसारी पिता स्व. अलीजान अंसारी पर 5200, डंडई पंचायत के खाड़ी टोला निवासी असगर अंसारी पिता स्व. हबीब अंसारी पर 5200, खाड़ी टोला निवासी कुतुबुद्दीन अंसारी पिता स्व. अब्दुल अंसारी पर 4200, डंडई के खाड़ी टोला निवासी अजीमुद्दीन अंसारी पिता स्व.अब्दुल अंसारी पर 4200, डंडई की रजीदा बीबी पति मुमताज अंसारी पर 4200, डंडई पंचायत के खाड़ी टोला निवासी सुभान अंसारी पिता स्व.सोमारू अंसारी पर 4200, करके गांव के जगदीश प्रजापति पिता बिरझू प्रजापति पर 4200, करके गांव निवासी अयोया प्रजापति पिता दुर्जन महतो पर 3200, करके गांव निवासी जहरून बीबी पति शेख मोहम्मद अंसारी पर 3200 रूपये का जुर्माना लगाया गया है। इस संबा में डंडई थाना प्रभारी शाबाज अंसारी ने बताया कि बिजली विभाग के जेई राहुल कुमार के लिखित शिकायत पर नौ लोगो के विरुद्ध एफआईआर दर्ज किया गया है।

मुहर्रम को लेकर थाना में शांति समिति की बैठक

जयनगर (कोडरमा)। मुहर्रम को लेकर जयनगर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की अध्यक्षता उप प्रमुख राज नारायण सिंह व संचालन 20 सूत्री अध्यक्ष इस्लाम अंसारी ने किया। बैठक में जनप्रतिनिधियों के अलावे दोनों समुदाय के सामाजिक कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। मौके पर मुहर्रम शांति और सौहार्द से मनाने का दोनों समुदाय ने एक स्वर में कहा कि हम लोग भाईचारे और शांति के साथ मोहर्रम त्यौहार मनाएंगे। इस मौके पर पुलिस इंस्पेक्टर उरांव ने कहा किसी प्रकार का सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक एवं किसी धर्म के प्रति किसी प्रकार का पोस्ट करने पर लोगों को कड़ी सजा होगी। मौके पर जिप उपाध्यक्ष निर्मला देवी, गणपति यादव, अजय यादव, अर्चना कुमारी, शहजाद आलम, राजेंद्र दास, बलदेव यादव, सलीम खान, सरफुद्दीन अंसारी, सिराज खान, दिलीप मंडल आदि मौजूद थे।

विद्यालय कैंपस में जर्जर भवन दे रहा अप्रिय घटना का संकेत, शिक्षक चिंतित

जयनगर (कोडरमा)। प्रखंड अंतर्गत कटिया उत्क्रमित मध्य विद्यालय परिसर में वर्षो पूर्व बने दो भवन चिंता का विषय बन गया है। कब अप्रियघटना घट जाए उसका अनुमान भी नहीं लगाया जा सकता। वहीं विद्यालय परिसर में बच्चे खेलते हैं तो वहीं शिक्षकों को चिंता सताते रहती है। ज्ञात हो कि बीते 9 मई को परसाबाद के विभिन्न सरकारी केंद्र के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त आदित्य रंजन उत्क्रमित मध्य विद्यालय कटिया गए थे, जहां जर्जर भवन को ध्वस्त करने को कहा था जो कि आज तक नहीं हुआ। इस संबंध में स्थानीय मुखिया रेखा देवी ने उपायुक्त से आग्रह किया है कि इस जर्जर भवन को अविलंब हटाया जाए। वहीं उन्होंने कहा कि इस जर्जर भवन से विद्यालय के बच्चों के साथ कभी भी घटना घट सकती है जो कि काफी चिंता का विषय। वहीं विधालय के प्राचार्य धनेश्वर राम ने कहा कि 9 मई को विद्यालय का उपायुक्त द्वारा निरीक्षण किया गया था, चाहरदीवारी कर रहे ठेकेदार शंकर यादव को उपायुक्त द्वारा कहा गया था कि पहले इस जर्जर भवन को ध्वस्त कर दिया जाए उसके बाद चारदीवारी का कार्य किया जाए। मगर देखा जाए तो चाहरदिवारी का कार्य पूरा होने चला है, लेकिन अब तक भवन को ध्वस्त नहीं किया गया। अगर किसी तरह का घटना दुर्घटना हो जाए तो इसमें हमे दोषी ठहराया जाएगा।

कभी जीवनदायनी रहा सुरसा तालाब अपने अस्तित्व से जूझ रहा है

खबर मन्त्र संवाददाता

सुरसा गांव का तालाब

सिसई। सिसई प्रखंड के सुरसा गांव की जीवनदायनी विशाल तालाब आज अपने अस्तित्व की संकट से जूझ रहो है। तालाब में इतना मिट्टी भर गया है कि वह अब तालाब कम गड्ढा अधिक दिखलाई पड़ता है। कभी इस तालाब के पानी का उपयोग कर क्षेत्र के किसान कृषि कार्य करते थे। पशुओं को पानी पिताले थे। लेकिन अब यह तालाब किसी काम का नहीं रह गया है। ग्रामीण तालाब में अपने गंदे पकड़े बर्तन आदि धोते थे लेकिन तालाब की दयनीय स्थिति के कारण जहां किसान खेती से वंचित हो रहे हैं। वहीं जीवन यापन में भी लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। जिला भूमि संरक्षण विभाग के द्वारा बड़े-बडें तालाबों का जीर्णोद्धार कार्य कराया जा रहा है। इस तालाब का भी जीर्णोद्धार किया जाएगा तो क्षेत्र के ग्रामीणों के जीविका का एक साधन बन जाएगा। क्षेत्र के लोग तालाब में मछली पालन कर अपनी आर्थिक आमदनी बढ़ा सकते हैं। खेती किसान के कार्य में भी वृद्धि होगी। अर्थात तालाब ग्रामीणों के उत्थान में मददगार साबित हो सकता है। सुरसा के ग्रामीणों ने बताया कि तालाब काफी पुराना है जो कि लगभग चार से पांच एकड़ जमीन में फैला हुआ था। लेकिन सरकारी उदासीनता के कारण आज तालाब का आस्तिव पूर्ण रूप से खत्म होने के कगार में पहुंच चुका है। धीरे धीरे मिट्टी से भरा कर तालाब मितटता जा रहा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन, प्रखंड प्रशासन व भूमि संरक्षण विभाग से तालाब की जीर्णोद्धार की मांग की है।

मोहर्रम जुलूस व मेले को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

मरकच्चो (कोडरमा)। कोडरमा पुलिस कप्तान कुमार गौरव के निर्देश पर मोहर्रम व श्रावन मास को देखते हुये उपद्रवियों से निपटने के लिए जिले के सभी थाना की पुलिस ने पूरी तैयारी कर ली है। 29 जुलाई को निकलने वाले मोहर्रम जुलूस व जगह-जगह पर लगने वाले मेले को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट है, ताकि कोई भी असामाजिक तत्व अफवाह ना फैला सके। अगर अफवाह के बाद माहौल बिगड़ता है तो उससे निपटने के लिए पुलिस पूरी तरह से कमर कस ली है। उपद्रवियों से निपटने के लिए मरकच्चो थाना के स्वावलंबी ग्राम ओरकोसा के समीप पहाड़ी में रविवार को मरकच्चो थाना के पदाधिकारियों व जवानों को पुलिस लाइन के मेजर विनाश टुडू के नेतृत्व में अभ्यास कराया गया। अभ्यास के क्रम में भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पदाधिकारियों व जवानों ने अपनी सुरक्षा को अपनाते हुए लाठीचार्ज करने, आंसू गैस के गोले छोड़े जाने, आसमान में गोली दागने समेत कई अन्य तरीकों का अभ्यास कराया गया। मौके पर प्रशिक्षिण में एसआई उत्तम कुमार बैध, गोबिंद सिंह, एसएस शर्मा, एसएन मिश्रा, एएसआई दया राम सिंह,रहमत आलम, कामाख्या सिंह समेत कई पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

भाकपा माले की बैठक में लोक सभा चुनाव पर विशेष चर्चा

डोमचांच (कोडरमा)। प्रखंड अंतर्गत ग्राम लक्ष्मीपुर देवपुर में विजय सिंह के आवास पर भाकपा माले द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कॉमरेड विनोद सिंह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड सचिव विनोद पांडेय, प्रखंड कमेटी सदस्य कामरेड राजेंद्र साव एवं जिला कमेटी सदस्य भागीरथ सिंह घटवार उपस्थित थे। बैठक के दौरान आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर विशेष रूप से चर्चा किया गया। वहीं ब्रांच कमेटी को लेकर भी चर्चा की गई। इस दौरान माले नेता भागीरथ सिंह घटवार ने कहा कि केंद्र में मोदी सरकार के लगभग 10 वर्ष पूरे हो जाने के बावजूद भी ना महंगाई कम हुई ना ही युवाओं को रोजगार मिला न ही भ्रष्टाचार खत्म हुई। इससे साफ जाहिर होता है कि मोदी सरकार में सिर्फ और सिर्फ पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए भाजपा सरकार बनी है। भाजपा शासित राज्य में हमारी माताएं बहने भी सुरक्षित नहीं है। इससे साफ जाहिर होता है कि मोदी सरकार पूरी तरह से विफल रही है। इसलिए भाकपा माले जनसंपर्क अभियान चलाकर हर एक गांव में ब्रांच कमेटी के माध्यम से इस तानाशाही सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे और इस भाजपा सरकार को उखाड़ फेकेंगे। वहीं 9 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया, जिसमें सर्व समिति से नीतीश सिंह को ब्रांच सचिव के रूप में चयनित किया गया।

तीन दिवसीय ईस्ट जोन सलेक्शन बैडमिंटन टूनार्मेंट में रांची का रहा दबदबा

विजेता व विजेताओं खिलाड़ियों को खेलकूद मंत्री ने किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

दुमका। इंडोर स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय ईस्ट जोन सलेक्शन ट्रायल टूनार्मेंट का समापन रविवार को हुआ। समापन खेलकूद, पर्यटन एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफिजुल अंसारी के उपस्थित में हुई। खेल मंत्री ने सभी विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को कप एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मंत्री ने दुमका में शीघ्र ही राष्ट्रीय स्तर के बैडमिंटन आयोजनों के लिए आवश्यक संसाधन और नए बैडमिंटन कोर्ट के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने का आश्वासन देते हुए कहा कि दुमका बैडमिंटन संघ के संरक्षक डीआईजी सुदर्शन प्रसाद मंडल सराहनीय प्रयास को बताते हुए कहा कि ऐसे बैडमिंटन के राष्ट्रीय आयोजनों के लिए मांग रखी थी। टूनार्मेंट में संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला बैडमिंटन संघ अध्यक्ष उमाशंकर चौबे ने किया। इस टूनार्मेंट के समानांतर झारखंड राज्य रेफरी की परीक्षा में शामिल हुए सभी परीक्षार्थियों को सम्मानित किया गया। 20 जुलाई से चल रहे इस परीक्षा में राज्य भर के अलग-अलग जिलों से 13 परीक्षार्थी शामिल थे। जिनकी कार्यशाला, लिखित परीक्षा, प्रायोगिक परीक्षा और अंतरविक्षा के क्रमशः लगातार सत्रों के बाद झारखंड बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा अभिप्रमाणित किया गया। यह परीक्षा दुमका बैडमिंटन एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित हुई थी। इस अवसर पर झारखंड बैडमिंटन एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अशोक जोशी, जिला सचिव दीपक झा, डॉ तुषार ज्योति, डीएसपी, मुख्यालय विजय कुमार, मो अकबर, शिशिर घोष, अंजनी शरण, राजीव सिंह आदि मौजूद थे। टूनार्मेंट में रांची के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। पुरुषो के सिंगल्स के विजेता बने सरायकेला के शांतनु शर्मा उपविजेता रहे प्रियांशु तिर्की। शांतनु ने सेमीफाइनल में एमानुएल कुजूर वेस्ट सिंहभूम को सीधे सेटों में 21- 16, 21- 14 से हराया। जबकी प्रियांशु तिर्की ने सेमीफाइनल में नीरज केशरी रांची को सीधे सेटों में 21- 17, 21- 19 से हराया। शांतनु और प्रियांशु के बीच खेले गए फाइनल का परिणाम 23- 21, 21- 12 रहा।

लडको के अंडर 19 मुकाबले का फाइनल मैच रौनक नेगी ईस्ट सिंहभूम और नीरज केशरी रांची के बीच खेला गया। रौनक नेगी ने सेमीफाइनल में हर्षित राज गुमला को सीधे सेटों में 21- 13 , 21- 19 से हराया। जबकि दूसरे सेमीफाइनल में नीरज केशरी ने गुमला के प्रियांशु तिर्की को 21- 11, 21- 13 से हराया। फाइनल मुकाबले में नीरज केशरी ने रौनक नेगी को सीधे सेटों में से हराया।

पुरुषो के डबल्स मुकाबलों में विनय सिंह और मुकेश कुमार की रांची की जोड़ी ने आकाश पंडित गिरिडीह और रमीज आलम वेस्ट सिंहभूम को 21- 14 ,22- 20 से हराकर डबल्स का खिताब अपने नाम किया।

महिलाओं के अंडर 19 फाइनल का खिताब योगिता बोरा रांची ने जीता , योगिता ने धनबाद की वैभवी मन को 17- 21, 21- 13 , 21- 13 से हराकर विजेता बनी। मिक्सड डबल्स के फाइनल मुकाबले की विजेता विनय सिंह और मनीषा तिर्की की जोड़ी बनी। जिसने फाइनल में एमानुएल कुजूर और योगिता बोरा की जोड़ी को हराया। महिलाओं के सिंगल्स मुकाबले राउंड रोबिन आधार पर लीग खेले गए थे। जिसकी विजेता बनी मनीषा रानी तिर्की और उपविजेता जीनत आरा बनी। दोनो ही खिलाड़ी रांची के हैं। लडको के अंडर 19 डबल्स मुकाबला हर्षित राज गुमला और नीरज केशरी रांची की जोड़ी ने फाइनल मुकाबले में सीधे सेटों में कीर्तन अग्रवाल ईस्ट सिंहभूम और लीलाधर उपाध्याय रांची की जोड़ी को 21- 10 , 21- 15 से हराया।

एक नजर में

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का प्रखण्ड स्तरीय बैठक सम्पन्न

टंडवा (चतरा)। स्थानीय नगर भवन में प्रखण्ड स्तरीय विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष भुनेश्वर साव व सन्चालन जिला मंत्री सुधीर कुमार ने किया। बैठक का मुख्य उद्देशय प्रखंड समिति को पूर्ण करना तथा टंडवा पंचायत के सभी 19 पंचायतों तक विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की समिति गठन करना है।

कलश यात्रा निकालकर किया जलाभिषेक

गुमला। वनवासी कल्याण केंद्र की बहनें तथा फसिया पंचायत के तर्री गांव के महिलाओं द्वारा रविवार को कलश यात्रा निकालकर शिवलिंग में जलाभिषेक किया। साबरी आश्रम कन्या छात्रावास की बहनों एवं तर्री गांव की माता बहने शिव मंदिर प्रांगण में एकत्रित होकर मुरली बगीचा गुमला स्थित तालाब से पंडित द्वारा संकल्प कर अपने अपने क्लाशों में जल लेकर शिव मंदिर तर्री में जलाभिषेक किया।

रुपये नहीं देने पर ऑटो चालक ने मालकिन को मारी गोली, रेफर

दुमका। पैसा नहीं देने पर आटो चालक रूपलाल हांसदा ने 35 वर्षीय संगीता किस्कू को गोली मार दी। घटना जिले के नगर थाना क्षेत्र के हांसदा क्लीनिक के सामने मांझी टोला में शनिवार की रात करीब दो बजे घटी। महिला के पेट में गोली लगी है। आसपास के लोगों ने गंभीर हालत में महिला को मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया। मांझी टोला की रहने वाली महिला अपने बेटा और बेटी के साथ रहती है। उसका एक आटो है, जिसे जामा थाना क्षेत्र के असंथर गांव का रहने वाला रूपलाल हांसदा चलाता है। रूपलाल रोज शाम को आटो लगाने घर पर लगाने के बाद अपने गांव चला जाता है। कभी कभार देर होने पर मालकिन के घर में भी रुक जाता है। पुलिस का कहना है कि रात को नशे में धुत आटो चालक ने महिला से पैसों की मांग की। इनकार करने पर दोनों में कहासुनी हुई, इसके बाद चालक महिला के पेट में गोली मारकर भाग गया। शोर सुनकर आसपास के लोग दौड़े और महिला को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। सूचना मिलने पर नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की। थाना प्रभारी अरविंद कुमार का कहना है कि महिला को बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया गया है।आरोपी चालक की तलाश में छापेमारी की जा रही है। घटना का कारण पैसों का लेनदेन सामने आ रहा है।

कला एवं विज्ञान संकाय के पीजी सेमेस्टर 1 का परीक्षा परिणाम जारी

दुमका। सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय का पीजी सेमेस्टर-1 परीक्षा का परीक्षा परिणाम जारी हुआ। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय प्रवक्ता दीपक कुमार दास ने दी। उन्होंने बताया कि स्नाकोत्तर सेमेस्टर 1 के कला एवं विज्ञान संकाय के विभिन्न विषयों का परीक्षा परिणाम परीक्षा विभाग ने जारी की है। कला संकाय के विभिन्न विषयों में कुल 4059 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। जिसमे से 91.18 फीसदी परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। विज्ञान के विभिन विषयों में कुल 387 परीक्षार्थी में से 87.34 फीसदी सफल हुए। परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय के आधिकारिक वेबसाइट पर रविवार से देखा जा सकता है।

महान गायक मुकेश कुमार के जन्मशताब्दी पर युवा कलाकारों ने किया श्रद्धासुमन अर्पित

दुमका। स्थानीय झारखंड कला केंद्र में सदी के महान गायक मुकेश कुमार की जन्मशदी रविवार को मनाई गई। 22 जुलाई 1923 को जन्मे हरदिल अजीज गायक मुकेश कुमार के एकसौवीं जन्म जयंती पर दुमका के युवा कलाकारों ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर समाजिक कला मंच के सचिव सह गायक कलाकार शशि सिन्हा ने कहा कि भारतीय सिनेमा जगत में कई बड़े गायक हुए। लेकिन मुकेश कुमार जैसा कोई नहीं। उनकी आवाज दिल को छू जाती थी। उनके गानों में जितनी सरलता, सहजता और मिठास था। उनके व्यक्तित्व में भी उतनी ही विनम्रता थी। मुकेश कुमार ना सिर्फ एक महान गायक थे। बल्कि एक महान इंसान भी थे। भारतीय सिनेमा संगीत को विश्व भर में पहचान दिलाने में उनकी आवाज का खासा योगदान है। मुकेश कुमार ने अपने समय के मशहूर फिल्म अभिनेता व निमार्ता निर्देशक, द ग्रेट शो मैन कहे जाने वाले राजकपूर को अपनी आवाज दी। मुकेश कुमार के अमर गीतों ने ना जाने कितने वर्षों से विश्व भर के संगीत श्रोताओं का मनोरंजन किया।

चापाकल गई बच्ची को सांप ने काटा, मौत

कोडरमा। तिलैया डैम ओपी अंतर्गत उरवां टोला निवासी दिनेश पासवान की 10 वर्षीय पुत्री अनोखी कुमारी की सर्पदंश से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार अनोखी कुमारी दिन में लगभग 3:30 बजे अपने घर से कुछ दूरी पर स्थित चापानल पर पानी लाने गई थी। इसी दौरान विषैले सर्प ने उसके पैर मेंघ डंक मार दी। बच्ची को सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मृतका की मां ने भीघ सांप देखे जाने से इनकार किया है। उसनेघ बताया कि उसके तीन बच्चे थे, जिसमें मृत बच्ची सबसे छोटी थी। उसके पति दिनेश पासवान बाहर में काम करते हैं। फिलहाल बच्ची की मौत के बाद उसकी मां का रो-रो कर बुरा हाल है।

होल्डिंग टैक्स निर्धारण अवधि तक की ब्याज माफ

झुमरीतिलैया (कोडरमा)। नगर विकास एवं आवास विभाग झारखंड सरकार की ओर से राज्य के चार नगर निकायों मानगो, जुगसलाई, झुमरी तिलैया एवं डोमचांच में 1 नवम्बर 2022 से 22 मार्च 2023 तक होल्डिंग टैक्स में लग रहे ब्याज की राशि को माफ कर दिया है। इस संबंध में विभाग के उप निदेशक कृष्ण कुमार की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि टैक्स निर्धारणघ की कार्रवाई को लेकर उक्त अवधि में चारों नगर निकायों में संग्रहण कार्य स्थगित रखा गया था।

शांति समिति की बैठक संपन्न

सतगावां (कोडरमा)। थाना परिसर में मोहर्रम को लेकर रविवार को शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख ललिता देवी एवं बीडीओ बैद्यनाथ उरांव एवं संचालन थाना प्रभारी आनंद कुमार साह ने किया। बैठक में मुहर्रम को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर लोगों से अपील की गई। बैठक में दोनों समुदाय के बुद्धिजीवियों ने मुहर्रम का त्यौहार शांतिपूर्ण माहौल में सौहार्द के साथ मनाने की बात कही गई। वहीं बीडीओ ने पर्व को आपसी भाईचारगी के साथ मनाने की अपील किया। साथ ही असामाजिक तत्वों के द्वारा समाज में द्वेष फैलाने वाले पर कड़ी नजर रखने की बात कही।

एसपी को आवेदन देकर लगाई न्याय की गुहार

जयनगर (कोडरमा)। थाना क्षेत्र अंतर्गत गोहाल निवासी सीता देवी पति डोमन भूइंया ने एसपी को आवेदन देकर गांव के कुछ लोगों पर मारपीट व छेडछाड करने का आरोप लगाया है। आवेदन में महिला ने कहा कि गोहाल स्थित उसके खाता नंबर 70, प्लॉट नंबर 653 के मध्यम भाग में उसका घर बना है। उक्त जमीन पर जबरन कब्जा करने की नियत से विनोद दास, सुरेश दास दोनों के पिता रामलाल दास, रामलाल दास पिता छतीस दास, करण दास व सचिन दास दोनों के पिता सुरेश दास, मनीष दास व मोहित दास दोनों के पिता विनोद दास ने उसके साथ मारपीट की और गाली गलौज तथा छेडखानी की।